राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 352
लखनऊ, सोमवार 24 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दिव्यांग से 14 लाख की जमीन हड़पने का आरोप 10

अकेले उत्तर प्रदेश पूरे देश को खिला सकता है चीनी : लक्ष्मीनारायण 03

# योगी ने रसोइयों को दिए चार उपहार

**1** एक हजार रु. मानदेय बढ़ा

**2** परिधान की राशि अब दोगुनी होगी

**3** पांच लाख तक मुफ्त कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा

**4** दो लाख का दुर्घटना बीमा कवर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से पहले ही 3.54 लाख रसोइयों को चार बड़े उपहार दिए। रसोइयों को अब 2 के बजाय 3 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। दुर्घटना होने पर रसोइयों और परिवार को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दो लाख रुपए की सहायता और प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए तक मुफ्त कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। इसके अलावा परिधान के लिए मिलने वाली राशि भी दोगुनी यानी, 500 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दी गई है।

रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सीएम ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कहा कि 9 साल पहले रसोइयों का मानदेय हजार रुपए था, वह भी कभी मिलता था, तो कभी नहीं मिलता था। गरीबों के हक पर डकैती डालने वाले सपाइयों व कांग्रेसियों की लूट को रोकने के लिए पीएम मोदी जी ने 55 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट खुलवाए। अब डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में राशि जाती है। रसोइयों के लिए अभी तक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं थी। कोई घटना-दुर्घटना, आपदा, पूर्ण दिव्यांग या मृत्यु होने पर परिवार असहाय हो जाता था। बेसिक शिक्षा परिषद ने भारतीय स्टेट बैंक से बातचीत कर तय कराया कि अकाउंट एसबीआई में खुलेगा, जिसमें रसोइयों का पूरा मानदेय जाएगा। यदि कोई अप्रिय स्थिति हुई, तो बैंक तत्काल दो लाख रुपए भी उपलब्ध कराएगा।

सीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के 1.42 लाख विद्यालयों में डेढ़ करोड़ बच्चे अध्ययनरत हैं। बच्चों को अलग-अलग दिन अलग-अलग प्रकार का आहार देना है। विद्यालय में रसोई साफ-सुथरी रहे, बच्चों को समय पर स्वच्छता के साथ साप्ताहिक मेन्यू के अनुरूप पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। इससे आपका सम्मान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने रसोइयों को सचेत करते हुए कहा कि इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



लखनऊ में मिड-डे मील रसोइयों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ छात्राओं ने सेल्फी ली।

**सीएम कंपोजिट स्कूल इसी वर्ष :** सीएम ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का मॉडल भी आने वाला है। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने अंतिम पायदान पर बैठे श्रमिकों के बच्चों के बारे में भी सोचा। 18 मंडलों में 18 अटल आवासीय विद्यालय बनाए गए, जहां 18 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं।

**केजीवी में अब 12वीं तक पढ़ाई :** बेसिक शिक्षा परिषद ने सभी 825 विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी विद्यालय बनाने का कायक्रम बढ़ाया। विद्यालय अब 12वीं तक चलेंगे। यहां आईसीटी लैब स्थापित किए जा रहे हैं।

### सपा को साफ कर देगी जनता : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि यह काम पहले इसलिए नहीं होता था, क्योंकि गरीब कभी सपा के एजेंडे में नहीं था। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि बबुआ ने बयान दिया है कि परिवार के सभी लोग सांसद हैं, इसलिए सपा-सपा बनी हुई है। हम कह रहे हैं कि जनता सपा को अगले चुनाव में हमेशा के लिए साफ कर देगी, क्योंकि ये लोग परिवार की खातिर गरीबों का शोषण करते थे। इन्होंने यूपी को गुंडा प्रदेश बना दिया था। जमीन पर कब्जा, बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। रोज दंगा-फसाद होता था। त्योहारों के पहले खुशी छीन ली जाती थी। विकास ठप था, क्योंकि प्रदेश के पास कुछ नहीं था। अब कोई बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाएगा तो यमराज के घर जाने का रास्ता तय है। सपाई तो बच्चों के मिड-डे मील पर भी डकैती डलवाते थे। अब यूपी दंगा व कर्फ्यू मुक्त हुआ तो विकास दिखाई दे रहा है। जो लोग कुछ नहीं कर पाए, वे सिर्फ आक्षेप लगाते हैं। सीएम ने कहा कि एक समय सपा ने नकल को जन्मसिद्ध अधिकार बना दिया था। कल्याण सिंह जी ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को पहचान दी थी, लेकिन सपा ने एक झटके में नकल से प्रदेश की अकल को नीलाम कर दिया था।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

रक्षाबंधन भाई की कलाई पर बंधने वाला **रक्षा-सूत्र मात्र नहीं, अपितु स्नेह, विश्वास और संकल्प का पावन पर्व है, जो परिवार को जोड़ता है,** समाज में आत्मीयता जगाता है तथा बहन-बेटियों के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वाभिमान के प्रति अपने दायित्व का स्मरण कराता है। 'श्रावण पूर्णिमा' के पावन अवसर पर इस वर्ष 28 अगस्त को मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे सनातन संस्कारों की इसी सुदृढ़ परंपरा का प्रतीक है।


इस पर्व से जुड़ी कथाएं भी स्नेह और संरक्षण के इसी भाव को साकार करती हैं। लोक परंपरा में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहता देख द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर बांध दिया। **द्रौपदी के इस स्नेह का प्रत्युत्तर श्रीकृष्ण ने संकट के समय उनकी रक्षा करके दिया।** इसी प्रकार, राजा बलि को रक्षा-सूत्र बांधकर माता लक्ष्मी ने उन्हें अपना भाई बनाया और भगवान विष्णु को अपने साथ ले आईं। ये प्रसंग बताते हैं कि स्नेह केवल संबंध नहीं बनाता, वह दायित्व और संरक्षण का भाव भी जगाता है।

**आज जब नई पीढ़ी तकनीकी उन्नयन के साथ आगे बढ़ रही है, तब इन संस्कारों को अपने आचरण का अंग बनाना और विवेक, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को महत्व देना पहले से अधिक आवश्यक है।** यही संस्कार हमारे परिवारों को सुदृढ़ करते हैं, समाज को एकजुट रखते हैं और संविधान की प्रस्तावना में निहित समानता, बंधुता और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त करते हुए राष्ट्र को शक्ति प्रदान करते हैं।

रक्षा का यही भाव एक संवेदनशील सरकार के संकल्प में भी दिखाई देता है। **हमारी सरकार ने विगत साढ़े नौ वर्षों में बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।** मिशन शक्ति तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और प्रगति को गति दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और निराश्रित महिला पेंशन योजना से सामाजिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। **रक्षाबंधन पर वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई माताओं-बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा इस वर्ष भी 27 से 29 अगस्त तक मिलेगी। इससे सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।**

**सभी प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।** मेरा आप सबसे आग्रह है कि रक्षा-सूत्र के संकल्प को अपने आचरण का हिस्सा बनाएं। **प्रत्येक बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लें। सुरक्षाबल, पुलिसकर्मियों और आपदा राहतकर्मियों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनके प्रति अपनत्व और कृतज्ञता प्रकट करें। साथ ही, स्थानीय स्तर पर निर्मित राखियों एवं उपहारों को प्राथमिकता दें।** आपका यह प्रयास स्थानीय श्रम, कौशल और उद्यम को प्रोत्साहन देगा तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को और सुदृढ़ करेगा।

आपका
योगी आदित्यनाथ



सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,63,240/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,49,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,22,470/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



## घी में मिलावट: तीन ब्रांडों की बिक्री पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

घी में मिलावट की शिकायतों और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने नई दिल्ली की मार्शे रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का खाद्य कारोबार लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। वहीं, दमन स्थित एसडीपी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के सभी प्रकार के घी की बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है।




एफएसएसएआई के अनुसार, दोनों कंपनियों के परिसरों की जांच और बाद की पड़ताल में खाद्य सुरक्षा से जुड़े गंभीर उल्लंघन सामने आए। इसके बाद संबंधित कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एसडीपी इंडस्ट्रीज के जिन घी उत्पादों के नमूनों की जांच की गई, उनमें श्रद्धा, श्री सरस और गोकुल ब्रांड भी शामिल हैं। प्रयोगशाला जांच में इन नमूनों में ए-साइटोस्टेरॉल पाया गया। एफएसएसएआई के मुताबिक यह वनस्पति स्टेरॉल है, जो घी में मौजूद नहीं होना चाहिए।

### अयोध्या में मछली भोज पर विवाद, संतों में आक्रोश

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अयोध्या दौरे के दौरान तारुन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कथित मछली भोज को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

सावन और एकादशी के दिन आयोजित बताए जा रहे इस भोज पर संत समाज ने नाराजगी जताते हुए इसे सनातन आस्था और अयोध्या की धार्मिक मर्यादा से जोड़कर कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा है।

### संक्षिप्त समाचार

#### मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल पर आपराधिक अवमानना का मामला

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोंडा की सिविल जज से कथित फोन पर बातचीत और दबाव डालने के मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने प्रथमदृष्टया इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप माना और मामले को आपराधिक अवमानना के लिए संदर्भित करने का निर्देश दिया। मामला गोंडा के करीब तीन दशक पुराने भूमि विवाद से जुड़ा है।

#### ऑक्सीजन के इंतजाम में 4 घंटे रुकी उड़ान

**रांची।** बेंगलुरु से रांची आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में रविवार को एक यात्री को सांस लेने में परेशानी हुई। चालक दल ने उसे ऑक्सीजन दी। यात्री की हालत स्थिर रही। इसके बाद पर्याप्त ऑक्सीजन बोतलों की व्यवस्था में समय लगने से रांची से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान चार घंटे 16 मिनट देर से रवाना हुई। मामले को तत्काल सरकार ने भी संज्ञान में ले लिया है।

#### बंगाल में रक्षा उत्पादन को मिलेगी रफ्तार

**कोलकाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल में करीब 3,400 करोड़ रुपये की पांच रक्षा परियोजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जीआरएसई की रायचक, कोलाघाट और तमलुक में शिपबिल्डिंग सुविधाओं के विस्तार के साथ इशापुर में यंत्र इंडिया के उन्नत फोर्जिंग प्लांट शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं से रक्षा उत्पादन, जहाज निर्माण, स्वदेशी तकनीक और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत को वैश्विक शिपबिल्डिंग हब बनाने पर जोर दिया।

#### केंद्र में 8.23 लाख पद खाली

**नई दिल्ली।** आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, 1 मार्च 2024 तक केंद्र सरकार के विभिन्न सिविलियन विभागों में 8,23,656 पद रिक्त थे। कुल 39.23 लाख स्वीकृत पदों में 30.99 लाख पर कर्मचारी कार्यरत थे। रक्षा मंत्रालय में 2.42 लाख, रेलवे में 2.40 लाख और गृह मंत्रालय में 1.10 लाख से अधिक पद खाली बताए गए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता चंद्र शेखर गौर ने रिक्त पदों को मिशन मोड में भरने की मांग की है। मामले को लेकर अब सियासत गर्म होने की उम्मीद जताई जा रही क्योंकि विपक्षी दल लगातार रिक्त पदों को भरने को लेकर आवाज उठाते रहे हैं।

## इमरान मसूद की बेटी से मारपीट

- भतीजे ने शायान मसूद पर लगाए गंभीर आरोप
- राजनीतिक गतिविधि के बाद बढ़ा विवाद

**समृद्धि न्यूज, सहारनपुर।**

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के परिवार में चल रहा विवाद अब सार्वजनिक हो गया है। इमरान मसूद के भतीजे हमजा नोमान मसूद ने शनिवार को फेसबुक लाइव कर अपने बहनोई शायान मसूद और उनके पिता शादान मसूद पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि शायान मसूद ने उनकी बहन के साथ मारपीट की और इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया।

हमजा नोमान मसूद के मुताबिक, शायान मसूद के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद परिवार के भीतर विवाद और गहरा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से परिवार को तोड़ा जा रहा है। फेसबुक लाइव के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी बहन के साथ कथित तौर पर ज्यादती हुई है और वह इस मामले को लेकर बेहद आहत हैं। शायान मसूद के समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद से ही परिवार के भीतर मतभेद की चर्चा सामने आने लगी थी। अब इमरान मसूद के भतीजे के सार्वजनिक बयान ने विवाद को और तूल दे दिया है। हमजा नोमान ने अपने वीडियो में परिवार के संबंधों और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कई सवाल उठाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीति के लिए पारिवारिक रिश्तों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। फेसबुक लाइव में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

खबर लिखे जाने तक शायान मसूद या उनके पिता शादान मसूद की ओर से इन आरोपों पर विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। ऐसे में मारपीट और घर से निकाले जाने के आरोपों को फिलहाल आरोप के तौर पर ही देखा जाना चाहिए। परिवार के इस विवाद के सार्वजनिक होने के बाद सहारनपुर की राजनीति में भी इसकी चर्चा तेज हो गई है।

### शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे : 64 गावों की जमीनों की खरीद पर रोक

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण की दिशा में अब भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के लिए जिले की दो तहसीलों के 64 गांवों की जमीनों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने संबंधित गांवों के राजस्व मानचित्र और भूमि अभिलेख भी तलब किए हैं। प्रस्तावित एक्सप्रेसवे बलरामपुर तहसील के 14 और उतरौला तहसील के 50 गांवों से होकर गुजरने की योजना है। इन गांवों में एक्सप्रेसवे के संभावित एलाइनमेंट में आने वाली जमीनों को चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासनिक स्तर पर राजस्व अभिलेखों का मिलान कराया जा रहा है, ताकि अधिग्रहण की कार्रवाई में किसी तरह की परेशानी न आए। बताया गया है कि करीब 700 किलोमीटर लंबा छह लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना होगी। इसके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों के बीच आवागमन आसान होने और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

## बंगाल की खाड़ी में मालवाहक जहाज लापता, 22 क्रू सदस्य गायब

- समुद्र में बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

ओडिशा के पारादीप बंदरगाह से चीन के लिए रवाना हुआ मालवाहक जहाज एमवी ओशन विनर बंगाल की खाड़ी में लापता हो गया है। जहाज पर 24 विदेशी क्रू सदस्य सवार थे। इनमें से दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 22 अन्य अब भी लापता हैं। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने समुद्र में बड़े पैमाने पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया है।

लापता जहाज की तलाश के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस वराद, आईएनएस अनमोल और आईएनएस विजित को अभियान में उतारा है। तटरक्षक बल की पारादीप स्थित टीम भी अपने पोत के साथ समुद्री क्षेत्र में खोज कर रही है।

अधिकारियों के अनुसार, एमवी ओशन विनर 20 अगस्त की रात पारादीप बंदरगाह से चीन के लिए रवाना हुआ था। जहाज पर करीब 72 हजार मीट्रिक टन लौह अयस्क लदा था। म्यांमार के रास्ते चीन की ओर बढ़ते समय जहाज से संपर्क टूट गया।



बताया गया है कि पारादीप से करीब 220 समुद्री मील दूर पोर्ट ब्लेयर क्षेत्र के पास समुद्री सीमा में जहाज का पता नहीं चल पाया। इसके बाद भारतीय एजेंसियों ने तत्काल खोज और बचाव अभियान शुरू किया।

एमवी ओशन विनर पर कुल 24 विदेशी क्रू सदस्य सवार थे। इनमें 20 चीनी, तीन म्यांमार और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं।

## फिर सड़क पर उतरेंगे कॉकरेच

- सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप
- सीजेपी ने दी आंदोलन की चेतावनी
- 24 को बैठक में तय होगी आगे की रणनीति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कॉकरेच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्र सरकार पर आंदोलन खत्म कराने के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। संगठन ने कहा है कि यदि सरकार अपने आश्वासनों को पूरा नहीं करती है तो देश में फिर से शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया जा सकता है। सीजेपी ने आगे की रणनीति तय करने के लिए 24 अगस्त को बैठक बुलाई है।

सीजेपी के मुताबिक, जंतर-मंतर पर लंबे समय तक चले आंदोलन को समाप्त कराने के दौरान सरकार की ओर से प्रदर्शनकारियों की मांगों पर आश्वासन दिया गया था। संगठन का आरोप है कि आंदोलन खत्म होने के बाद सरकार उन वादों को लागू करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। सीजेपी ने कहा कि युवाओं से किए गए वादों को कमजोर करना, टालना या उनकी नई व्याख्या करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीजेपी ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया है। संगठन का दावा है कि अदालत की ओर से संबंधित मामलों और एफआईआर को लेकर जानकारी मांगे जाने के बावजूद सरकार ने अब तक आवश्यक सूची उपलब्ध नहीं कराई है। सीजेपी ने इसे आंदोलन के दौरान किए गए आश्वासनों के विपरीत बताया है। संगठन के नेताओं का कहना है कि आंदोलन समाप्त करने के बाद सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की प्रक्रिया किस स्तर पर पहुंची है और इसे कब तक पूरा किया जाएगा। सीजेपी ने चेतावनी दी है कि यदि इन मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को दोबारा तेज किया जा सकता है।

**नई उड़ान**

### मोदी से मिले 20 स्पेस स्टार्टअप्स के फाउंडर्स, नया इकोसिस्टम खड़ा करने की तैयारी

## अंतरिक्ष में पेट्रोल पंप लगेंगे, दवाइयां भी बनेंगी व स्पेस का कचरा होगा साफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत अब अंतरिक्ष में सिर्फ रॉकेट और सैटेलाइट भेजने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वहां एक नया इकोसिस्टम खड़ा करने की तैयारी में है। अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स को ईंधन उपलब्ध कराने के लिए स्पेस पेट्रोल पंप, खराब और निष्क्रिय सैटेलाइट्स को हटाने के लिए रोबोटिक सिस्टम और शून्य गुरुत्वाकर्षण में दवाइयां तैयार करने जैसी तकनीकों पर भारतीय स्पेस स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों देश के 20 प्रमुख स्पेस स्टार्टअप्स के संस्थापकों से मुलाकात कर उनके प्रोजेक्ट और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। इस बातचीत का वीडियो शनिवार को जारी किया गया।

प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप संस्थापकों को भरोसा दिलाया कि अंतरिक्ष क्षेत्र में नए प्रयोग और जोखिम उठाने वाले उद्यमियों को सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए, जहां दुनिया भर के वैज्ञानिक और प्रतिभाशाली इंजीनियर स्पेस सेक्टर में करियर बनाने के लिए भारत का रुख करें।

हैदराबाद की स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने प्रधानमंत्री को अपनी लॉन्च क्षमता के विस्तार की योजना बताई। कंपनी के मुताबिक उसने तीन फैक्ट्रियां तैयार कर ली हैं, जिनमें हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता है। कंपनी का लक्ष्य शुरुआत में हर महीने एक रॉकेट लॉन्च करने का है। इसके बाद हर सप्ताह एक और भविष्य में प्रतिदिन कई रॉकेट लॉन्च करने की क्षमता विकसित करने की योजना है। कंपनी ने प्रधानमंत्री को अपने सफल ऑर्बिटल लॉन्च की जानकारी भी दी। इसके बाद भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में नियमित रॉकेट लॉन्च की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। भारतीय स्टार्टअप अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए डॉकिंग और रीफ्यूलिंग तकनीक विकसित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट्स से जुड़कर उन्हें दोबारा ईंधन उपलब्ध कराना है। मौजूदा समय में सैटेलाइट का ईंधन खत्म होने पर उसका परिचालन प्रभावित हो सकता है और उसका मिशन समय से पहले समाप्त हो जाता है। रीफ्यूलिंग तकनीक सफल होने पर सैटेलाइट्स की परिचालन अवधि बढ़ाने में मदद मिल सकती है। अंतरिक्ष में बढ़ रहे स्पेस डेब्रिस यानी निष्क्रिय सैटेलाइट्स और दूसरे मलबे को हटाने की दिशा में भी भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं। इसके लिए ऐसे रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट विकसित किए जा रहे हैं, जो निष्क्रिय सैटेलाइट्स को पकड़कर उनकी कक्षा बदलने या उन्हें ऑर्बिट से हटाने में मदद कर सकें। स्पेस डेब्रिस भविष्य के मिशनों के लिए बड़ी चुनौती बन रहा है। ऐसे में मलबा हटाने वाली तकनीक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण कारोबार बन सकती है।



स्पेस फार्मा भी भारतीय स्टार्टअप्स के नए प्रयोगों का हिस्सा है। कुछ कंपनियां ऐसे प्लेटफॉर्म विकसित कर रही हैं, जहां अंतरिक्ष के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वाले वातावरण में दवाइयों, प्रोटीन और अन्य जैविक पदार्थों पर प्रयोग किए जा सकें। शून्य या सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में पदार्थों के व्यवहार में बदलाव के कारण कुछ प्रक्रियाओं को धरती की तुलना में अलग तरीके से अंजाम दिया जा सकता है। इससे भविष्य में बेहतर गुणवत्ता वाले फार्मास्यूटिकल उत्पाद विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। स्पेस सेक्टर में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका के बीच अमेरिका और यूरोप में काम कर रहे भारतीय इंजीनियरों और विशेषज्ञों के भारत लौटने का रुझान भी सामने आया है।



> देश की अंतरिक्ष यात्रा में निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी ने भारत को वैश्विक निवेश, कंपनियों और प्रतिभाओं के लिए 'मैग्नेट' बना दिया है।
> – नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)

### जंतर-मंतर पर 7 नवंबर से भूख हड़ताल करेंगे रिटायर्ड अर्धसैनिक जवान

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के सेवानिवृत्त जवानों और कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। ऑल एक्स-पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले रिटायर्ड जवान आगामी 7 नवंबर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। एसोसिएशन का मुख्य विरोध हाल में लागू हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) अधिनियम, 2026 को लेकर है। इसके अलावा पूर्व जवान पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने और सीएपीएफ में डेपुटेशन पर आने वाले आईपीएस अधिकारियों के बढ़ते वर्चस्व को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। एसोसिएशन के सचिव रणबीर सिंह का आरोप है कि केंद्र सरकार उनकी मांगों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। उनका कहना है कि नए कानून से सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर प्रभावित होंगे और वरिष्ठ पदों पर आईपीएस अधिकारियों की भूमिका बढ़ेगी।

# आयुष्मान कार्ड में संशोधन अब हुआ आसान

- सरकार ने लॉन्च किया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल
- सीएचसी और जिला अस्पताल में दूर होंगी त्रुटियां




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। यदि आपके आयुष्मान कार्ड में पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता या मोबाइल नंबर जैसी कोई त्रुटि दर्ज हो गई है, तो अब उसे आसानी से सुधारा जा सकता है। सरकार ने इसके लिए एक नया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी के स्वयं के नाम को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के संशोधनों को दुरुस्त कराने की सुविधा शुरू कर दी गई है।

**पात्र लाभार्थियों की विसंगतियां होंगी दूर:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए पोर्टल पर दर्ज लाभार्थी का विवरण और आधार व राशन कार्ड के विवरण में 80 फीसदी मिलान अनिवार्य होता है। कुछ मामलों में पिता का नाम, उम्र या पते में मामूली अंतर होने के कारण सिस्टम कार्ड जारी नहीं कर पाता था। जिसकी वजह से पात्रता होते हुए भी लाभार्थी योजना से वंचित रह जाता था, नए डाटा मैनेजमेंट पोर्टल के जरिए अब इन तकनीकी विसंगतियों को दुरुस्त किया जा सकेगा, जिससे छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के कार्ड भी तेजी से बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब तक 10.65 लाख से अधिक लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। संशोधन कराने के लिए छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल अथवा सीएमओ कार्यालय स्थित आयुष्मान हेल्प डेस्क पर संपर्क करना होगा। सुरक्षा कारणों से मूल लाभार्थी का नाम बदलने की अनुमति नहीं है, लेकिन अन्य सभी विवरण आधार के अनुसार अपडेट किए जा सकते हैं।

**पात्रों को मिले निर्बाध उपचार का लाभ:** मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि सरकार की मंशा हर पात्र व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे को निर्देश दिए हैं कि गांव-गांव तक इस सुविधा की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति तकनीकी त्रुटि के कारण इलाज से वंचित न रहे।

### आधार व राशन कार्ड लेकर पहुंचें केंद्र

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि कार्डधारक अपने जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। वहां तैनात ऑपरेटर पोर्टल पर विवरण अपलोड कर संशोधन की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

### इन विवरणों में करा सकते हैं बदलाव

| | |
|---|---|
| जन्मतिथि एवं आयु | पिता अथवा पति का नाम |
| जेंडर (महिला/पुरुष) | मोबाइल नंबर एवं आवासीय पता |

# 90 हजार क्विंटल चीनी के स्टॉक की हुई जांच

- कालाबाजारी पर सरकार सख्त
- आईपीएल चीनी मिल में हुई छापेमारी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में चीनी की कालाबाजारी पर सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए जिला गन्ना अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने जरवल रोड स्थित आईपीएल चीनी मिल में छापेमारी की।

इस दौरान मिल में मौजूद 90 हजार क्विंटल चीनी के स्टॉक की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने मिल के गोदामों में रखी चीनी का पूरा रिकॉर्ड चेक किया और यह सुनिश्चित किया कि कहीं कालाबाजारी या जमाखोरी तो नहीं हो रही। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने प्रदेश भर में ऐसी कार्रवाई तेज कर दी है ताकि आम लोगों को उचित दाम पर चीनी मिल सके। बहराइच प्रशासन की यह कार्रवाई इस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए सरकार ने जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया है। चीनी जैसी रोजमर्रा की चीजों की कालाबाजारी रोकने के लिए अलग-अलग जिलों में अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला गन्ना अधिकारी शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं है। यह छापेमारी उत्तर प्रदेश में चीनी की कीमतों को स्थिर रखने की सरकारी मुहिम का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अगर किसी मिल या व्यापारी के खिलाफ कालाबाजारी या जमाखोरी का सबूत मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आने वाले दिनों में ऐसी और छापेमारी की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### चोरी के मामले में कार्रवाई, दो वांछित गिरफ्तार



बहराइच। रामगांव थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश करने के लिए रवाना किया। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार के निर्देशन में थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। रविवार 23 अगस्त को उपनिरीक्षक नन्दकिशोर सिंह, हेड कांस्टेबल अमरजीत, कांस्टेबल बादल सिंह और कांस्टेबल अंकित सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर डाढ़े खजूर से आढ़ीपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर सुबह करीब 10:20 बजे दो वांछित अभियुक्तों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सहाबुद्दीन (25) पुत्र अली बहादुर और मुन्ना (23) पुत्र अली बहादुर, निवासी ग्राम तारापुर खुर्द, थाना रामगांव, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्त थाना रामगांव में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 298/2026, धारा 305(), 331(4) और 317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित थे।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए रवाना कर दिया गया।

### जिले में तेज बारिश, तापमान पांच डिग्री गिरा



बहराइच। जिले में रविवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। शहर समेत ग्रामीण इलाकों में दोपहर करीब 12 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग 30 मिनट तक हुई इस बारिश से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। तापमान गिरने से लोगों को लंबे समय से चली आ रही उमस और गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, जो दोपहर होते-होते तेज हवाओं के साथ बारिश में बदल गए। कुछ ही देर में बारिश ने रफ्तार पकड़ ली, जिससे शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर पानी जमा हो गया। बारिश के कारण बाजारों और सड़कों पर आवाजाही भी प्रभावित हुई।बारिश के बाद तापमान गिरकर करीब 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे न केवल आम जनता को राहत मिली, बल्कि किसानों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद साबित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश से खेतों में नमी बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार का दिनभर आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। जिले के कई इलाकों में हल्की से तेज बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### यातायात पुलिस ने 602 वाहनों पर की कार्रवाई



बहराइच। जिले में ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा अभियान चलाया है। इस दौरान नियम तोड़ने वाले कुल 602 वाहनों का चालान काटा गया और 8 लाख 12 हजार 800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने 4 वाहनों को सीज भी किया है। अभियान के दौरान सबसे ज्यादा 109 चालान तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों के काटे गए। इसके अलावा दोपहिया वाहनों पर तीन लोगों को बैठाकर चलाने के 37 मामले पकड़े गए और उन पर कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने 2 ऐसी कारों से ब्लैक फिल्म हटवाई जो कानून के खिलाफ काले शीशे लगाकर चल रही थीं। इन मामलों में एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस ने इस मौके पर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। उन्हें समझाया गया कि तय गति सीमा में ही वाहन चलाएं और दोपहिया वाहनों पर दो से ज्यादा सवारी न बैठाएं। पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा और बेहतर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चलाया गया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें और लापरवाही से बचें।

### चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के नानपारा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर चल रही कार्रवाई के तहत थानाध्यक्ष गुरसेन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम को यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम की निगरानी में यह ऑपरेशन पूरा किया गया। मामले की शिकायत जोगेन्द्र पुत्र राम चन्दर ने 21 अगस्त 2026 को दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि 18-19 अगस्त की रात उनके घर में चोरी हुई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, रुस्तम पुत्र उमेश और दुर्गेश पुत्र जोगेन्द्र ने चोरी का सामान अशरफुल पुत्र मोहम्मद इस्माईल की इमामगंज चौराहे स्थित दुकान पर बेच दिया था। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों अशरफुल (55 वर्ष), रुस्तम (20 वर्ष) और दुर्गेश (20 वर्ष) को हिरासत में ले लिया। तीनों आरोपी बदलू भगत पुरवा और मोहम्मद पड़ाव इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक बटुला, एक कलछुल और चार थालियां बरामद कीं।जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के लिए रवाना कर दिया। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष गुरसेन सिंह के अलावा उपनिरीक्षक विकास वर्मा, कामेश्वर राय, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल संजय कुमार, रिजर्व कांस्टेबल विकास कुमार, शुभम यादव, हेड कांस्टेबल लालचन्द यादव और कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे। इस सफल कार्रवाई के साथ पुलिस ने इलाके में अपराध पर लगाम कसने की दिशा में एक और कदम उठाया है।

### राहत कार्य में बाधा पर प्रशासन सख्त, दो पर मुकदमा

रामसनेहीघाट/बाराबंकी। सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य के दौरान राजस्व टीम के साथ अभद्रता तथा सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय के निर्देश पर कराई गई है। तहसील क्षेत्र के जलालपुर तराई, ढेमा, गुनौली, टिकरी और कोयलवारा गांवों में प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। नौ अगस्त को राजस्व टीम राहत सामग्री वितरित कर वापस लौट रही थी। आरोप है कि ढेमा गांव निवासी सुनील और विनोद कुमार ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और उन्हें नदी में डुबोकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों पर नदी किनारे खड़े राजस्व विभाग के वाहनों और मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए क्षेत्रीय लेखपाल कपिल देव सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए। लेखपाल की तहरीर पर दरियाबाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली कटौती से नाराज होकर लगाया जाम

- स्टेशन रोड पर जुटे, दो घंटे बाद जाम हटा

समृद्धि न्यूज, बहराइ।



शनिवार देर रात बिजली कटौती से नाराज हनुमानपुरी कॉलोनी के लोगों ने रेलवे स्टेशन रोड पर जाम लगा दिया। लगातार बिजली की आवाजाही, लंबे समय तक आपूर्ति ठप रहने और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जाम के कारण रेलवे स्टेशन, रामघाट रोड और डिगिहा तिराहा जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि हनुमानपुरी कॉलोनी में आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इसके अलावा लो वोल्टेज की समस्या के कारण घरेलू उपकरण भी ठीक से नहीं चल पाते हैं। शनिवार देर रात तक बिजली नहीं आने पर लोगों का धैर्य जवाब दे गया और वे सड़क पर उतर आए। जाम की सूचना मिलते ही दरगाह थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस के समझाने के करीब दो घंटे बाद लोगों ने जाम हटा दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# सावन महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

- बच्चों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




भारत विकास परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रकल्प संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत लखनऊ रोड स्थित हरियाली रिसॉर्ट में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देके लोगों का मन मोह लिया।

महोत्सव में संस्था के सदस्यों ने सपरिवार उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष भारत विकास परिषद राजेश गोयल ने बताया कि समारोह की शुरुआत परिषद के मार्गदर्शक राकेश रस्तोगी एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। ÷चटपटा खाओ झूम जाओ, गम सारे भूल जाओ÷ के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियों की धूम रही। महिलाओं और बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महिला सहभागिता प्रमुख डॉ प्रियंका रावत ने बताया कि वन मिनट कपल्स गेम्स और अंताक्षरी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहीं, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक राकेश दोचानिया, श्याम सुन्दर अग्रवाल, प्रमोद जायसवाल और निकुंज केडिया की प्रमुख भूमिका रही। सांस्कृतिक प्रकल्प का दायित्व ज्योति बंसल, अनीता गोयल, शिल्पी अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, निकिता काबरा, सोनिया टेकड़ीवाल एवं पायल गुप्ता ने कुशलतापूर्वक संभाला।

### चलती कार में लगी आग, बैनामा लेखक की जलकर मौत


राजनारायण वर्मा, मृतक

समृद्धि न्यूज, मसौली बाराबंकी। माँ से मिलने के लिए निकले एक 50 वर्षीय बैनामा लेखक की माँ की छाव के कुछ फ़ासले से पूर्व चलती कार मे लगी आग से जलकर मृत्यु हो गयी।बेटे के इंतजार मे बैठी वृद्ध माँ बेटे की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गयी। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम बरियारपुर निवासी 50 वर्षीय राजनरायण वर्मा पुत्र मेवालाल जो बाराबंकी रजिस्ट्री कार्यालय मे बैनामा लेखक का कार्य करते है तथा शहर के मोहल्ला विजयनगर मे पत्नी के साथ रहते है।रविवार को अपनी वृद्ध माँ से मिलने के लिए अपनी वैगनआर कार नंबर यूपी 41 आर 8292 से निकले थे और पहले बघौरा चौराहे पर स्थित अपने छोटे भाई रिंकू वर्मा की हार्डवेयर की दुकान पर गये।भाई से मिलने के बाद राजनरायण वर्मा हाइवे से बरियारपुर गाँव जाने वाली सड़क पर जा रहे थे। गाँव एव माँ से चंद फ़ासले पर ही अचानक कार मे आग लग गयी और देखते ही देखते कार आग का गोला बन गयी।चारो तरफ से आग से घिरी कार से राजनरायण वर्मा निकल नही पाए और कार मे ही जल कर मृत्यु हो गयी।सूचना मिलते ही सीओ सदर आलोक पाठक,थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर चौरसिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।फ़ायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया लेकिन तब तक राज नारायण वर्मा की मौत हो चुकी थी। सफदरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस कार में आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मृतक की एक पुत्री व एक पुत्र है पुत्री की शादी हो चुकी है तथा पुत्र चेन्नई मे पढ़ाई कर रहा है।

# बाढ़ पीड़ित राहत में न हो कोई कमी : सतीश

समृद्धि न्यजू, बाराबंकी।



खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने शनिवार को सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा कर पीड़ित परिवारों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि बाढ़ की विभीषिका झेल रहे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि प्रभावित परिवारों तक समय से भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई जाए।

राज्य मंत्री ने एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय के साथ उमरहरा, बसंतपुर, सेमरी, अतरसुइया और सिकरी गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और जरूरतमंद परिवारों को राहत किट वितरित की। किट में आटा, दाल, चावल, नमक सहित रोजमर्रा के उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल रही। सरयू नदी के तटवर्ती दो दर्जन से अधिक गांवों में हर वर्ष बाढ़ के कारण हजारों परिवार प्रभावित होते हैं। राज्य मंत्री ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों तक हरसंभव मदद तत्काल पहुंचाई जाए।

एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रभावित गांवों में लगातार चिकित्सकीय टीमें भेजी जा रही हैं। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए बाढ़ चौकियों पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। राजस्व टीमें गांवों में लगातार निगरानी कर रही हैं और ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान चेयरमैन जगदीश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू, भाजपा कार्यकर्ता, तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर हुआ विराट कवि सम्मेलन

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।




पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर भवानी पैलेस रामनगर मे आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी और भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एंव दीप प्रज्ज्वलित कर श्री गणेश किया।कवियत्री दिव्यांशी अवस्थी ने तुम ज्ञान की हो देवी मुझे ज्ञान चाहिये से कार्यक्रम की शुरुवात की।कवि मंच का संचालन कवि नीरज निर्मोही ने किया।कवि सम्मेलन में नवल सुधांशु नीरज निर्मोही,शशि श्रेया शिवेश,राजा कमलाकांत तिवारी, रजत मिश्रा ईशा मिश्रा प्रमोद पंकज विशाल मिश्रा सौम्य रणधीर सिंह और संयोजक हर्ष प्रधान तथा जाहनवी ओझा सहित कई कवियो ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।राष्ट्र प्रेम से लेकर हास्य-व्यंग्य और वीर एंव श्रृंगार रस के महासंगम में श्रोता देर रात्रि तक गोता लगाते रहे।अटल जी के व्यक्तित्व पर केंद्रित रचनाओं की जमकर सराहना हुई। कवि सम्मेलन के मुख्य अथिति एमएलसी अंगद सिह और आयोजक भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने कलमकारों के साथ वरिष्ठजनो को अंगवस्त्र एंव भोलेनाथ की प्रतिमा और डायरी, पेन देकर सम्मानित किया। आचार विचार और संस्कार के महासंगम मे आयोजक गदगद नजर आये।इस मौके पर पूर्व शिक्षक देवी प्रसाद मिश्र,रवि कान्त पांडे,पवन ओझा,प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या जागरुकजन मौजूद रहे।

### मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में अतिथि संकाय के लिए आवेदन आमंत्रित

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, में स्कूल ऑफ जनरल एंड एप्लाइड इकोनॉमिक्स के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम के लिए अतिथि संकाय की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन संख्या माँपा0वि0/कु0संका0/2026-1409 के अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 28 अगस्त 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अतिथि संकाय की नियुक्ति विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्कूल ऑफ जनरल एंड एप्लाइड इकोनॉमिक्स प्रोग्रामिंग के लिए की जाएगी। पात्रता, विषयवार आवश्यक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया, मानदेय तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.mpublp.ac.in पर उपलब्ध विज्ञापन का अवलोकन कर सकते हैं।

# 150 से ज्यादा युवाओं को मिला 'अपनों' जैसा सहारा

- नारायण फाउंडेशन ने संभाली जिम्मेदारी
- परीक्षार्थियों ने कहा-यह मदद नहीं हौसला है

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में महीनों की मेहनत और परीक्षा से ठीक पहले दूसरे जिले में ठहरने की चिंता... ऐसे समय में अम्बेडकरनगर पहुंचे 150 से अधिक लोअर पीसीएस परीक्षार्थियों के लिए नारायण फाउंडेशन उम्मीद का सहारा बनकर सामने आया। फाउंडेशन ने बाहरी जिलों से आए अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने, भोजन, नाश्ते और परीक्षा केंद्र तक आवागमन की व्यवस्था की।

मौर्या स्टेट मैरिज लॉन में की गई व्यवस्था का लाभ दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, बलिया और गाजीपुर समेत विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों ने उठाया। परीक्षा से एक दिन पहले पहुंचने वाले युवाओं के लिए साफ-सुथरे कमरों में ठहरने के साथ भोजन और सुबह नाश्ते की व्यवस्था की गई।

परीक्षार्थियों ने कहा कि दूसरे जिले में परीक्षा केंद्र होने पर सबसे बड़ी चिंता रुकने और खाने की होती है। परीक्षा के समय होटल पहले ही भर जाते हैं। ऐसे में नारायण फाउंडेशन की व्यवस्था ने उनकी बड़ी चिंता दूर कर दी। अभ्यर्थियों के मुताबिक, उन्हें ऐसा माहौल मिला जिसमें वे बिना किसी अतिरिक्त तनाव के परीक्षा की तैयारी कर सके।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थारू जनजाति संग्रहालय को मिली बड़ी पहचान

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

जनपद की समृद्ध थारू जनजातीय संस्कृति एवं समुदाय आधारित पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है।

जनपद के इमलिया कोडर स्थित 'थारू जनजाति संग्रहालय एवं सजीव धरोहर परिदृश्य का चयन प्रतिष्ठित इंडियन सबकॉन्टिनेंट रिस्पांसिबल टूरिज्म) अवार्ड 2026 के फाइनलिस्ट के रूप में किया गया है।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आई आर सी टी) द्वारा घोषित भारतीय उपमहाद्वीप उत्तरदायी पर्यटन पुरस्कार-2026 के फाइनलिस्ट में भारत, नेपाल और श्रीलंका से कुल 22 उत्कृष्ट पहल शामिल हैं। इन पहलों का चयन उत्तरदायी पर्यटन के क्षेत्र में उनके प्रभावी कार्य, नवाचार, अन्य स्थानों पर अपनाए जा सकने वाले मॉडल, व्यापक प्रभाव तथा सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर किया गया है। थारू जनजाति संग्रहालय एवं सजीव धरोहर परिदृश्य, इमलिया कोडर का इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल होना जनपद बलरामपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह पहचान थारू जनजाति की विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन, लोककला, पारंपरिक ज्ञान एवं प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन पद्धति को संरक्षित करते हुए पर्यटन से जोड़ने के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करती है।

# डी-टॉक शो में विद्यार्थियों का दिखा आत्मविश्वास

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।




एनटीपीसी टांडा के डालिम्स विद्यालय में आयोजित 'साहित्य संगम' के दौरान 'डी-टॉक शो' विद्यार्थियों की जिज्ञासा, तार्किक सोच और अभिव्यक्ति का आकर्षक मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख राजीव सिन्हा ने विद्यार्थियों के साथ सीधे संवाद किया। विद्यार्थियों ने बेझिझक सवाल पूछे और विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी रखे।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने केवल श्रोता की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि सवाल-जवाब के जरिए संवाद को जीवंत बनाए रखा। उनके सवालों में जिज्ञासा के साथ तर्क और समझ की झलक दिखाई दी। सहज वातावरण में हुए इस संवाद ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें स्वतंत्र चिंतन और प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया।

# एक धमाके ने उजाड़ दी गृहस्थी, डेढ़ लाख रुपये भी जलकर राख

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



खाना बनाते समय अचानक गैस पाइप में लगी आग ने एक परिवार की पूरी गृहस्थी तबाह कर दी। आग सिलेंडर तक पहुंची तो तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। देखते ही देखते घर आग की लपटों से घिर गया।

भैंस खरीदने के लिए जुटाकर रखे गए डेढ़ लाख रुपये नगद समेत गृहस्थी का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि महिला ने समय रहते घर से बाहर निकलकर जान बचा ली और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सांती गांव की है। गांव निवासी रामप्यारे निषाद की बहू लक्ष्मी शनिवार देर रात घर में खाना बना रही थीं। बताया जाता है कि इसी दौरान गैस पाइप में अचानक आग लग गई। इससे पहले कि परिवार कुछ समझ पाता, आग सिलेंडर तक पहुंच गई। कुछ ही क्षण बाद तेज धमाका हुआ और सिलेंडर फट गया। धमाके के साथ घर में आग फैल गई। आग की लपटें देख लक्ष्मी घबरा गईं और किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। उधर आग ने घर में रखा सामान अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। परिवार ने भैंस खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपये जमा कर रखे थे, लेकिन आग ने वह रकम भी नहीं छोड़ी। देखते ही देखते नगदी, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिना देर किए मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हो चुका था। पीड़ित रामप्यारे के मुताबिक, आग में नगदी समेत घर का अधिकांश सामान जल गया। हादसे के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गनीमत सिर्फ इतनी रही कि आग ने संपत्ति तो छीन ली, लेकिन किसी की जान नहीं ली।

# गुलाब सिंह लोधी ने 32 साल की उम्र में दी थी शहादत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

स्वाधीनता संग्राम सेनानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के 91वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को झंडेवाला पार्क, अमीनाबाद में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 23 अगस्त 1935 को मात्र 32 वर्ष की उम्र में भारत माता के महान सपूत अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देते हुए इसी पार्क में भारत का तिरंगा फहराया था। उस समय तिरंगा स्वाधीनता का प्रतीक था।

कायर ब्रिटिश सरकार ने उनके इस साहस का जवाब गोलियों से दिया और वह देश की आजादी के लिए शहीद हो गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलाब सिंह लोधी बलिदान हुए लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वाधीनता का एक स्वर्णिम पृष्ठ छोड़ गए हैं। उनके बलिदान के महज 12 वर्ष बाद देश ब्रिटिश दासता से मुक्त होकर



मुख्यमंत्री योगी ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी के बलिदान को किया याद

स्वतंत्र हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश की

### महापुरुषों की स्मृतियों को संरक्षित करेगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जैसे क्रांतिकारियों ने देश की आन, बान और शान को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर बलदानियों की स्मृतियों को संरक्षित रखने के लिए स्मारक निर्माण के कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाएगी।

### महापुरुषों के स्मारकों के लिए करीब 500 करोड़ रुपये स्वीकृत

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने सामाजिक न्याय और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महापुरुषों के सम्मान में करीब 500 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सद् गुरु रविदास जी महाराज, महर्षि वाल्मीकि जी महाराज समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर छाजन लगाने, पार्कों के नवनिर्माण और उन्हें सुरक्षित बनाने के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का यह क्रम लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

जनता की ओर से वह अमर शहीद की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हैं। गुलाब सिंह लोधी का जन्म वर्ष 1903 में उन्नाव के एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनके भीतर देश की आजादी के लिए जज्बा था। इसी भावना के साथ उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और लखनऊ आकर देश की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने उन्नाव जिले में पार्क, स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश सरकार अपने उन सभी अमर बलिदानियों के पुण्य स्मरण को जीवंत बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आरक्षण था, आरक्षण है, आरक्षण रहेगा : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन सोशल मीडिया पेज के बैनर तले हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है।सपा चीफ अखिलेश यादव ने इस आंदोलन को बीजेपी की साजिश बताते हुए कहा कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए आरक्षण विरोधी आंदोलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने लिखा, 'आरक्षण सुधार के नाम पर आरक्षण समाप्ति का षड्यंत्र पीडीए समाज के खिलाफ एक और गहरी साजिश है। आरक्षण पीडीए का अधिकार है किसी की इच्छा का विषय नहीं।

अखिलेश यादव ने कहा, बीजेपी व उनके संगी-साथी कभी समीक्षा तो



- आरएचए आंदोलन पर भड़के सपा चीफ
- विरोध प्रदर्शन को बताया बीजेपी की साजिश

कभी सुधार जैसे अस्पष्ट शब्दों का प्रयोग कर आरक्षण का विरोध करते हैं या कभी क्रीमीलेयर की बात करते हैं या आरक्षण त्यागने की सलाह देते हैं, वो सदियों से शोषित-वंचित लोगों को मिले आरक्षण के अधिकार की हकमारी की लगातार की जा रही कोशिश के अलग-अलग मुखौटे हैं।

पीडीए की जातिगत समीकरण के जरिए सपा के विस्तार की कोशिशें कर रहे अखिलेश यादव ने कहा, 'आरक्षण था, आरक्षण है, आरक्षण रहेगा!' 21 अगस्त को आरक्षण हटाओ आंदोलन बैनर तले सामान्य वर्ग के लोगों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। इन लोगों ने मांग की थी कि जातिगत आरक्षण में बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएं और आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की थी। 21 अगस्त को ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा था कि जंतर-मंतर पर आरक्षण सुधार आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं की मांगों पर केंद्रीय नेतृत्व विचार करेगा।

उन्होंने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को अगले दो दिन में केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा और केंद्रीय मंत्री के साथ उनकी बैठक कराई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### कजरी पर महिलाओं ने नृत्य की मोहक छटा बिखेरी



**लखनऊ।** सावन का झूला, आल्ता के रंग, गजरे की खुशबू मेहंदी के रंग... जैसे खूबसूरत परिवेश में हरे रंग के परिधानों में सोलह श्रृंगार से परिपूर्ण महिलाओं ने जब सावन की कजरी हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, झूले राधा रानिया हिंडोरना...पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, तो चारों ओर सावन की हरीतिमा बिखरी नज़र आई, यह खूबसूरत मौका था रविवार शाम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में होटल द गोल्डन एप्पल महानगर में आयोजित उड़ान सावन उत्सव-2026 का। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह, बिन्दु बोरा, डॉ. मालविका हरिओम, कल्पना वर्मा पार्षद, अध्या श्रीवास्तव, और सुनैना चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### 1090 चौराहे पर श्रवण मोर्चा संगठन का प्रदर्शन



**लखनऊ।** सवर्ण मोर्चा संगठन से जुड़े ब्राह्मण-ठाकुर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके साथ अन्य कैटेगरी के लोग भी शामिल हैं। 300 से ज्यादा लोग वीमेन पावर लाइन चौराहे पर करीब 12 बजे इकट्ठा होकर यूजीसी रोलबैक के नारे लगाने लगे। उनके हाथों में संवैधानिक अछूत लिखी तख्तियां हैं। चौराहे पर आधे घंटे प्रदर्शन के बाद बैकुंठ धाम श्मशान घाट की ओर बढ़ गए। प्रदर्शनकारियों ने सांकेतिक रूप से सवर्ण सांसद-विधायकों की अर्थी ले रखी है। नारे लगा रहे हैं- मुर्दा है भई, मुर्दा है। नेता हमारा मुर्दा है। प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ पुलिस भी चल रही है। ये लोग सवर्ण मोर्चा के अध्यक्ष संदीप सिंह के बुलावे पर प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। संदीप सिंह ने कहा- सत्ता में बैठे हुए सवर्ण समाज के नेताओं से हम लगातार सवाल कर रहे हैं। यूजीसी का विरोध कर रहे हैं और यह विरोध आगे भी जारी रहेगा। यह काला कानून स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



**लखनऊ।** श्री श्याम परिवार, लखनऊ द्वारा श्री श्याम मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग में भव्य झूला उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्री श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि झूला उत्सव के अवसर पर श्री श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार, मनमोहक झांकी एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भजन गायक पवन मिश्रा एवं अनुष्का मिश्रा ने खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। बाबा श्याम की दिव्य झांकी और अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भक्तों ने भजनों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन को पहुंचे।

### पटना की धरती पर गूंजा फिल्मी क्लैप




**लखनऊ।** बिहार के पटना और सोनपुर से बॉलीवुड ओटीटी इंडस्ट्री के लिए बड़ी खबर सामने आयी है। डैफोडिल्स एंटरटेनमेंट और भारत श्री फिल्म्स के बैनर तले बन रही 4 नई वर्टिकल हिंदी फिल्मों की ऑन-लोकेशन शूटिंग कल देर रात से पटना और दीघा-सोनपुर में शुरू हो गयी है। जिन 4 फिल्मों की शूटिंग एक साथ शुरू हुई है, उनमें - रिपोर्टर साब, बवाल हो गया, दुल्हन फरार और झोलाछाप डॉक्टर निश्चित रूप से दर्शकों का दिल जीतेंगी। इन फिल्मों के निर्माता सत्यकेतु सिंह और भरत अग्रवाल हैं, निर्देशन अश्वनी कुमार कर रहे हैं और प्रचारक संजय भूषण पटियाला हैं। मुहूर्त के मौके पर पूरी टीम मौजूद रही।

# लोकप्रिय लीडर को कभी सुरक्षा की जरूरत नहीं पड़ती : अंगारा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

यूपी में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सुगबुगाहट तेज हो गई है। इसी बीच राज्य के प्रमुख नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बड़ा कदम उठाया गया है।

चुनावों के दौरान नेताओं की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसके लिए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने कमर कस ली है। 52 वरिष्ठ नेताओं को बुलेट प्रूफ जैकेट दी जाएगी। इस निर्णय को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि सुरक्षा केवल नेताओं की ही नही हर नागरिक की होनी चाहिए। नेताओं को अपनी सुरक्षा की बड़ी चिंता रहती है लेकिन आम आदमी को आये दिन आपराधिक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। उनकी सुरक्षा की बात कोई सुनने को तैयार नही होता है। श्री अंगारा ने कहा कि नेता असल में वो होता है जिसे जनता खुद अपना रहनुमा मानकर पलकों पर बैठाये।

लोकतंत्र में लोकप्रिय लीडर को कभी सुरक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। राजनीति में आने के बाद असुरक्षा की स्थिति क्यों बने, इस दिशा में आत्मचिंतन की जरूरत है। पहले ऐसी पोजीशन नहीं थी लेकिन अब क्यों? सवाल मौजू है, जवाब भी जरूर मिलना चाहिए। भारी तामझाम और लावलश्कर का चलन पहले नहीं था।

# आरक्षण विरोधी प्रदर्शन को लेकर मायावती का कांग्रेस पर निशाना

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आरक्षण के विरोध में हुए प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लोगों से आरक्षण जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण मुद्दे पर सस्ती राजनीति न करने और न ही होने देने की अपील की। साथ ही मायावती ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए आरक्षण विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया।

मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर संविधान में एससी, एसटी और ओबीसी समाज को दिए गए आरक्षण के विरोध में कुछ लोगों का जुटना और आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग उठाना उचित नहीं है। उन्होंने



कहा कि आरक्षण के संबंध में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए, जिससे समतामूलक समाज तथा विकसित और सम्मानित देश बनाने के संवैधानिक प्रयासों को नुकसान पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सदियों से जातिवाद की अमानवीयता झेल रहे एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। मायावती ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि जातिवाद का परित्याग ही सबसे बड़ी देशभक्ति है। उन्होंने लोगों से इसी भावना के साथ देशहित में काम करने की अपील की। बसपा प्रमुख ने आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग पर कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें गरीबी उन्मूलन के लिए हर वर्ष कई योजनाओं पर बड़ी धनराशि खर्च करती हैं। यदि भ्रष्टाचार और सरकारी व्यवस्था की खामियों के कारण इसका लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा है तो यह व्यवस्था की कमी है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था भी देश में लागू है, लेकिन इसका समुचित लाभ गरीब सवर्ण परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उनके मुताबिक, इस व्यवस्था में वास्तविक लाभ से अधिक छलावा दिखाई देता है।

### आरक्षण विरोधी तत्वों को संरक्षण नहीं देने की अपील

मायावती ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट और जातिवादी सरकारी व्यवस्था ने आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों को सही तरीके से जमीन पर लागू नहीं होने दिया। उन्होंने सभी सरकारों से आरक्षण विरोधी तत्वों को संरक्षण नहीं देने की अपील की। मायावती ने कहा कि इसी दिन संसद थाना के बाहर एक पीड़ित व्यक्ति के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कई घंटे धरने पर बैठे, जिस पर उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि इसके ठीक बगल में जंतर-मंतर पर दलित और शोषित वर्गों को जातीय आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन चल रहा था, लेकिन राहुल गांधी या कांग्रेस का कोई नेता प्रदर्शनकारियों को समझाने तक नहीं गया।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए सरकार के साथ आईएमए

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की तीसरी स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक रविवार को आमोध रिसार्ट लखनऊ में आयोजित की गयी। बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए आईएमए के प्रदेश पदाधिकारियों, स्टेट वर्किंग कमेटी के सदस्यों, विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान चिकित्सकों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, संगठन की गतिविधियों, स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों की सुरक्षा एवं पेशेवर हितों सहित अनेक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।




कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शरद कुमार अग्रवाल ने संगठन की गतिविधियों और चिकित्सा जगत से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने आईएमए की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, चिकित्सकों तथा समाज के बीच विश्वास को मजबूत करने और सरकार के साथ सकारात्मक संवाद के माध्यम से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

डा. शरद कुमार अग्रवाल ने आईएमए प्रतिनिधिमण्डल से मुख्यमंत्री योगी की मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि आईएमए ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार के साथ निरंतर रचनात्मक सहयोग एवं संवाद बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव गोयल ने बताया कि आईएमए ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों और समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा गया तथा उन पर सकारात्मक चर्चा हुई। आईएमए पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार और चिकित्सा समुदाय के बीच संवाद लगातार मजबूत हुआ है। चिकित्सकों से संबंधित समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने पर मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें गंभीरता से सुना जाता है तथा उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाती है।

# कार्यशाला में छात्रों ने सीखी कार्टून कला की बारीकियां

- कार्टूनिस्ट माधव ने की छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सीतापुर रोड के मोहिबुल्लापुर स्थित बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग में एक कार्टून कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें देश के जाने-माने वरिष्ठ कार्टूनिस्ट हरि मोहन वाजपेयी माधव ने कक्षा 9वीं और 10वीं की छात्राओं को चित्र कला के महत्व को समझाया।

कार्टून बनाने के आसान तरीके और मनोवैज्ञानिक कल्पना के जरिए सटीक कार्टून प्रस्तुत करना सिखाया।




ताजा घटनाओं पर लाइव कार्टून बनाते हुए श्री माधव ने कार्टून कला की बारीकियां सिखायीं व कार्टून कला के महत्व को समझाया।

इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि व प्रशिक्षक कार्टूनिस्ट हरि मोहन वाजपेयी माधव के कैरीकेचर (कार्टून की एक विधा) भी बनाये। जो बहुत मजेदार व आकर्षक थे। स्वयं कार्टूनिस्ट माधव ने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की।

विद्यालय के माहौल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा प्रबंधन, अध्यापकों व छात्रों के बीच ऐसा स्वस्थ आत्मीयतापूर्ण वातावरण बहुत कम देखने को मिलता है। कला अध्यापक/अध्यापिकाओं के साथ कालेज के प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्य भगवती भंडारी व मीडिया प्रभारी ओपी वर्मा उपस्थित रहे।

### 'केजीएमयू में इंटर्न डॉक्टरों का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के केजीएमयू में इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में इंटर्न डॉक्टर गेट नंबर-1 के सामने एकजुट हुए और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने स्टाइपेंड 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। मौके पर डॉक्टरों ने वी वांट जस्टिस और हमारी मांगें पूरी करो के नारे लगाए। इससे पहले शनिवार को भी केजीएमयू में एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में केजीएमयू के अलावा लोहिया संस्थान, गोरखपुर, मेरठ समेत प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न डॉक्टर शामिल हुए थे।

# अकेले उत्तर प्रदेश पूरे देश को खिला सकता है चीनी : लक्ष्मीनारायण

- 90 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हुआ उत्पादन प्रदेश सप्लाई को तैयार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चीनी की कोई कमी नहीं है। यूपी अकेले पूरे देश को चीनी खिला सकता है। इस समय यूपी में करीब 179 लाख मीट्रिक टन चीनी उपलब्ध है जबकि प्रदेश की मासिक खपत करीब चार लाख मीट्रिक टन है। गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मीनारायन चौधरी के मुताबिक राज्य के पास करीब 150 लाख मीट्रिक टन चीनी सरप्लस है।

चीनी की कमी को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश जरूरत पड़ने पर पूरे देश में चीनी की आपूर्ति को तैयार है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 90 लाख मीट्रिक टन से अधिक चीनी का उत्पादन हुआ है। राज्य में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और 15 अक्टूबर से नया पेराई सत्र भी शुरू होने जा रहा है। नए पेराई सत्र के शुरू होने के बाद चीनी का उत्पादन और बढ़ेगा।

प्रदेश में चीनी की कमी की कोई संभावना नहीं है। चीनी का कोटा केंद्र सरकार की ओर से जारी किया जाता है।यूपी सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर पूरे देश में चीनी की आपूर्ति करने की इच्छा जताई है। यदि केंद्र सरकार कोटा जारी करती है तो उत्तर



प्रदेश के पास मौजूद अतिरिक्त चीनी को देश के दूसरे हिस्सों में भेजा जा सकता है। चीनी की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी रोकने के लिए सरकार ने स्टॉक की सीमा भी तय की है। किसी भी कारोबारी को 30 दिन से अधिक अवधि तक चीनी का स्टॉक रखने की अनुमति नहीं। चीनी डीलर 400 टन से अधिक स्टॉक नहीं रख सकेंगे बल्क कंज्यूमर को अधिकतम 10 मीट्रिक टन चीनी का भंडारण 15 दिनों तक करने की अनुमति होगी। मासिक कोटे वाले कारोबारियों के लिए स्टॉक रखने की अवधि सात दिन निर्धारित की गई है। सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निर्देश दिए हैं कि किसी भी कीमत पर चीनी की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। सरकार की नजर अब चीनी के स्टॉक, सप्लाई और बाजार में कीमतों पर है। जमाखोरी के जरिए कृत्रिम रूप से कीमतें न बढ़ाई जाएं। गन्ना मंत्री कहा, यूपी में चीनी का इतना भंडार मौजूद है कि राज्य पूरे देश को चीनी की आपूर्ति कर सकता है। चीनी की उपलब्धता को लेकर चिंता की जरूरत नहीं है।

रिपोर्ट


कैंसर के उपचार के लिए नई पहल

# अब कैंसर मरीजों की सिकाई होगी और आसान

- प्लास्टिक मास्क और स्थायी निशान से भी मुक्ति

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पेल्विक कैंसर यानी गर्भाशय, मलाशय और प्रोस्टेट के कैंसर मरीजों के लिए रेडिएशन थेरेपी यानी सिंकाई की प्रक्रिया अब अधिक सुविधाजनक हो सकती है। कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट के डॉक्टरों ने आधुनिक एसजीआरटी (सरफेस-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी) तकनीक को लेकर किए गए अध्ययन में इसके प्रभावी होने की पुष्टि की है। इस तकनीक से मरीजों को पारंपरिक रेडिएशन थेरेपी के दौरान इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के थर्माप्लास्टिक मास्क



और शरीर पर बनाए जाने वाले स्थायी टैटू निशानों से राहत मिल सकती है। संस्थान के डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. शरद सिंह, डॉ. रुमिता सिंह और सुमंत मन्ना की टीम ने इस तकनीक का अध्ययन किया। शोध में 100 मरीजों के कुल 2,376 रेडिएशन सत्रों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन के निष्कर्ष हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

पारंपरिक रेडिएशन थेरेपी में इलाज के दौरान मरीज के शरीर को एक निश्चित स्थिति में स्थिर रखने के लिए थर्माप्लास्टिक मास्क का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ मामलों में त्वचा पर छोटे स्थायी टैटू निशान भी बनाए जाते हैं, ताकि हर सत्र में रेडिएशन का लक्ष्य एक ही स्थान पर सुनिश्चित किया जा सके। इससे कई मरीजों को असहजता होती है और टैटू के निशान जीवनभर शरीर पर बने रहते हैं।

एसजीआरटी तकनीक में मरीज की सतह और उसकी स्थिति को कैमरों तथा आधुनिक इमेजिंग तकनीक की मदद से लगातार ट्रैक किया जाता है। इससे रेडिएशन देने से पहले यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि मरीज सही स्थिति में है।

रेडिएशन थेरेपी कई मरीजों के लिए लंबी और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया होती है। ऐसे में उपचार के दौरान शरीर को कसकर बांधने वाले मास्क से मुक्ति और त्वचा पर स्थायी निशान न बनाए जाने की सुविधा मरीजों के अनुभव को बेहतर बना सकती है। हालांकि, इस तकनीक की उपलब्धता और मरीज के लिए इसकी उपयुक्तता संबंधित कैंसर, उपचार योजना और संस्थान में उपलब्ध तकनीक के आधार पर तय की जाएगी।

कैंसर इंस्टीट्यूट के इस अध्ययन से पेल्विक कैंसर के मरीजों के लिए रेडिएशन थेरेपी को अधिक आरामदायक और तकनीकी रूप से सटीक बनाने की दिशा में नई संभावनाएं सामने आई हैं।

### इलाज की सटीकता बढ़ाने में मदद

अध्ययन के मुताबिक, एसजीआरटी तकनीक रेडिएशन थेरेपी के दौरान मरीज की स्थिति पर नजर रखने में मदद करती है। मरीज की हलचल होने पर उपचार दल को तत्काल जानकारी मिल सकती है और आवश्यकतानुसार प्रक्रिया को रोका या समायोजित किया जा सकता है। इससे रेडिएशन को निर्धारित क्षेत्र तक अधिक सटीकता से पहुंचाने में मदद मिलती है। डॉक्टरों के अध्ययन का उद्देश्य यह देखना था कि बिना पारंपरिक मास्क और स्थायी त्वचा निशान के रेडिएशन उपचार को सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से किया जा सकता है या नहीं। 100 मरीजों और 2,376 उपचार सत्रों के विश्लेषण से इस दिशा में उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं।

# ओपी श्रीवास्तव, जेबी राय समेत छह पर मुकदमा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सहारा ग्रुप के कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) की रकम जमा न करने के मामले में लखनऊ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (ईपीएफओ) कार्यालय, लखनऊ की ओर से एसीजेएम कोर्ट के आदेश के बाद अलीगंज थाने में यह मुकदमा दर्ज कराया गया है। एफआईआर का क्राइम नंबर 161/2026 है। मामले में सहारा ग्रुप के पीएफ ट्रस्टी ओपी श्रीवास्तव समेत छह अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है।

आरोप है कि सहारा ग्रुप ने हजारों कर्मचारियों के वेतन से करोड़ों रुपये की पीएफ राशि की कटौती की, लेकिन कटौती की रकम के साथ ही नियोक्ता की ओर से जमा किया जाने वाला अंश भी संबंधित ईपीएफओ कार्यालय में जमा नहीं कराया गया। इससे



- सहारा ग्रुप के खिलाफ पीएफ घोटाले पर बड़ी कार्रवाई

कर्मचारियों के पीएफ खातों में रकम जमा नहीं हो सकी।

मामले को लेकर ईपीएफओ कमिश्नर की ओर से सहारा ग्रुप को कई बार नोटिस जारी कर कर्मचारियों के वेतन से काटी गई पीएफ राशि और कंपनी के हिस्से की रकम संबंधित खातों में जमा करने के निर्देश दिए गए। आरोप है कि नोटिस का संतोषजनक जवाब देने के बजाय सहारा ग्रुप ने कोर्ट का रुख कर स्टे हासिल कर लिया।

इसके बाद ईपीएफओ की ओर से कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए कोर्ट से स्टे खारिज कराया गया और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की गई। हालांकि, पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद ईपीएफओ कमिश्नर ने एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया।

करीब चार माह तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शनिवार को अलीगंज पुलिस ने सहारा ग्रुप के पीएफ ट्रस्टियों समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अब एफआईआर में लगाए गए आरोपों, कर्मचारियों के वेतन से काटी गई पीएफ राशि और ईपीएफओ में जमा नहीं की गई रकम से संबंधित दस्तावेजों की जांच करेगी।

# सीएमओ ने जलीकोठी व कटियाटोला स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- आरोग्य मेले में मरीजों को मिल रहीं स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने रविवार को नगर क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी और कटियाटोला में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवा वितरण, जांच, टीकाकरण और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जलीकोठी स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र पाल समेत समस्त संबंधित स्टाफ उपस्थित मिला। ओपीडी में 48 मरीजों का परीक्षण किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान पहुंचे दो मरीजों को भी सीएमओ ने देखा और आवश्यक उपचार व दवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्टाफ नर्स शिल्पी वर्मा द्वारा 41 मरीजों को एआरवी वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी थी। प्रयोगशाला में लैब टेक्नीशियन आकाश मिश्रा द्वारा आठ मरीजों की जांच की गई थी। इनमें चार मरीजों की मलेरिया, डेंगू व टाइफाइड तथा चार मरीजों की शुगर जांच शामिल रही। जांच में कोई धनात्मक केस नहीं मिला। सीएमओ ने बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण, उपकरणों का व्यवस्थित रखरखाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दवा वितरण कक्ष में 48 मरीजों को दवाएं वितरित की जा चुकी थीं। सीएमओ ने दवाओं को व्यवस्थित रखने और मरीजों को दवा देने से पहले एक्सपायरी डेट की जांच करने के निर्देश दिए। टीकाकरण कक्ष में छह बच्चों का टीकाकरण तथा पांच लाभार्थियों को एचपीवी वैक्सीन से लाभान्वित किया गया। उन्होंने टीकाकरण की जानकारी समय से यू-विन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन कक्ष में 10 लाभार्थियों को सामग्री वितरित की गई, जिनमें पांच को छाया और पांच को माला-एन उपलब्ध कराया गया। सीएमओ ने अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के अंदर और बाहर तथा शौचालयों की साफ-सफाई बेहतर रखने को कहा। इसके बाद सीएमओ ने दोपहर 12:55 बजे अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटियाटोला का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार समेत संबंधित स्टाफ उपस्थित मिला। ओपीडी में 23 मरीजों का परीक्षण किया जा चुका था। सीएमओ ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को मरीजों के प्रति मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा आरोग्य मेले में दी गई स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी पोर्टल पर समय से फीड करने के निर्देश दिए। कटियाटोला केंद्र पर एक गर्भवती महिला का टीकाकरण किया गया, जबकि दो लाभार्थियों को माला-एन उपलब्ध कराया गया। सीएमओ ने टीकाकरण की रिपोर्ट यू-विन पोर्टल पर समय से अपलोड करने तथा स्वास्थ्य केंद्र परिसर और शौचालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## सावन के आखिरी सोमवार को कांवरिए करेंगे जलाभिषेक

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर क्षेत्र के गांव नौगमा गोविंदपुर के कांवरिए सावन के आखिरी सोमवार को बेला डाडी स्थित रामगंगा घाट से जल भरकर मदनपुर क्षेत्र के फिरोजपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी कांवरियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कांवरिए गांव नौगमा गोविंदपुर से रवाना होकर बेला डाडी स्थित रामगंगा घाट पहुंचेंगे, जहां से पवित्र जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए मदनापुर के फिरोजपुर स्थित शिव मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे। कांवरियों की यात्रा को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह है और श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ इस धार्मिक यात्रा में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।

## भगवान शिव के जलाभिषेक को रवाना हुए शिव भक्त



**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

ग्राम पंचायत नगलाजाजू एवं पथरा खास गांव के युवाओं का सामूहिक जत्था ट्रैक्टर ट्रॉली से सावन माह में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिये रविवार की शाम को रवाना हुआ। रात्रि में फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पहुंचने के बाद सोमवार की सुबह चार बजे युवाओ ने कावड़ में गंगा जल भरकर छोटी काशी के नाम से मशहूर गोला गोकर्णनाथ के लिये पैदल निकल पड़े।शनिवार की सुबह कावड़ बाबा की धाम पहुंचेगी।जिसके बाद जत्थे में शामिल सभी श्रद्धालु सामूहिक रूप से शिवलिंग का गंगाजल से अभिषेक करेंगे। यात्रा में कुलदीप शर्मा, ब्रजेश यादव, दान सिंह, राजू कुशवाहा, कमलेश जाटव आदि शामिल रहे।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका की पहल ला रही रंग

- मेरा विद्यालय मेरी शान, मेरे बच्चे मेरा अभिमान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाज में एक विडंबना बनी रहती है कि सरकारी स्कूलों से अच्छी पढ़ाई प्राइवेट स्कूलों में मिल रही है। इस कारण आज भी अधिकांश अभिभावकों का रुख अपने बच्चे के भविष्य के लिए प्राइवेट स्कूल में एडमिशन कराने के लिए रहता है। लेकिन पुवायां ब्लाक का ऐसा सरकारी विद्यालय जोकि विद्यालय में बच्चों के ज्यादा से ज्यादा एडमिशन व बेहतर शिक्षा के लिए नजीर बना हुआ है। जहां के शिक्षकों की लग्न, मेहनत व शिक्षा की अलख जगाने की कोशिश रंग ला रही है। जिस कारण वहां पर प्राइवेट स्कूल से भी बच्चे नाम कटवाकर आ रहे हैं। जेवां के उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यपिका पल्लवी ने बताया कि अभी जल्द ही उनके विद्यालय में एक बच्चा प्राइवेट से नाम कटा कर प्रवेश हेतु आया। जब कोई अभिभावक अपने बच्चे का नाम निजी विद्यालय से कटवाकर सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाता है, तो यह केवल एक प्रवेश नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। यह विश्वास हमारे शिक्षकों के समर्पण, विद्यालय में उपलब्ध बेहतर शैक्षिक वातावरण, नवाचारपूर्ण गतिविधियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों से मजबूत हो रहा है। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और बेहतर भविष्य, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की ओर बढ़ते कदम, शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास की पहचान हैं। वर्तमान में विद्यालय का नामांकन 163 है। जिसमें इस बार 71 एडमिशन हुए है। पल्लवी कहती है कि मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि बच्चों व अभिभावकों की सरकारी स्कूलो के प्रति सोच बदले। इसलिए यह प्रयास रहता है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनको देश के भविष्य के रुप में परिपक्व कर सके।

## खबरें एक नजर में

### महिला के कानों से कुंडल नोचकर उचक्के फरार

**तिलहर – शाहजहांपुर।** खेत से घर जा रही महिला के कानों से सोने के कुंडल नोच कर उचक्के फरार हो गए। घटना की अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव सरोवर नगर निवासी बलराम की पत्नी बेलावती ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 22 अगस्त को पूर्वान्ह करीब 11 बजे वह सरोवर नगर गेट के समीप वह खेत शीघ्र लौट रही थी। आरोप है कि इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति उसके कानो से कुंडल नोच कर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की ओर से घटना की अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने में दो युवक नामजद

**तिलहर – शाहजहांपुर।** युवती को भगा ले जाने वाले युवक व उसका सहयोग करने बाले युवक के खिलाफ पीड़ित भाई ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 19 वर्षीय बहन को बरेली जनपद के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गाँव ओसढ निवासी दीपक उर्फ पीकू पुत्र सुखवीर बीती 19 अगस्त को रात करीब 11 बजे भगाकर ले गया है। आरोप है कि उसे भगाने में गांव के ही सुमित पुत्र शेरसिंह ने दीपक का सहयोग किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब उसने दीपक से फोन पर बात की तो वह गाली गलौच करने लगा। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो लोगों का शांति भंग में किया चालान

**बंडा, शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया मौके पर पहुंची पुलिस से काफी देर तक नोक झोंक होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई और शांति भंग में चालान कर दिया। गांव के राजवीर सिंह ने बताया कि उनके पुत्र रवि की 9 जुलाई 2024 की रात गांव के कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी उसी को लेकर उनकी पुरानी रंजिस चल रही थी उनके भाई झंडू सिंह शनिवार को अपने अपने खेत में एकलिप्टस के पेड़ लगा रहे थे इसी बीच स्वतंत्र सिंह अपने चार साथियों के साथ आए और गाली गलौज करने लगे उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस स्वतंत्र सिंह और झंडू सिंह को थाने ले आई और दूसरे दिन रविवार को शांति भंग में चालान कर दिया।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत छह नामजद

**तिलहर – शाहजहांपुर।** गर्भावस्था के दौरान दहेज को लेकर प्रताड़ित कर घर से निकाल देने के मामले में एसपी के निर्देश पर पति सेम छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव गोपाल पुर ठठियूरा निवासी शिवानी पत्नी प्रमोद कुमार पुत्री रामवीर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल 26 जनवरी को मदना पुर क्षेत्र के गाँव ढकरी खुर्द कुदैया निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम भजन। के साथ शादी हुई थी। आरोप है कि ससुरालीजन दहेज में शुरू से ही दो लाख रुपए व बुलेट मोटर साइकिल की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। जब वह दो माह की गर्भवती थी तो अप्रैल महीने में उसे पेट्रोल डालकर मारने का प्रयास कर घर से निकाल दिया गया। उसने दिसंबर 2025 में मायके की देखभाल में बेटी को जन्म दिया। पीड़िता की ओर से उसके पति प्रमोद कुमार, ससुर रामभजन, सास जयदेवी, देवर लडैते उर्फ रामवीर, जेठ विनोद, जेठानी सरोजनी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## नदी में डूबी वृद्धा, गोताखोरों की तलाश जारी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना परशुरामपुरी क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर लहसड़ी में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेतों की तरफ गईं 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बहगुल नदी में पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गईं और तेज बहाव के साथ बह गईं। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है। लापता महिला की पहचान जमुना देवी (पत्नी हरीशरण कुशवाहा, निवासी मोहनपुर लहसड़ी) के रूप में हुई है। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, जमुना देवी रविवार दोपहर अपने खेतों की ओर गई थीं। बताया जा रहा है कि नदी के पास जाने के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गईं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल और पीआरवी-8283 टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार रोहित कटियार, हल्का लेखपाल गजेंद्र वर्मा और राजस्व टीम मौके भी पहुंची। उपजिलाधिकारी जलालाबाद को अवगत कराकर स्टीमर और विशेष स्थानीय गोताखोरों की मांग की गई। स्थानीय तैराकों और गोताखोरों की मदद से नदी में कांटे और रस्से डालकर महिला की तलाश का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। हालांकि, नदी में पानी का तेज बहाव होने के कारण बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाचार लिखे जाने तक महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है, जिसके जल्द ही मौके पर पहुंचने की संभावना है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में तलाश अभियान लगातार जारी है।

## पुरानी रंजिश में घर में घुसकर जानलेवा हमला

- आरोपियों पर कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार पलायन को विवश
- पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

तहसील के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनारी बांक के रहने वाले वीरेंद्र सिंह पुत्र शिवमंगल सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित प्रार्थना पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने और अपने परिवार के लिए पलायन की स्थिति उत्पन्न होने की बात कही है। ?घटना 10 अगस्त 2026 की शाम लगभग 8 बजे की है। प्रार्थी वीरेंद्र सिंह जब अपने घर पहुंचे और अंदर कपड़े उतार रहे थे, तभी मुख्य गेट खुला पाकर उनके पड़ोसी–दलवीर, दिलीप, गुरमीत पुत्र प्रतिपाल, रामलखन पुत्र विश्राम और संतोष दलवीर–लाठी-डंडों व बांके से लैस होकर अचानक उनके घर में घुस आए। आरोप है कि इन सभी ने जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ प्रहार किए। ?हमले के दौरान दलवीर ने प्रार्थी के सिर पर बांके से वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। अन्य लोगों ने भी लाठी-डंडों व लात-घूंसों से कई वार किए। शोर शराबा सुनकर जब प्रार्थी की पत्नी और अन्य परिवार वाले मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जाते वक्त आरोपी प्रार्थी की जेब से 1,100 रुपए और कुछ महत्वपूर्ण अदालत के कागजात भी साथ ले गए। ?पीड़ित वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी उक्त लोगों द्वारा उन पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई जा चुकी है, जिसके संबंध में थाना अल्लाहगंज में मुकदमा (मुअसं 192/2005) पंजीकृत कराया गया था। पुरानी रंजिश के चलते एक बार फिर उन पर जानलेवा हमला किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## जुलूस से पहले बदहाल खुदागंज-फरीदपुर मार्ग, व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग

- ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर सवाल-क्या इसी मार्ग से गुजरेगा जुलूस?

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज शाहजहांपुर।**



खुदागंज-फरीदपुर मार्ग पर जलभराव और कीचड़ के चलते राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। सामने आए वीडियो में सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति दिखाई दे रही है। 26 अगस्त को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रस्तावित है। ऐसे में जुलूस से पहले मार्ग की मौजूदा स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता है। लोगों का कहना है कि यदि जुलूस इसी मार्ग से होकर गुजरता है तो जलभराव और कीचड़ के कारण परेशानी हो सकती है। लोगों ने जुलूस से पहले मार्ग की स्थिति दुरुस्त कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दीपपुर की प्रधान सबनम अंसारी ने अपने क्षेत्राधिकार में न होने के बावजूद जनहित को देखते हुए कई बार मार्ग पर आवश्यक कार्य कराने के प्रयास किए हैं। लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना भी की है। वहीं, सहायक अभियंता शिवांक त्रिवेदी ने जल्द ही मार्ग पर मरम्मत कार्य कराए जाने की बात कही है। अधिकारी के आश्वासन के बाद जुलूस से पहले मार्ग की स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि मार्ग की साफ-सफाई, जलनिकासी और आवश्यक मरम्मत का कार्य समय रहते कराया जाए, जिससे जुलूस में शामिल लोगों और आम राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## राधारमण मिश्रा बने विश्वहिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर – शाहजहांपुर।**

- लखनऊ से नगर आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने पालिका सभासद राधारमण मिश्र को परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने लखनऊ स्थित कार्यालय पर श्री मिश्रा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी। लखनऊ से नगर आगमन पर प्रदेश उपाध्यक्ष का का भक्सी तिराहे पर समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। नगर के मोहल्ला घेर चौबा निवासी पालिका सभासद राधा रमण मिश्रा के सनातन धर्म और समाज सेवा में सराहनीय योगदान को देखते हुए 23 अगस्त को सुबह लखनऊ स्थित परिषद कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। और विश्व हिंदू रक्षा परिषद के क्रिया कलापों को प्रदेश में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी। लखनऊ से रविवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे नगर आगमन होने पर भक्सी तिराहे पर समर्थकों की भारी भीड़ ने राधारमण मिश्रा का फूल मालाएं पहनाकर नारेबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर समर्थकों की भारी भीड़ नजर आई।

## उपजा जिला सचिव के ताया का निधन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



शहर की प्रसिद्ध मॉडर्न बुक हाउस के मालिक तथा समाजसेवी राजिक खान के भाई और उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव एवं पत्रकार अर्शीयान खान अर्श के ताया मुशर्रफ खां का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। दिवंगत का शहर में लंबे समय से मॉडर्न बुक हाउस के संचालन के माध्यम से लोगों से जुड़ाव रहा। उनके मिलनसार एवं सरल स्वभाव के चलते बड़ी संख्या में लोग उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते थे। उनके निधन को परिवार के साथ-साथ परिचितों और शुभचिंतकों ने अपूरणीय क्षति बताया। निधन की सूचना पर पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत के व्यक्तित्व और उनके व्यवहार को याद करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर पत्रकार आरिफ सिद्दीकी, पत्रकार फैसल फैज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोक व्यक्त करने पहुंचे लोगों ने कहा कि परिवार के लिए यह बेहद कठिन और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस गहरे दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## राजघाट पर स्वच्छता व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन



- सावन माह में स्वच्छता के साथ नागरिक कर्तव्य निभाने का दिया संदेश

**शाहजहांपुर।** जिला गंगा समिति, शाहजहांपुर के अंतर्गत गर्रा नदी पर निर्मित राजघाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत छठवें कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संगठन एवं पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नदी घाट की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ आमजन में नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों के प्रति जिम्मेदारी और सिविक सेन्स (नागरिक बोध) की भावना विकसित करना रहा। सावन के पावन माह में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने राजघाट परिसर में श्रमदान कर कचरा एवं प्लास्टिक आदि एकत्रित किया। इस दौरान लोगों को संदेश दिया गया कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ नदी एवं घाटों की स्वच्छता बनाए रखना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विशेष बात यह रही कि यह स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान किसी भी प्रकार के सरकारी बजट अथवा सरकारी धनराशि पर निर्भर नहीं है। स्वयंसेवी संगठन, पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक सहयोग और श्रमदान के माध्यम से यह अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। स्वयंसेवक अपने समय और श्रम का योगदान देकर नदी एवं घाट की स्वच्छता में भागीदारी निभा रहे हैं। यह पहल समाज में 'सरकार के साथ-साथ हमारी भी जिम्मेदारी' की भावना को मजबूत करने का प्रेरणादायी उदाहरण है। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि नदियों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सिविक सेन्स का अर्थ है कि हम सार्वजनिक स्थानों, नदी-घाटों और पर्यावरण को अपना समझकर स्वच्छ रखें तथा कचरा इधर-उधर न फेंकें। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी नागरिक जिम्मेदारी समझकर केवल अपना कचरा उचित स्थान पर डालने की आदत विकसित कर ले, तो स्वच्छता अभियान को व्यापक जनसहयोग मिल सकता है। कार्यक्रम में राजू बग्गा, हिमांशु सक्सेना, मोहम्मद खालिद, नावेद, नितिन, रेहान सहित WORK संस्था, हरित सारथी के स्वयंसेवक, पर्यावरण प्रेमी एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। सभी ने राजघाट की स्वच्छता एवं गर्रा नदी के संरक्षण के लिए नियमित रूप से श्रमदान एवं जनजागरूकता गतिविधियां जारी रखने का संकल्प लिया।

## रामगंगा का बढ़ा जलस्तर, दर्जनों गांवों में बढ़ी परेशानी

**समृद्धि न्यूज, गढ़िया रंगीन शाहजहांपुर।**



रामगंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों में ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। हजरतपुर, हर्रामपुर, गढ़िया रंगीन, मौजमपुर, नवादा, शेरपुर समेत आसपास के दर्जनों गांवों में जलस्तर बढ़ने के कारण परेशानी की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो कई गांवों के संपर्क मार्ग जलमग्न हो सकते हैं। हजरतपुर में तैनात थाना प्रभारी के अनुसार, रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण हजरतपुर से हर्रामपुर जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। उन्होंने राहगीरों से अपील की है कि जलस्तर बढ़ने तक इस मार्ग से आवागमन न करें, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इधर, शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र में भी पुलिस ने ग्रामीणों को बढ़ते जलस्तर की जानकारी देते हुए सतर्कता बरतने की अपील शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने लोगों से नदी और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहा है। हजरतपुर मार्ग पर पानी बढ़ने के कारण बड़े वाहनों, मोटरसाइकिल सवारों और पैदल राहगीरों को इस रास्ते से आवागमन न करने की सलाह दी गई है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की जा रही है कि वे जलस्तर पर नजर रखें और किसी भी स्थिति में जोखिम उठाकर जलमग्न मार्गों से गुजरने का प्रयास न करें।

## अपूर्वा ठाकुर की बढ़ती सक्रियता से मजबूत हो रहा जनाधार

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।**

- गांव-गांव, घर-घर पहुंच रहा जनसंपर्क अभियान

क्षेत्र में ठाकुर अपूर्वा सिंह के जनसंपर्क अभियान को लगातार व्यापक समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और ग्राम पंचायतों में उनके समर्थक लगातार जनसंपर्क कर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। कम समय में अपूर्वा ठाकुर ने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और उनकी गैरमौजूदगी में भी समर्थकों द्वारा अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर लोगों से क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि अपूर्वा ठाकुर की सक्रियता और लोगों के सुख-दुख में भागीदारी के कारण उनके प्रति लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है।

विकास के मुद्दों पर फोकस अपूर्वा ठाकुर का कहना है कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता और उद्देश्य है। गांवों की समस्याओं को समझते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। उनका कहना है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समझना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना आवश्यक है। समर्थकों के अनुसार प्रतिदिन क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों और गांवों में जनसंपर्क किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों से उनके सुख-दुख में शामिल होने के साथ स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी ली जा रही है। गांव-गांव पहुंच रहे समर्थकों के माध्यम से अपूर्वा ठाकुर का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही राजनीतिक गतिविधियों के बीच अपूर्वा ठाकुर के समर्थक इसे जनता के बीच बढ़ते संपर्क और जनाधार का संकेत बता रहे हैं। वहीं, आगामी समय में जनसंपर्क अभियान को और व्यापक बनाने की तैयारी की जा रही है।

# यूपीएसएसएससी लोअर पीसीएस मुख्य परीक्षा संपन्न

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लोअर पीसीएस मुख्य परीक्षा रविवार को जनपद में कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां सीसीटीवी कैमरों की तीसरी आंख की निगरानी में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

जनपद में परीक्षा के लिए कुल 3720 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 3020 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 700 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई थी। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। जनपद में परीक्षा के लिए इस्लामिया इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, श्री हरि कुमार पाठक इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज तथा जीएफ कॉलेज के ब्लॉक ए और ब्लॉक बी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा समाप्ति तक आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## महिला थाना पर सुलह समझौते से निपटारा कराके 8 जोड़े की हुई विदाई



लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा मिशन शक्ति अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिंसके अन्तर्गत काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, श्रीमती किरन अग्रवाल, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा पारिवारिक विवादों के मामलों में सुलह कराके 08 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराके सराहनीय कार्य किया गया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाने के परिवार परामर्श केंद्र काउंसलरों पर दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थना पत्रों में काउन्सलर के सहयोग से 17 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया , जिसमें से 08 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 04 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है,03 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ इस अवसर पर महिला थाने की उपनिरीक्षक दिनेश मणि पाण्डेय, महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार , सारिका सिंह चौहान द्वारा काफी सहयोग किया गया है, सुलह समझौता के समय पक्षकारों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे है।

## दून पब्लिक स्कूल में 56 वाहन चालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**मोहम्मदी, खीरी।** क्षेत्र के दून पब्लिक स्कूल में शनिवार को मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के तहत स्कूल वाहन चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप-संभागीय परिवहन कार्यालय लखीमपुर के सहयोग से लगे शिविर में मोहम्मदी क्षेत्र के 56 चालकों व सेवकों की जांच हुई।चिकित्सक डॉ. हारिश खान व डॉ. एस. के. शर्मा ने चालकों की नेत्र दृष्टि, शुगर, बीपी व हीमोग्लोबिन की जांच की और स्वास्थ्य परामर्श दिया। चालकों को नियमित जांच, संतुलित आहार व पर्याप्त आराम की सलाह दी गई। विद्यालय प्रबंधक डॉ. गुरुमेजर सिंह ने कहा कि वाहन चालक बच्चों की सुरक्षा की सबसे अहम कड़ी हैं, इसलिए उनका स्वस्थ व सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने सभी चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। व्यवस्थापक विमल अवस्थी ने बताया मेरा हमेशा प्रयास रहा समस्त चालकों को मैं अपना परिवार मानता हूं इस निमित्त प्रयास रहता है इन सभी मेडिकल चेक अप समय-समय पर होता रहे। शिविर में गुरवेज सिंह, अभिषेक पटेल,निशांत शुक्ला व शादाब खान ने सहयोग किया।अंत में सभी 56 चालकों को सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अभियुक्त सूरज गिरफ्तार

**सीतापुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में लंबे समय से वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सूरज पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम लोधपुरवा (अनोगी), थाना संदना, सीतापुर के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध कोतवाली नगर में मुअसं 0239/2026 के तहत धारा 2(b)(i)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली नगर थाने में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2025 के तीन तथा वर्ष 2026 के दो मामले शामिल हैं, जिनमें ब्ब्हस की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कावड़ लेकर जा रही महिला बाइक से गिरी हुई मौत

**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** दूसरी घटना गोला रोड पिपरिया भट्ठा के पास एक दंपति कावड़ लेकर बाइक से गोला जाते समय ओवरटेकिंग के दौरान पीछे बैठी कावड़ लेकर बैठी पत्नी झटके में नीचे गिर गई जिससे सर में गंभीर चोट लग जाने पर पेट्रोलिंग कर रहे सीओ अरुण कुमार सिंह ने शहीद भगत सिंह एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी अनुसार उमरपुर नई बस्ती तिलहर जिला शाहजहांपुर निवासी अधिवक्ता पवन कांत शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा अपनी पत्नी मिथलेश (40) को बाइक पर पीछे बैठा कर फर्रुखाबाद से जल भरकर कावड़ चढ़ाने सोमवार को गोला जा रहे थे उनकी बाइक भट्टे के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार कांवडिया ने ओवरटे कर आगे निकलते ही गाड़ी अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे पीछे बैठी पत्नी सड़क पर नीचे जा गिरी उनके सर में गंभीर चोट आ गई सी ओ अरुण कुमार ने इलाज के लिए मोहम्मदी अस्पताल भर्ती कराया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है।

# लखीमपुर मेडिकल कॉलेज भी मरीज के लिए बना संजीवनी, गले की जटिल गांठ की हुई सफल सर्जरी

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



बेहतर इलाज की तलाश में राजधानी लखनऊ के अस्पतालों की दौड़ लगा रहे एक गंभीर मरीज को गृह जनपद में ही बड़ी राहत मिल गई। लखीमपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एक महीने की गहन चिकित्सकीय जांच और सटीक योजना के बाद मरीज के गले में मौजूद बड़ी व जटिल गांठ का सफल ऑपरेशन कर उसे पूरी तरह स्वस्थ कर दिया।

बताते चलें कि गले में तेज दर्द और बड़ी गांठ की समस्या से जूझ रहा मरीज लखनऊ के चक्कर काट-काटकर परेशान हो चुका था। थक-हारकर जब वह लखीमपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचा, तो ईएनटी (नाक, कान एवं गला) विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा ने प्राथमिक परीक्षण के बाद मामले की गंभीरता को समझा। करीब एक माह तक मरीज के सभी जरूरी टेस्ट और विस्तृत मेडिकल इवैल्यूएशन करने के बाद सर्जरी की योजना बनाई गई।

गांठ का आकार बड़ा होने और संवेदनशील नसों के करीब होने के कारण यह सर्जरी काफी जोखिम भरी थी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं वरिष्ठ जनरल सर्जन डॉ. आर. के. कोली तथा ई एन टी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा की संयुक्त टीम ने बेहद सूझबूझ के साथ बिना किसी जटिलता या अत्यधिक रक्तस्राव के गांठ को पूरी तरह बाहर निकाल दिया। लखीमपुर खीरी मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य जिले के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस सफल सर्जरी के बाद अब लखीमपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों के महंगे अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है।

**ई एन टी सर्जन के अनुसार-** टीबी की पुष्टि न होने के बाद किया गया ऑपरेशन। मरीज लखनऊ से कुछ पुरानी रिपोर्टों के साथ हमारे पास आया था, एक जाँच मे टी बी की गांठ होने का शक हुआ, जिससे असमंजस की स्थिति बन गयी। सटीक स्थिति जानने के लिए हमने अल्ट्रासाउंड, यूएसजी-गाइडेड स्न्ह्रष्ट और गांठ के अंदर के पदार्थ की CBNAAT जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट में यह पुष्ट हो गया कि यह टीबी (Tuberculosis) नहीं है। टीबी की गांठ और सामान्य सिस्ट के इलाज का तरीका पूरी तरह अलग होता है, इसलिए यह जांच आवश्यक थी। जांच व लक्षणों के आधार पर यह डर्मॉइड सिस्ट लग रही थी, जो थायरॉयड कार्टिलेज से शुरू होकर सीने की हड्डी के अंदर (रेट्रोस्टर्नल) तक फैली हुई थी। इसी आधार पर सुरक्षित सर्जरी कर गाठ को निकाला गया। अंतिम पुष्टि के लिए सैंपल पैथोलॉजिकल जांच हेतु भेजा गया है।

**– डॉ. मनोज शर्मा**
**असिस्टेंट प्रोफेसर, ईएनटी विभाग, लखीमपुर मेडिकल कॉलेज**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. कोली ने जानकारी देते हुए कहा कि यह ट्यूमर थायरॉयड कॉर्टिलेज के साथ-साथ श्वास नली से भी चिपका हुआ था, जिसे काफी जटिलता और सावधानी के साथ निकाला गया। इस दौरान श्वास नली तथा मस्तिष्क को जाने वाली महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं को सुरक्षित रूप से प्रिजर्व किया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, संबद्ध जिला चिकित्सालय, इस प्रकार के जटिल मरीजों को उन्नत जांच एवं बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है।

**डॉ आर के कोली**
**वरिष्ठ जनरल सर्जन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी**

# जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: स्वामी प्रवक्तानंद



**खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम में जनता दर्शन कार्यक्रम**

**पीलीभीत।** क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर लोगों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनता दर्शन में विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने व्यक्तिगत समस्या रखी तो किसी ने गांव से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी दी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी लोगों की बात धैर्यपूर्वक सुनी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।महाराज ने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके लिए सर्वोपरि है और प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में उनका निस्तारण किया जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज द्वारा आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम को क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधि के सामने रखने का अवसर मिलता है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण, व्यवस्थाएं दुरुस्त

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, हरधौरपुर, विकासखंड ऐलिया के औचक निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई थी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय में विद्युत पंखे, वाटर कूलर, खेल मैदान की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा दिया गया है। साथ ही विद्यालय में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता में भी सुधार सुनिश्चित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों के निस्तारण के साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शेष आवश्यक कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुविधाओं और बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# मानदेय तीन हजार, दो लाख का दुर्घटना बीमा और पांच लाख तक कैशलेस इलाज का लाभ

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

सुबह स्कूल की घंटी बजती है तो कक्षाओं में पढ़ाई शुरू होती है, लेकिन उससे पहले विद्यालय की रसोई में भविष्य की तैयारी शुरू हो जाती है। चूल्हे की आंच पर पकता भोजन और बच्चों की थाली में पहुंचता हर निवाला उनके स्वास्थ्य, पढ़ाई और सपनों से जुड़ा है। इसी भूमिका को सम्मान देते हुए सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की रसोइयों को एक साथ चार बड़ी सौगातें दी हैं। मानदेय अब दो हजार से बढ़कर तीन हजार रुपये हो गया है। दुर्घटना में दो लाख रुपये का बीमा कवर, रसोइया अथवा परिवार के किसी सदस्य के लिए सालाना पांच लाख रुपये तक निशुल्क उपचार और वस्त्र भत्ते में दोगुनी बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम में रसोइयों के चेहरों पर खुशी नजर आई। सीडीओ अभिषेक कुमार और बीएसए प्रवीण तिवारी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई गई।

## लखीमपुर खीरी की रसोइया सीमा सिंह को सीएम योगी के हाथों मिला सम्मान



लखीमपुर खीरी की रसोइया सीमा सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाकर सीमा सिंह ने जिले का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में रसोइयों के योगदान को सराहा गया और उनके सम्मान एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सौगातों की घोषणा की गई।

# कांवड़ियों की मोटरसाइकिल में फोर व्हीलर गाड़ी टकराने से बाइक सवार कांवड़िये की जान गई

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।**



शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव गोकन के पास कांवड़ियों जत्था जा रहा था तभी फोर व्हीलर गाड़ी सामने से दूसरी साइड में आकर टकरा गए जिससे एक की मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक को इलाज के लिए लखीमपुर सरकारी अस्पताल दूसरे बाइक सवार को शाहजहांपुर रेफर किया गया है।शव की शिनाख्त होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 11 बजे करीब गांव राय खुर्द थाना तिलहर शाहजहांपुर निवासी मोहनलाल अपनी बाइक पर पीछे गांव के हरिराम (35) को बैठाकर गोला कावड़ चढ़ाकर घर वापस लौट रहे थे तभी विपरीत दिशा से लखीमपुर निवासी आशीष पुत्र राम प्रकाश परिवार के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए जिससे वाहनों के परखच्चे उड़ गए कार चालक और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए प्राइवेट जानकी एंबुलेंस समाजसेवी शिवम राठौर स्वयं सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था डॉक्टर ने जांच के दौरान बाइक सवार हरिराम को मृत घोषित कर दिया दूसरा कावड़िया जिसको तत्काल प्रभाव से शाहजहांपुर शाहजहांपुर से बरेली रेफर किया गया जहां पर वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। वही कार चालक को जिला अस्पताल लखीमपुर और बाइक चालक को शाहजहांपुर रेफर किया गया है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर कार में सवार परिजनों को दूसरे वाहन से लखीमपुर भेजा गया है।

# अपर निदेशक के निरीक्षण के तुरंत बाद बैरिया गौशाला में मवेशियों की मौत वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

जनपद के निघासन क्षेत्र स्थित बैरिया गौशाला में भारी लापरवाही का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गौशाला में कई गोवंशीय मवेशियों की मौत की खबर से प्रशासनिक और विभागीय गलियारों में हड़कंप मच गया है। इस घटना से जुड़ा एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने सरकारी दावों और व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार निघासन के बैरिया गांव में स्थित अस्थाई गौशाला की बदहाली को देखकर एक स्थानीय ग्रामीण ने वहां का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इस वायरल वीडियो में कई गोवंशीय मवेशी मृत अवस्था में पड़े दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने गौशाला प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।इस पूरे मामले की गंभीरता इसलिए भी अधिक बढ़ गई है क्योंकि शनिवार को ही पशुपालन विभाग के अपर निदेशक अजय कुमार कनौजिया ने लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न गौशालाओं का मैराथन निरीक्षण किया था। उच्चाधिकारी के निरीक्षण करके लौटते ही ठीक अगले दिन इस तरह गोवंशीय मवेशियों के मरने की खबर सामने आने से विभागीय जांच और निरीक्षण की औपचारिकता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### चारा-पानी और इलाज न मिलने का आरोप

स्थानीय ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि बैरिया गौशाला में बंद गोवंशों के लिए चारा, पानी और बीमार पशुओं के लिए समय पर इलाज की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। देखरेख के अभाव में मवेशी दम तोड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने अब वायरल वीडियो और गोवंशीय मवेशियों की मौत के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है।लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन? अब क्षेत्र में सबसे बड़ा सवाल यही गूंज रहा है कि जब शासन और विभाग के उच्चाधिकारी लगातार जमीनी हकीकत परखने के लिए गौशालाओं का दौरा कर रहे हैं, तो फिर बैरिया गौशाला में इतनी बड़ी लापरवाही किसकी शह पर हो रही थी? क्या अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान यह कमियां नजर नहीं आईं, या फिर उनके जाते ही व्यवस्था को रामभरोसे छोड़ दिया गया? फिलहाल इस मामले में जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की आधिकारिक प्रतिक्रिया और कार्रवाई का इंतजार है।

# श्रद्धा, सेवा और संस्कार का संगम बना श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर, प्रवक्तानंद ने किया जलाभिषेक

**शिवभक्तों और कांवड़ियों के साथ महामंडलेश्वर ने की पूजा-अर्चना**

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



श्रावण मास के पावन अवसर पर खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम का श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर रविवार को आस्था, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी का साक्षी बना। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हर सप्ताह की भांति इस बार भी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और शिवभक्तों तथा कांवड़ियों के साथ मिलकर महादेव का जलाभिषेक किया। महाराज के मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हुआ और पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था और धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना की। उन्होंने महादेव से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों और कांवड़ियों ने भी श्रद्धा के साथ भगवान अलखेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर बांटीं खुशियां:** पूजा-अर्चना के बाद स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने आश्रम में पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने सभी को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव की भक्ति मनुष्य को सेवा, संयम और सद्भाव की प्रेरणा देती है। महाराज ने श्रद्धालुओं के बीच फल एवं कॉफी का वितरण कर स्वयं सेवा कार्य में सहभागिता की।महाराज का यह सहज और आत्मीय व्यवहार श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। धार्मिक आयोजनों में स्वयं आगे बढ़कर सेवा करना और श्रद्धालुओं के सुख-दुख में सहभागी बनना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान बन चुका है। यही कारण है कि क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति विशेष श्रद्धा और आत्मीयता देखने को मिलती है।

**भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद:** इसी दौरान जनपद के सम्मानित व्यापारी पंकज अग्रवाल की ओर से शिवभक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के श्रेष्ठजनों और श्रद्धालुओं के साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाराज ने भंडारा आयोजक पंकज अग्रवाल सहित आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। भगवान शिव की भक्ति तभी सार्थक है, जब उसके साथ मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता का भाव भी जुड़ा हो।

# महिला के हाई-वोल्टेज ड्रामे से हाईवे पर मचा हड़कंप, 20 मिनट तक थमे वाहनों के पहिए

**पति पर मारपीट का आरोप रोडवेज बस और मजिस्ट्रेट की गाड़ी के सामने हुई खड़ी**



**पीलीभीत।** पीलीभीत-टनकपुर हाईवे पर नेहरू पार्क के समीप रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पीड़ित महिला अचानक उत्तराखंड रोडवेज की सरकारी बस के सामने जाकर खड़ी हो गई। महिला के इस कदम से बस चालक ने वाहन रोक दिया और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी।

इसी बीच महिला कलेक्ट्रेट की ओर से आ रही मजिस्ट्रेट की गाड़ी के सामने भी जाकर खड़ी हो गई। महिला के अचानक सड़क पर खड़े हो जाने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई।

करीब 20 मिनट तक चले इस हाई-वोल्टेज घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थिति को देखते हुए मजिस्ट्रेट की गाड़ी के चालक ने तत्काल पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद चालक ने महिला को समझाकर अपने साथ बैठाया और उसे सुनगढ़ी थाने ले गया।थाने पहुंचने पर महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की है। महिला का आरोप है कि घरेलू विवाद के चलते वह परेशान है और इसी कारण उसने हाईवे पर पहुंचकर अपनी बात रखने का प्रयास किया।

फिलहाल पुलिस महिला की शिकायत और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। घटना के चलते हाईवे पर कुछ समय तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

# लोकतंत्र और आंदोलन में अनुशासन की जरूरत


हृदयनारायण दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लाल किले से विघटनकारी शक्तियों से सावधान रहने की अपील की है। मोदी का भाषण बार-बार पठनीय है। उन्होंने नक्सली हिंसा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है। बताया है कि देश की धरती पर सक्रिय भारत विरोधी नक्सलियों का हमने सफाया कर दिया है। सब जानते हैं कि नक्सलपंथ संविधान, परम्परा, संस्कृति और कानून को नहीं मानते। उनका विचार हिंसा और सिर्फ हिंसा है। उनसे लड़ते हुए सुरक्षा बलों के हजारों नौजवान मारे गए हैं। वे राष्ट्रतोड़क हिंसावादी विचारधारा की मजबूती के लिए छद्म नामों से संगठन चलाते हैं। संविधान में उनकी आस्था नहीं है। देश को तोड़ने के लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। वे स्वयं को विद्वान कहते हैं। उनकी दृष्टि में शेष भारतीय सांप्रदायिक और संस्कृतिविहीन हैं।

नक्सली विचारधारा मार्क्सवाद का विस्तार है। इस विचारधारा में हिंसा और हत्या जैसे कृत्य निंदनीय नहीं हैं। लेनिन ने लिखा था, उत्पीड़ित वर्गों द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ, भूदासों द्वारा भूस्वामियों पर चलाए जाने वाले अभियान को पूर्णतः प्रगतिशील मानते हैं। प्रगति प्रकाशन, मास्को द्वारा प्रकाशित पुस्तक में सबकुछ जायज माना गया है। इस विचारधारा से पैदा संगठनों का काम सुव्यवस्थित रूप में चलता है। पढ़-लिख सकने वाले लोग शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा करते हैं। ये यत्र-तत्र सर्वत्र हिंसक गतिविधियों का मनमाना विश्लेषण करते हैं। उन्हें समर्थन देते हैं। इनकी तुलना स्पेन के गृहयुद्ध (1938) में प्रचलित फिफ्थ कॉलमिस्ट (पांचवां स्तंभ) से की जा सकती है। फ्रेंको के जनरल ने कहा था, हमारे चार दस्ते मैड्रिड पर हमलावर हैं। पांचवां कॉलम पहले से ही शहर के भीतर मौजूद और सक्रिय है। तभी एक विशेष प्रकार की पत्रकारिता को पांचवां स्तंभ कहा गया।

भारत में पांचवें स्तंभकार (फिफ्थ कॉलमिस्ट) सक्रिय हैं। वे हिंसक गतिविधियों का औचित्य सिद्ध करने में लगे रहते हैं। जंतर मंतर की अराजकता वाले अंश का समर्थन करने वाले कथित बुद्धिजीवियों के लेख और विश्लेषण ऐसे ही थे। नक्सलपंथी अपने मिशन में सक्रिय हैं। आईएसआई जैसी संस्थाओं से उनके रिश्ते हैं। कम्युनिस्ट विचारधारा के अनुसार संसदीय राजनीति में गरीबों मजदूरों और सर्वहारा वर्ग का कोई हितसाधन संभव नहीं है। जनसंग्राम और जनयुद्ध में ही सर्वहारा वर्ग का हित है। मार्क्स ऐंगेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र में सर्वहारा की लड़ाई का तत्व बताया था। इस लड़ाई में, सर्वहारा वर्ग केवल अपने को ही पुनर्जीवित नहीं करता। वह अपने साथ पूरी कौम और पूरे समाज को भी पुनर्जीवित करता है।



प्रधानमंत्री ने ऐसी विचारधारा के लिए दिमागी नक्सल शब्द का प्रयोग किया है। स्वयं को सर्वाधिक शिक्षित और विद्वान मानने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने फौरन प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। तमाम अन्य लोगों ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं। दिमागी नक्सल विचारधारा के लोगों ने भारत को कभी एक राष्ट्र नहीं माना। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा और दर्शन का मजाक बनाया है। यहां के समाज को आत्महीन और पिछड़ा बताया है। उनके ज्ञान का सदुपयोग कांग्रेस करती आई है। सोची-समझी रणनीति के तहत वे भारतीय श्रद्धा वाले महापुरुषों और प्रतीकों का अपमान करते रहे हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण को कल्पना बताते रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के परिसर में भारत विरोधी नारेबाजी के तार 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' तक विस्तृत है। वे संवैधानिक संस्थाएं नहीं मानते। वे न्यायपालिका का आदर नहीं करते। कार्ल मार्क्स, लेनिन और माओत्सेतुंग इनके देवता हैं। इसी विचार के लोगों ने महात्मा गांधी तक को गालियाँ दी थीं। हिंसा ही उनकी दृष्टि में सारी समस्याओं का समाधान है। वे कथित रूप में सर्वहारा की तानाशाही लाना चाहते हैं। भिन्न-भिन्न नामों से काम करते हैं और हिंसा का प्रचार करते हैं। नक्सलपंथ भी इसी नाम बदलने की शैली से विकसित हुआ है।

पश्चिम बंगाल के गांव नक्सलबाड़ी में दो वर्गों में संघर्ष हुआ। इन्हीं लोगों ने एक गुट को संरक्षण दिया। इस काण्ड में तमाम हत्याएं हुई थीं। इन लोगों ने नक्सलबाड़ी गांव में हुए इस संघर्ष का नाम नक्सलपंथ रखा। नक्सलपंथ माओ से प्रेरित है। हिंसा और हत्या, लूटपाट और डकैती इनके सामान्य हथियार हैं। विश्वविद्यालय इस विचारधारा के प्रचार के लिए सरल और सुगम मार्ग प्रतीत होते हैं। दिल्ली के विश्वविद्यालय जब तब दिमागी नक्सली विचारधारा के प्रचार का अड्डा बन जाते हैं। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन ने देश का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रदर्शन में शामिल होने वाले छात्रों की मांग सुचितापूर्ण परीक्षा से जुड़ी हुई थी। लेकिन उपस्थित नौजवानों का एक वर्ग संसद, प्रधानमंत्री और न्यायपालिका पर भी टिप्पणियां कर रहा था।

आन्दोलन लोकतांत्रिक अधिकार है। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्ट उल्लेख है। लेकिन उसी अनुच्छेद 14 (1) में इस आजादी को लोकव्यवस्था के अधीन संयमित किया गया है। अनुशासित आन्दोलन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। ऐसे अनुशासित आन्दोलन होते रहने चाहिए। लेकिन संसद, प्रधानमंत्री आदि संस्थाओं की गरिमा महिमा का अतिक्रमण संविधान सम्मत नहीं है। किसी भी आन्दोलनकारी को देश की संवैधानिक संस्थाओं को लतियाने की छूट नहीं दी जा सकती। कार्यपालिका संविधान चुनावी जनादेश के अधीन कार्य करती है। हजार दो हजार लोगों की भीड़ कार्यपालिका से जबरदस्ती कार्य नहीं करा सकती। आन्दोलनकारियों की मांगों पर विचार करना निर्वाचित सरकार का कर्तव्य है।

स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे आन्दोलन जरूरी होते हैं लेकिन वामपंथी हिंसा के माध्यम से ही सारी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। हम संविधानविहीन राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते। दिमागी नक्सली राज्यविहीन समाज चाहते हैं। वे संविधान का दुरुपयोग करते हैं, गलत व्याख्या करते हैं। धरना प्रदर्शनों में संविधान की प्रति दिखाते रहते हैं। उनका कोई देश नहीं होता। उनसे विचारधारा के आधार पर निपटना जरूरी है।

आइए, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ प्रसंगों को ध्यान में लेते हैं। संसद हमले के मुख्य आरोपित आतंकी अफजल गुरु को फांसी हुई थी। इस फांसी के विरोध में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सभा हुई। इस कार्यक्रम में भारत विरोधी नारेबाजी की गई। इन लोगों ने भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे राष्ट्रघाती नारे लगाए। नारेबाजी में अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं, तुम कितने अफजल मारोगे घर-घर से अफजल निकलेगा जैसे नारों से देश शर्मिंदा हुआ था। इसी नारेबाजी में ब्राह्मणवाद से आजादी, मनुवाद से आजादी, राष्ट्रवाद से आजादी जैसे आपत्तिजनक नारे भी लगे थे।

ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र इकाई है। उपर्युक्त विवादित कार्यक्रम में कन्हैया कुमार, उमर खालिद, शेहला राशिद जैसे छात्रनेता देशतोड़क जमात में थे। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों से इस विचारधारा का सफाया हो गया है। लेकिन ये लोग वेश बदलकर छोटे-मोटे आंदोलनों में घुसपैठ कर जाते हैं। इनसे सतर्क रहना आवश्यक है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## बंगाल में निवेश की अग्निपरीक्षा

पश्चिम बंगाल में बड़े निवेश की उम्मीदें एक बार फिर जग रही हैं। राज्य की नई सरकार के सामने यह केवल पूंजी आकर्षित करने का सवाल नहीं है, बल्कि ऐसी पुरानी छवि बदलने की चुनौती भी है जिसमें उद्योग और निवेश को लेकर सरकारों, राजनीतिक दलों, श्रमिक संगठनों और स्थानीय लोगों के बीच टकराव का लंबा इतिहास रहा है। यदि बंगाल को आर्थिक रूप से नई दिशा देनी है तो उसे अतीत की गलतियों से सीखते हुए निवेशकों के साथ-साथ आम जनता का विश्वास भी जीतना होगा। बंगाल कभी भारत का प्रमुख औद्योगिक केंद्र था। कोलकाता देश के बड़े व्यापारिक और औद्योगिक शहरों में गिना जाता था। लेकिन समय के साथ उद्योगों का पलायन, श्रमिक असंतोष, राजनीतिक हस्तक्षेप, भूमि विवाद और प्रशासनिक जटिलताओं ने राज्य की औद्योगिक पहचान को कमजोर किया। वाम मोर्चा के लंबे शासन में भूमि सुधार और ग्रामीण राजनीति ने उसे मजबूत जनाधार जरूर दिया, लेकिन बड़े उद्योगों के लिए जमीन उपलब्ध कराने की समस्या भी धीरे-धीरे गंभीर होती गई। हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स का अनुभव इस पूरी कहानी का महत्वपूर्ण उदाहरण है। बड़ी उम्मीदों के साथ शुरू हुई परियोजना को आकार लेने में वर्षों लग गए। साझेदार बदले, हिस्सेदारी और नियंत्रण को लेकर विवाद हुए तथा परियोजना के भविष्य पर अनिश्चितता बनी रही। आखिरकार उत्पादन शुरू हुआ, लेकिन जिस औद्योगिक बदलाव की उम्मीद की गई थी, वह अपेक्षित स्तर पर नहीं दिखाई दिया। यह उदाहरण बताता है कि किसी बड़े निवेश के लिए केवल घोषणा पर्याप्त नहीं होती। उसके लिए स्थिर नीति, स्पष्ट समझौते और सरकार तथा निवेशक के बीच भरोसा जरूरी है। बंगाल का दूसरा बड़ा सबक सिंगूर और नंदीग्राम से मिलता है। टाटा की नैनो परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध इतना व्यापक हुआ कि अंततः परियोजना राज्य से बाहर चली गई। नंदीग्राम में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजना को लेकर हुआ संघर्ष भी राज्य की राजनीति में निर्णायक मोड़ बन गया। इन घटनाओं ने यह संदेश दिया कि विकास परियोजनाओं के लिए जमीन हासिल करना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है। जमीन से लोगों की आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव होता है। इसलिए सरकार को विकास और जनहित के बीच संतुलन बनाना होगा। यहां यह भी समझना होगा कि निवेश विरोधी राजनीति का सबसे बड़ा नुकसान अंततः आम जनता को होता है। उद्योग बंद होंगे या नए उद्योग नहीं आएंगे तो रोजगार के अवसर घटेंगे। युवाओं को दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ेगा। राज्य की आय और आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी। दूसरी ओर, यदि सरकार बिना पर्याप्त मुआवजे और पुनर्वास के लोगों की जमीन लेती है तो सामाजिक असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष की जीत में नहीं, बल्कि संतुलित नीति में है। श्रमिक संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है, लेकिन उद्योग और रोजगार को लेकर व्यावहारिक दृष्टिकोण भी जरूरी है। यदि हर औद्योगिक पुनर्गठन को छंटनी के डर से रोक दिया जाएगा तो कंपनियां निवेश से पीछे हट सकती हैं। सरकार को श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए कौशल विकास, पुनर्नियोजन और बेहतर मुआवजे जैसी व्यवस्थाएं विकसित करनी चाहिए।
अब नई सरकार के सामने सबसे बड़ी परीक्षा प्रशासनिक क्षमता की है। निवेशक को केवल आकर्षक प्रस्ताव नहीं चाहिए। उसे जमीन की उपलब्धता, बिजली, सड़क, बंदरगाह, कुशल श्रम, कानून-व्यवस्था और समयबद्ध मंजूरियों का भरोसा चाहिए। उद्योगपति वर्षों तक सरकारी विभागों के चक्कर लगाना नहीं चाहता। एक परियोजना के लिए दर्जनों मंजूरियां और अनिश्चित समय-सीमा निवेश की लागत बढ़ाती हैं। इसलिए सिंगल-विंडो व्यवस्था को वास्तव में प्रभावी बनाना होगा। नीति की निरंतरता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उद्योगपति आज निवेश करता है और उसका लाभ कई वर्षों बाद मिलता है। ऐसे में उसे यह विश्वास होना चाहिए कि राजनीतिक सत्ता बदलने के बावजूद निवेश समझौते और औद्योगिक नीतियां सुरक्षित रहेंगी। किसी सरकार की राजनीतिक विचारधारा चाहे जो हो, आर्थिक नीतियों में स्थिरता निवेशकों के लिए सबसे बड़ा भरोसा पैदा करती है। केंद्र और राज्य के बीच समन्वय भी बंगाल के औद्योगिक भविष्य के लिए अहम होगा। बड़े उद्योगों के लिए परिवहन, ऊर्जा, बंदरगाह और राष्ट्रीय स्तर की कई मंजूरियों में केंद्र की भूमिका रहती है, जबकि जमीन और स्थानीय प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विषय राज्य के अधीन होते हैं। राजनीतिक मतभेद विकास की राह में बाधा नहीं बनने चाहिए। निवेश रोजगार और आर्थिक विकास से जुड़ा विषय है, इसलिए इसमें सहयोग की राजनीति अधिक उपयोगी होगी। बंगाल के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। कोलकाता का भौगोलिक महत्व, हल्दिया और अन्य बंदरगाह, पूर्वोत्तर तथा पूर्वी भारत से संपर्क, बड़ा उपभोक्ता बाजार और शिक्षित मानव संसाधन राज्य को निवेश के लिए आकर्षक बना सकते हैं। जरूरत इन खूबियों को प्रशासनिक दक्षता और राजनीतिक स्थिरता से जोड़ने की है। बंगाल की असली परीक्षा अब यही है कि वह अपने अतीत से कितना सीखता है। बड़े निवेश की घोषणा सुर्खियां जरूर बना सकती है, लेकिन निवेश को जमीन पर उतारना और वर्षों तक सफल बनाए रखना ही सरकार की वास्तविक उपलब्धि होगी। यदि सरकार किसान, श्रमिक, उद्योगपति और युवा—सभी हितधारकों को साथ लेकर चलती है, तो बंगाल फिर औद्योगिक मानचित्र पर मजबूत वापसी कर सकता है। लेकिन यदि पुरानी राजनीतिक खींचतान, भूमि विवाद, प्रशासनिक देरी और अविश्वास की संस्कृति लौटती है तो बड़े निवेश के अवसर भी हाथ से निकल सकते हैं। बंगाल के पास अब गलती दोहराने की गुंजाइश कम है।

## दो टूक




# मनुस्मृति पर अज्ञानता या राहुल का झूठ फैलाने का प्रयास

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

राहुल गांधी ने पुणे के एक कार्यक्रम में मनुस्मृति के एक चर्चित श्लोक, न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति का उल्लेख करते हुए उसके आधार पर मनुस्मृति की स्त्री-विषयक दृष्टि पर सवाल उठाया। अब असल प्रश्न यह है कि क्या किसी भी प्राचीन ग्रंथ का मूल्यांकन उसके एक अंश को संदर्भ से अलग करके किया जा सकता है? उपलब्ध सामग्री के अध्ययन के आधार पर यही निष्कर्ष निकलता है कि राहुल गांधी की स्त्री विषयक टिप्पणियों में गंभीर वैचारिक दोष है, ऐसे में लगता यही है कि या तो अज्ञानी है या फिर जानबूझकर झूठ बोल कर भारत की नारी शक्ति को भ्रम में डालकर कल्चरल मार्क्सवाद की ओर ढकेल देना चाहते हैं, जिसमें वे मुक्ति के नाम पर अपना शोषण करवाने की टूल किट बन सकें।

वास्तव में मनुस्मृति को समझने के लिए उसके पूरे सामाजिक और विधिक संदर्भ को देखना आवश्यक है। मनुस्मृति में स्त्री के सम्मान, मातृत्व, स्त्रीधन, पारिवारिक उत्तरदायित्व और वैवाहिक निष्ठा को लेकर अनेक स्पष्ट विधान मिलते हैं, इसलिए 'न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति' को पूरे ग्रंथ का प्रतिनिधि वाक्य मान लेना एकांगी निष्कर्ष होगा।

मनुस्मृति के तीसरे अध्याय का प्रसिद्ध श्लोक है, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।' अर्थात जहाँ नारियों का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का निवास माना गया है और जहाँ उनका सम्मान नहीं होता, वहाँ किए गए कर्म निष्फल हो जाते हैं। यह श्लोक स्त्री को परिवार और सामाजिक जीवन की गरिमा के केंद्र में रखता है। यहाँ एक महत्वपूर्ण बात समझने की आवश्यकता है। स्त्री के सम्मान और उसकी सुरक्षा को सामाजिक दायित्व मानना अपने आप में स्त्री-विरोधी दृष्टिकोण नहीं कहा जा सकता। मनुस्मृति में माता के गौरव को अत्यंत ऊँचा स्थान दिया गया है। दूसरे अध्याय के 145वें श्लोक में माता को पिता से भी अधिक सम्मान का अधिकारी बताया गया है, 'सहस्रं तु पितृन्माता गौरवेणातिरिच्यते।' अर्थात गौरव की दृष्टि से माता का स्थान एक हजार पिताओं से भी ऊपर बताया गया है। यदि राहुल गांधी मनुस्मृति की स्त्री-दृष्टि पर प्रश्न उठाते हैं तो इस श्लोक सहित उन सभी प्रावधानों पर भी समान रूप से चर्चा होनी चाहिए जो स्त्री को परिवार की प्रतिष्ठा और नैतिक केंद्र मानते हैं। किसी एक कथन को लेकर पूरे ग्रंथ का चरित्र निर्धारित करना उसी प्रकार अधूरा होगा, जैसे किसी आधुनिक संविधान की एक धारा के आधार पर उसके पूरे दर्शन को परिभाषित कर देना। मनुस्मृति में 'स्त्रीधन' की अवधारणा भी उल्लेखनीय है। उपलब्ध सामग्री में अध्याय 9 के श्लोक 194 का संदर्भ देते हुए बताया गया है कि विवाह और पारिवारिक अवसरों पर स्त्री को प्राप्त धन और आभूषण उसके अधिकार से जुड़े माने गए हैं तथा पुरुष द्वारा उस संपत्ति के अनुचित उपयोग को स्वीकार नहीं किया गया। यह तथ्य इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि स्त्री की स्थिति पर चर्चा प्रायः 'स्वतंत्रता' शब्द की आधुनिक परिभाषा से नहीं की जा सकती। आर्थिक अधिकार, संपत्ति पर नियंत्रण, पारिवारिक सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा, वस्तुतः ये सभी स्त्री की स्थिति के अलग-अलग आयाम हैं। मनुस्मृति की समग्र चर्चा में इन सभी को साथ रखना होगा। इसी प्रकार विवाह को लेकर मनुस्मृति में पति-पत्नी दोनों के पारस्परिक संतोष और निष्ठा पर बल दिया गया है। 'सन्तुष्टो भार्यया भर्ता भर्त्रा भार्या तथैव च' का भाव यह है कि जिस परिवार में पति पत्नी से और पत्नी पति से संतुष्ट रहती है, वहाँ कल्याण की संभावना रहती है। आज जब परिवार, विवाह और सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्यापक बहस हो रही है, तब इस दृष्टि को भी विमर्श का हिस्सा बनाया जा सकता है। दहेज के प्रश्न पर भी उपलब्ध सामग्री मनुस्मृति के अध्याय 3 के श्लोक 51 का उल्लेख करती है, जहाँ कन्या के विवाह के बदले शुल्क लेने की निंदा की गई है और लोभवश ऐसा करने वाले पिता की आलोचना की गई है। यह तथ्य आज के संदर्भ में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्पष्ट होता है कि प्राचीन ग्रंथों की सामाजिक व्यवस्थाओं को समझते समय उनके भीतर मौजूद सुधारात्मक और नैतिक निर्देशों को भी देखा जाना चाहिए।

सबसे अधिक गंभीर प्रश्न मनुस्मृति में कथित 'प्रक्षेपों' को लेकर है। उपलब्ध सामग्री में यह दावा किया गया है कि वर्तमान में उपलब्ध पाठ में बाद के काल में कुछ अंश जोड़े गए और महर्षि दयानंद सरस्वती जैसे विद्वानों ने कुछ श्लोकों को मूल मनु की शिक्षाओं से असंगत माना। कई भाषा विज्ञ भी यह बता चुके हैं। यही बात राहुल गांधी की टिप्पणी पर भी लागू होती है। यदि वे मनुस्मृति के किसी श्लोक को आधार बनाकर उसकी आलोचना कर रहे हैं, तो उन्हें भी पूरे पाठ, उसके ऐतिहासिक संदर्भ, विभिन्न पाठ-परंपराओं और उसके भीतर मौजूद परस्पर भिन्न कथनों को सामने रखना चाहिए। आलोचना का अधिकार सबको है, लेकिन आलोचना का आधार भी उतना ही गंभीर होना चाहिए, जितना कि गंभीर आरोप उस पर सार्वजनिक रूप से लगाया जा रहा है। तार्किक रूप से सोचें, जो ग्रंथ एक तरफ नारी को साक्षात लक्ष्मी, पूजनीय और देवताओं के निवास का आधार बताता है, वही ग्रंथ कुछ श्लोकों बाद अचानक स्त्री को प्रताड़ना या अधिकार-हीन कैसे कह सकता है? यह अंतर्विरोध (Contradiction) इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि बाद के समय में स्वार्थी तत्वों और विदेशी षड्यंत्रकारियों द्वारा इसमें मिलावट की गई थी। अब केंद्र एवं राज्य सरकारों के स्तर पर भी विचार कर लें, क्या हम अपनी स्त्रियों, युवतियों, माताओं को संरक्षण नहीं दे रहे, यदि दे रहे हैं तो क्या यह राहुल गांधी की भाषा में कहें, उन्हें गुलाम बनाना है? फिर क्यों महिला आयोग बनाए हैं? पॉक्सो एक्ट लागू किया है? एक बेटी के जन्म से लेकर उसकी मृत्यु तक अनेक योजनाएं, नियम, कानून हैं, जिनके माध्यम से आज भी हम अपने समाज की स्त्री को सम्मान दे रहे हैं, उसके हित एवं रक्षा के लिए यथासंभव प्रयास कर रहे हैं, तब तो हम सब भी राहुल की भाषा में नारी का शोषण कर रहे हैं? ऐसे में कहना यही होगा कि असली समस्या मनुस्मृति से अधिक उस राजनीतिक शैली की है जिसमें जटिल परंपरागत ग्रंथों को कुछ चुने हुए उद्धरणों में समेटकर बिना पूर्ण अध्ययन किए ही राजनीतिक निष्कर्ष निकाल दिए जाते हैं। राहुल गांधी को यदि मनुस्मृति की आलोचना करनी है तो वे उसके प्रत्येक प्रासंगिक पक्ष पर बहस करें। संस्कृत मूल सामने रखें, संदर्भ समझाएं, विभिन्न विद्वानों की व्याख्याओं को रखें और फिर निष्कर्ष दें। यही स्वस्थ बौद्धिक परंपरा होगी। अन्यथा एक श्लोक को पूरे ग्रंथ का पर्याय बना देना न तो इतिहास है, न शास्त्रार्थ और न गंभीर राजनीति।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस



संजय एम तराणेकर

### डिग्रिधारी युवाओं की भीड़..!

**युवाओं के कंधों पे डिग्रियाँ, आँखों में सपने,**
**हाथों में प्रमाण-पत्र, फिर भी खाली अपने!**
**यूं किसी ने किताबों में अपना बचपन खोया,**
**किसी ने फीस के लिए घर का सपना रोया।**

**पढ़ते रहे वर्षों तक, नौकरियों की आस लिए,**
**हर सुबह निकल पड़े एक नए विश्वास लिए।**
**प्रतियोगिता की कतार, परीक्षा का इंतज़ार,**
**परिणाम की बेचैनी, उमर निकलने का भार।**

**युवक देश की ताकत फिर इतनी बेबस क्यों?**
**हाथों में हुनर, रोजगार की राहें बेबस क्यों?**
**कुछ पढ़ाई से दूर हुए और रोजगार से दूर हुए,**
**ये दोनों के बीच अपने भविष्य से मजबूर हुए।**
**(नीति आयोग की नई रिपोर्ट-8.7 करोड़ युवा न तो पढ़ाई कर रहे, न नौकरी)**




# वन्दे मातरम् को मिला 2026 में कानूनी संरक्षण

कैलाश चन्द्र

वन्दे मातरम् का अल्प विरोध भी दिमागी नक्सलवाद और अलगाववादी मानसिकता का प्रतीक है। यह कहना तभी सार्थक होगा जब हम इस कथन को राजनीतिक आरोप के बजाय राष्ट्रभाव, इतिहास और संवैधानिक कर्तव्य के व्यापक संदर्भ में समझें। वन्दे मातरम् भारत के राष्ट्रीय जीवन का कोई सामान्य गीत नहीं है। बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की यह रचना उन्नीसवीं शताब्दी में जन्मी, स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना का शक्तिशाली उद्घोष बनी और स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय गीत के रूप में प्रतिष्ठित हुई।

इसका पहला ज्ञात प्रकाशन 7 नवम्बर 1875 को बांगदर्शन में हुआ और बाद में 1882 में आनन्दमठ में इसे सम्मिलित किया गया। 1896 में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गाया और 1905 के स्वदेशी आंदोलन के दौरान यह औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय प्रतिरोध का प्रमुख उद्घोष बन गया, इसलिए वन्दे मातरम् को दो शब्दों के शाब्दिक अर्थ में सीमित करके देखना उसके डेढ़ शताब्दी के राष्ट्रीय इतिहास को नज़रअंदाज़ करना होगा। माता यहाँ मातृभूमि का प्रतीक है। वह भूमि जिसने अपने संतानों को जन्म दिया, उनका पालन किया और जिसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया।

तथ्यात्मक ईमानदारी यह भी मांग करती है कि हम यह स्वीकार करें कि मूल विस्तृत कविता के बाद के पदों में दुर्गा, कमला और वाणी जैसे हिन्दू धार्मिक सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग हुआ है। इसलिए किसी धार्मिक व्यक्ति को इन पदों के प्रति अपनी धार्मिक संवेदना व्यक्त करने का अधिकार है। इस तथ्य से वन्दे मातरम् के राष्ट्रीय और ऐतिहासिक अर्थ समाप्त नहीं हो जाते।

यहीं साहित्य और राजनीति के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। कविता में रूपक, मानवीकरण, प्रतीक और सांस्कृतिक बिम्बों का प्रयोग होता है। राष्ट्र को माता कहना भारत की मातृभूमि संबंधी सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है। यह आवश्यक नहीं कि मातृभूमि को माता कहने वाला व्यक्ति किसी विशेष धार्मिक पूजा पद्धति को स्वीकार कर रहा हो। इसी कारण वन्दे मातरम् को हिन्दू बनाम मुसलमान के प्रश्न में बदल देना उसके व्यापक राष्ट्रीय अर्थ को संकुचित करना है। भारतीय नागरिक की धार्मिक आस्था अपनी जगह है और मातृभूमि के प्रति उसका नागरिक भाव अपनी जगह। दोनों को अनिवार्य रूप से परस्पर विरोधी मानना भारत की बहुलतापूर्ण राष्ट्रीय परंपरा को समझने में असफल होना है।

फिर भी राष्ट्रीय प्रतीक के प्रति असहमति और उसके जानबूझकर अपमान या व्यवधान में स्पष्ट अंतर होना चाहिए। किसी व्यक्ति की निजी धार्मिक अथवा बौद्धिक असहमति अपने आप में वही बात नहीं है जो किसी राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकना या बाधित करना है। यही अंतर 2026 के नए कानून को समझने में निर्णायक है।

राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संशोधन अधिनियम, 2026 ने 1971 के राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् को धारा 3 के दायरे में शामिल किया है। अब यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रगान अथवा राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकता है अथवा ऐसे गायन में लगी सभा में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करता है, तो वह दंडनीय हो सकता है। पहली दोषसिद्धि पर अधिकतम तीन वर्ष का कारावास, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। यहाँ एक महत्वपूर्ण कानूनी सावधानी आवश्यक है। इसका अर्थ यह नहीं है कि जो व्यक्ति वन्दे मातरम् नहीं गाएगा उसे स्वतः तीन वर्ष की जेल होगी। कानून अपराध को जानबूझकर रोकने या व्यवधान उत्पन्न करने से संबंधित है। अर्थात् न गाना और दूसरों को गाने से जानबूझकर रोकना कानूनी रूप से एक ही बात नहीं हैं, इसलिए राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा करते समय कानून की वास्तविक सीमा को भी सम्मान देना होगा। राष्ट्रभक्ति का अर्थ कानून की अतिरंजित व्याख्या करना नहीं, बल्कि कानून को ठीक ठीक समझना है।

2026 का परिवर्तन फिर भी ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे वन्दे मातरम् को राष्ट्रगान के साथ धारा 3 की विशेष वैधानिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। इससे यह राष्ट्रगान नहीं बन जाता। जन गण मन राष्ट्रगान और वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनी अलग औपचारिक पहचान बनाए रखते हैं। इसी प्रकार 2026 में गृह मंत्रालय ने वन्दे मातरम् के आधिकारिक गायन और उसके राष्ट्रगान के साथ संबंध को लेकर नया प्रोटोकॉल भी जारी किया। जब दोनों का गायन या वादन एक ही आधिकारिक कार्यक्रम में हो, तो राष्ट्रीय गीत को पहले प्रस्तुत करने का प्रोटोकॉल निर्धारित किया गया है। आधिकारिक कार्यक्रमों में पूर्ण संस्करण के उपयोग को भी नए निर्देशों में स्थान दिया गया है।

अर्थात् 2026 में वन्दे मातरम् का प्रश्न भावनात्मक या राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं रहा। अब इसके साथ इतिहास, साहित्य, राष्ट्रीय प्रतीक, सरकारी प्रोटोकॉल और वैधानिक संरक्षण सभी जुड़े हुए हैं। ऐसे में वन्दे मातरम् का अपमान, तिरस्कार, जानबूझकर अवमानना अथवा उसके गायन को बाधित करना किसी सामान्य गीत के प्रति असहमति नहीं माना जा सकता। राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान लोकतांत्रिक नागरिक संस्कृति का हिस्सा है, लेकिन दिमागी नक्सलवाद और अलगाववाद जैसे




शब्दों का प्रयोग भी सावधानी से होना चाहिए। किसी व्यक्ति के गीत न गाने या धार्मिक आपत्ति व्यक्त करने को स्वतः नक्सलवादी या अलगाववादी घोषित करना तथ्य और कानून दोनों की दृष्टि से उचित नहीं होगा।

ऐसे शब्द तब अधिक सार्थक होते हैं जब किसी व्यक्ति या संगठन के व्यापक व्यवहार में राष्ट्र विरोधी हिंसा, संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध सक्रियता या अलगाववादी राजनीति अथवा व्यावहारिक जैसे ठोस तत्व मौजूद हों, इसलिए अधिक मजबूत राष्ट्रीय तर्क यह है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जानबूझकर अवमानना, व्यवधान और अपमान की मानसिकता को सामान्य या गौरवपूर्ण राजनीतिक संस्कृति नहीं बनाया जाना चाहिए।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था असहमति का अधिकार देती है। असहमति और विघटन एक ही चीज नहीं हैं। आलोचना और अपमान एक ही चीज नहीं हैं। धार्मिक संवेदना और राष्ट्र विरोध एक ही चीज नहीं हैं। इसी प्रकार राष्ट्रभक्ति और धार्मिक एकरूपता भी एक ही चीज नहीं हैं। वन्दे मातरम् की वास्तविक शक्ति इसी व्यापकता में है कि यह गीत भारत की मातृभूमि को संबोधित करता है। यह उस भूमि को नमन करता है जिसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने जेलें भरीं, लाठियाँ खाईं, गोलियाँ झेलीं और अपने जीवन का बलिदान दिया। इसका राष्ट्रीय अर्थ किसी एक राजनीतिक दल, किसी एक वर्तमान नेता या किसी एक समुदाय से बड़ा है।

1875 की साहित्यिक रचना से लेकर 1905 के स्वदेशी आंदोलन, 1937 के राष्ट्रीय उपयोग पर हुए विमर्श, 24 जनवरी 1950 के संविधान सभा के निर्णय और 2026 के नए वैधानिक संरक्षण तक वन्दे मातरम् की यात्रा बताती है कि यह भारत की राष्ट्रीय स्मृति का जीवंत हिस्सा है। अतः आज आवश्यकता किसी समुदाय को दोषी ठहराने की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रतीकों के अर्थ को सही ढंग से समझने की है। आस्था अपनी जगह है। असहमति अपनी जगह है। कानून अपनी जगह है। मातृभूमि के प्रति सम्मान भी अपनी जगह है। मातृभूमि के सम्मान से समझौता कैसे सम्भव है? किसी भारतीय से उसकी पूजा पद्धति पूछे बिना भी यह कहा जा सकता है कि जिस भूमि ने उसे जन्म दिया, उसके प्रति सम्मान रखो। यही वन्दे मातरम् की व्यापक राष्ट्रीय चेतना है और 2026 के नए कानून का संदेश भी इसी संदर्भ में समझना चाहिए। राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकना या उसमें कानूनी रूप से परिभाषित व्यवधान डालना अब दंडनीय है, इसलिए वन्दे मातरम् पर बहस करते समय हमें न तो इतिहास छिपाना चाहिए, न धार्मिक संवेदनाओं का उपहास करना चाहिए और न राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान को सामान्य बनाना चाहिए।

भारत माता के प्रति सम्मान किसी एक सम्प्रदाय की संपत्ति नहीं है। मातृभूमि पूरे राष्ट्र की है। इसे व्यक्तिगत पांथिक मान अपमान से जोड़ना इस भूमि के प्रति तिरस्कार एवं अलगाव की भावना को दर्शाता है। इसी भाव में वन्दे मातरम् एक गीत से कहीं अधिक है। यह स्वतंत्रता की स्मृति, मातृभूमि का वंदन, आत्मसम्मान का उद्घोष और राष्ट्रीय चेतना का ऐतिहासिक प्रतीक है। वन्दे मातरम्।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ग्राम चौपाल में अनियमितता मिलने पर दो सफाईकर्मी निलंबित

**हमीरपुर।** ग्राम चौपालों और स्थलीय निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर प्रशासन ने दो सफाई कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। सुमेरपुर विकासखंड के चन्दुपुरवा बुजुर्ग में निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मी वीर बहादुर अनुपस्थित मिले। उनके स्थान पर उनका पुत्र सफाई कार्य करता पाया गया। पूछताछ में कर्मी ने खराब स्वास्थ्य के कारण पुत्र से काम कराने की बात स्वीकार की। साथ ही गांव में नियमित सफाई न होने की स्थिति भी सामने आई। इसी प्रकार कलौलीजार में विद्यालय परिसर में घास-फूस, झाड़ियां और जलभराव के कारण कीचड़ पाया गया। यहां सफाई कर्मी सुनीता देवी के स्थान पर भी उनका पुत्र सफाई कार्य करता मिला। दोनों कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था और सरकारी दायित्वों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पत्नी-सास से विवाद के बाद ससुराल में दामाद ने फांसी लगाई

**सुमेरपुर।** बीती रात ससुराल आए अधेड़ ने शराब के नशे में धुत होकर पत्नी सास से झगड़ा करने के उपरांत घर पर लगे एंगल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। बांदा जनपद के जसपुरा थानाक्षेत्र के छोटा खटिहा निवासी भवानीदीन वर्मा 48 वर्ष शनिवार को अपनी ससुराल मौहर आया था रात में शराब पीने के बाद उसने पत्नी सियादुलारी और सास से विवाद किया। इससे दोनों घर से निकलकर दूसरे घर में सोने के लिए चली गईं। पत्नी सास के घर से जाने के बाद इसने घर पर एंगल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह घर लौटने पर पत्नी सास को घटना की जानकारी हो सकी। इससे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के आठ बच्चे हैं इनमें चार पुत्रियां माया, गुड़िया, लक्ष्मी, कुंती जबकि चार पुत्र गोविंद, धर्मेंद्र, अरविंद और लवकुश है सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। कैथी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### फटकार के बाद भी नहीं साफ हुई गल्ला मंडी की नालियां

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नवीन गल्ला मंडी की जाम नालियां साफ कराने के लिए सभापति एसडीएम अभिषेक कुमार की फटकार और निर्देश के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी है। बारिश होते ही नालियों का पानी आढ़तों में घुसने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रविवार को पड़ताल में आढ़तियों ने बताया कि नालियों में घास उगी है और लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। इससे जलभराव की समस्या बनी हुई है। पूर्व में खबर प्रकाशित होने के बाद एसडीएम ने मंडी का निरीक्षण कर सहायक को कड़ी फटकार लगाते हुए सफाई के निर्देश दिए थे। मंडी सहायक सुनील कुमार ओझा ने बताया कि मंडी सचिव ब्रजेश निगम एक माह के अवकाश पर हैं और मंडी की देखरेख उनके जिम्मे है। उन्होंने बताया कि मंडी में तीन सफाई कर्मी तैनात हैं, जिन पर प्रतिमाह करीब 70 हजार रुपये खर्च होते हैं। इसके बावजूद नालियां जाम हैं।

### रंजिश को लेकर दबंगों ने की मारपीट

**गरौठा।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने भैंसों को चराकर वापस लौट रहे चरवाहे के साथ मारपीट कर दी । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित छह दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । गरौठा थाना क्षेत्र के जलालपुरा निवासी धर्मपाल पुत्र मोतीलाल ने मुकदमा दर्ज कराया है कि गांव के ही श्याम सिंह , महेंद्र पाल सिंह , अजीत सिंह , ज्ञान सिंह एवं आकाश सिंह आदि से मेरी पुरानी रंजिश चल रही थी । शुक्रवार की शाम को वह भैंस चराकर घर वापस लौट रहा था । तभी घात लगाए बैठे सभी लोगों ने उसपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है ।

### बच्चों को सुरक्षित बचपन व कानूनी अधिकारों का दिया संदेश

**बांदा।** कालिंजर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान', शिक्षा का अधिकार अधिनियम, पॉक्सो एक्ट और राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला जज अल्पना ने बताया कि 12 सितंबर को मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बैंक वसूली, किरायेदारी, दीवानी, उत्तराधिकार, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, चेक बाउंस, जनोपयोगी सेवाओं, राजस्व, चकबंदी, श्रम तथा शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण होगा। रोटी बैंक सोसाइटी अध्यक्ष रिजवान अली व संगठन मंत्री सुनील सक्सेना की अगुवाई में बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स, कॉपी-पेन और महिलाओं को साड़ियां तथा पुरुषों को शर्ट वितरित की।

### करंट की चपेट में आकर बालक समेत दो की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के दोहा गांव निवासी केतन (5) पुत्र अमरपाल रविवार को सुबह परिवार के अन्य बच्चों के साथ बरामदे में खेल रहा था। इसी बीच अचानक तार टूट कर कूलर पर रख गया। कूलर के छूते ही वह करंट की चपेट आ गया। फुफेरी बहन राखी (7) बचाने आई तो उसे तेज करंट का झटका लगा। जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन बिजली आपूर्ति बंद की। तब तक परिजनों ने उसे करंट से मुक्त कराया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एक अन्य घटना में बिसंडा थाना क्षेत्र के पुनाहुर गांव के मजरा गौतमपुरवा निवासी राधाकृष्ण उर्फ राधे (50) पुत्र नर्वदा प्रसाद रविवार को सुबह मवेशियों को भूसा लेने कमरे गया था। लोहे का दरवाजा छूते ही करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर मौत हो गई।

### युवक ने फांसी लगा जान दी

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव निवासी बृजेश (45) पुत्र सीताराम ने शनिवार की रात कमरे के अंदर बांस के सहारे अंगोछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को सुबह उसके कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को आशंका हुई। दीवार तोड़ कर कमरे के अंदर दाखिल हुए परिजनों व ग्रामीणों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मृतक के चचेरे भाई पवन ने बताया कि आठ माह पहले बृजेश सूरत से गांव लौटा था। मृतक के चचेरे भाई पवन ने बताया कि नशे की हालत में फंसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### कल होगी मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक

**बांदा।** मंडलीय उद्योग की बैठक का आयोजन 25 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में किया गया है। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त अजीत कुमार सिंह करेंगे। यह जानकारी देते हुए संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में सक्षमध्नामित अधिकारियों को विभाग की संबंधित प्रगति और उद्यमियों को अपनी समस्याओं साथ समय से उपस्थित होने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित अफ़सर बैठक में स्वयं उपस्थित रहें, अपने प्रतिस्थानी को किसी भी दशा में न भेजें।

### जी-राम जी योजना में रहेगा 60 दिनों का ब्रेक

**बांदा।** शासन ने विकसित भारत-गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य में पीक एग्रीकल्चर सीजन अधिसूचित कर दिया है। इस अवधि के दौरान मिशन के तहत कोई भी रोजगार संबंधी कार्य नहीं कराया जाएगा, ताकि खेती-बाड़ी के लिए पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध रह सकें। मुख्य विकास अधिकारी बीबी-जी राम जी सेल की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार ने पहली जुलाई 2026 से विकसित भारत-गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को पूरे देश में लागू कर दिया है। कृषि सीजन में किसानों को राहत देने के लिए शासन ने वीबी-जी राम जी योजना के तहत निर्माण कार्य तीन चरणों में स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। शासन की अधिसूचना के अनुसार धान की रोपाई पहली जुलाई से 20 जुलाई, धान की कटाई व गेहूं की बुवाई 15 अक्टूबर से पांच नवंबर तथा गेहूं की कटाई पहली अप्रैल से 20 अप्रैल तक कुल 60 दिन तक योजना के कोई भी नए कार्य शुरू या अनुमोदित नहीं किए जाएंगे।

# महाकाल पालकी यात्रा और बारह वफात को लेकर पुलिस की बैठक

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



मौदहा में 24 अगस्त को प्रस्तावित महाकाल पालकी यात्रा और 26 अगस्त को बारह वफात जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने कस्बे के संभ्रांत नागरिकों और दोनों आयोजक कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आयोजनों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी से संवाद किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने आपसी भाईचारा व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा निर्धारित मार्ग, समय और नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। बैठक में सीओ मौदहा, प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पुराने विवाद में दंपती पर हमला चाकू लगने से दोनों गंभीर

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के खड़ाखर गांव में रविवार सुबह पुराने विवाद को लेकर सरकारी नलकूप पर मौजूद दंपति पर छह युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि युवकों ने कुल्हाड़ी से नलकूप का दरवाजा तोड़कर शिवकुमार (53) और उनकी पत्नी सूरज कुमारी को बाहर निकाला और मारपीट की। इसी दौरान चाकू से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को सीएचसी नौरंगा पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. अखिलेश्वर देवल ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अभी तहरीर नहीं मिली है। जांच में पुराना विवाद सामने आया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# डंडे से वार कर की गई थी सपा नेता की हत्या, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।



इंगोहटा में रिश्तेदार के घर जीने के पास मृत मिले सपा नेता योगेंद्र सिंह उर्फ भूरे चंदेल की हत्या का पुलिस ने आठवें दिन खुलासा कर दिया।

पुलिस के अनुसार शराब पीने के दौरान हुए विवाद में रिश्ते के भतीजे छोटू सिंह परिहार उर्फ योगेंद्र सिंह ने डंडे से सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी थी। घटना को दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को जीने के पास रख दिया गया था। 16 अगस्त को शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी।

पोस्टमार्टम में सिर की हड्डी टूटने से मौत की पुष्टि हुई। मृतक की पुत्री आयुषी सिंह की तहरीर पर 21 अगस्त को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी छोटू सिंह को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा, खून से सनी शर्ट और चप्पल नलकूप के पास झाड़ियों से बरामद कर जेल भेज दिया।

# पाल समाज ने क्षेत्रीय विधायक को सम्मानित किया



**राठ (हमीरपुर)।** पाल समाज की आराध्य एवं समाज की गौरव माता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति को सम्मान देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी द्वारा नगर के पड़ाव चौराहे के पास सेना रोड पर उनके नाम से गेट का निर्माण कराया गया है। गेट निर्माण पर पाल समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए रविवार को विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कांच मंदिर धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गोकुल प्रसाद पाल ने कहा कि पिछड़े समाज की अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने अपेक्षा के अनुरूप सुध नहीं ली और न ही समाज के महापुरुषों को उचित सम्मान मिला। विधायक द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर गेट बनवाकर समाज का मान बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि समाज इस पहल की सराहना करता है। इस दौरान उत्तम सिंह, दशरथ सिंह, बिहारीलाल, जगत सिंह, डॉ. मोहनलाल, शंभूदयाल, जयराम, छत्रपाल सिंह, महेंद्र पाल और जयसिंह सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# युवा चेतना जागरण शिविर में युवाओं को बताए जीवनशैली सुधारने के उपाय

समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।




नगर के हमीरपुर रोड स्थित गायत्री मंदिर में रविवार को गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से युवा चेतना जागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वक्ताओं ने युवाओं को आधुनिक जीवनशैली के साथ संस्कारों को अपनाने और स्वस्थ दिनचर्या बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राठ राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में युवा मोबाइल और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से घिरे हुए हैं। अनियमित दिनचर्या और खान-पान का सीधा असर उनके स्वास्थ्य और जीवनशैली पर पड़ रहा है। समय रहते इसमें सुधार नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में युवा सामाजिक मर्यादाओं और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। अभिभावकों को बच्चों को घर में अच्छे संस्कार देकर सही और गलत का अंतर समझाना चाहिए। इस दौरान मुख्य ट्रस्टी चंद्रशेखर मिश्र, लक्ष्मण लाल त्रिपाठी, संजीव खरे, प्रभास काशी प्रसाद गुप्ता, डॉ. कैलाश विश्वकर्मा, उदेश फौजी व डॉ. परितोष नगायच सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### पूजा करने जा रही मां बेटी को बाइक ने मारी टक्कर, झांसी रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** चौपड़ा मंदिर पूजा करने जा रही मां-बेटी को तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने दोनों को झांसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मुगलपुरा धमना रोड निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उनकी भाभी दयावती पत्नी बालादीन पाल और पुत्री पूनम 17 अगस्त की सुबह करीब 9:20 बजे मंदिर जा रही थीं। तभी धमना की ओर से आ रहे बाइक सवार अनिल पुत्र बैनी प्रसाद अहिरवार ने पीछे से टक्कर मार दी। मामले में रामस्वरूप की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जीवनशाह और जेल चौराहे की यातायात व्यवस्था होगी और बेहतर: डीएम

- डीएम ने अधिकारियों की टीम के साथ किया दोनों चौराहों का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



महानगर के प्रमुख एवं व्यस्ततम जीवनशाह चौराहा और जेल चौराहा की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अधिकारियों की टीम के साथ दोनों चौराहों का निरीक्षण किया। बरसते पानी के बीच किए गए निरीक्षण में उन्होंने बढ़ते यातायात दबाव, जाम की स्थिति और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क किनारे नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए चालान किए जाएं। उन्होंने चौराहों के आसपास के प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों की पार्किंग न कराएं, क्योंकि इससे यातायात बाधित होने के साथ जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।उन्होंने कहा कि अनियंत्रित ढंग से खड़े दोपहिया वाहनों से पैदल यात्रियों को भी परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोनों चौराहों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रोड सेफ्टी के निर्धारित मानकों के अनुरूप यातायात व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चौराहों के आसपास चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित पार्किंग जोन विकसित करने तथा नो-पार्किंग जोन का कड़ाई से पालन कराने के लिए दुकानदारों एवं आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चौराहों के आसपास लटक रहे विद्युत तारों को व्यवस्थित कराने के निर्देश भी दिए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से जल्द कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीवनशाह चौराहा शहर की पहचान है। इसे जाममुक्त, सुंदर और सुरक्षित बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त आकांक्षा राणा, एडीएम प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल, एसपी सिटी प्रीति सिंह, अपर नगर आयुक्त राहुल यादव, जेडीए सचिव गौरव शुक्ला, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी रजनीश गुप्ता, एई पीडब्ल्यूडी संदीप शर्मा, सीओ यातायात सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानदेय बढ़ने पर रसोइयों का हुआ सम्मान कैशलेस चिकित्सा का दिया लाभ




**राठ (हमीरपुर)।** तहसील भवन सभागार में रविवार को प्रदेश सरकार द्वारा रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपये की बढ़ोतरी और पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत कर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है। एसडीएम चित्रा निर्बाल ने बताया कि कार्यक्रम में रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा के डेमो कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर रसोइयों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार त्रिपाठी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष करन राजपूत, एआरपी मसरूर हाशमी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन रविंद्र सक्सेना ने किया।

# चीनी के स्टॉक की नियमित घोषणा पोर्टल पर करना अनिवार्य: जिलाधिकारी

- व्यापारियों को पोर्टल पर पंजीकरण कर स्टॉक की नियमित घोषणा कराने के निर्देश



**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जनपद के चीनी व्यापारियों के साथ चीनी स्टॉक के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में चीनी के स्टॉक एवं मूल्य के पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण के लिए संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। इसमें क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/विपणन निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक तथा मंडी सचिव को सदस्य बनाया गया है।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित चीनी व्यापारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार के foodstock.dfpd.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध चीनी के स्टॉक की नियमित घोषणा अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने सभी मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि जो व्यापारी अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुए हैं, उन्हें अभियान चलाकर प्रत्येक दशा में पंजीकृत कराया जाए तथा उपलब्ध स्टॉक की नियमित घोषणा सुनिश्चित कराई जाए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कोई भी व्यापारी चीनी का 30 दिन से अधिक का स्टॉक भंडारित नहीं करेगा और स्टॉक की नियमित बिक्री सुनिश्चित की जाएगी। सभी विक्रेताओं के स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से व्यवस्थित रखे जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में चीनी की जमाखोरी अथवा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री नहीं की जानी चाहिए।

# 18 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई पीएसएसएससी की लिखित परीक्षा

- 7224 अभ्यर्थियों में 5557 ने दी परीक्षा, 1667 रहे अनुपस्थित

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा-2026 रविवार को जनपद के 18 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 7224 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 5557 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1667 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल एवं एसपी सिटी प्रीति सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जीआईसी इंटर कॉलेज एवं बालिका महाविद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्रों की जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि किसी भी दशा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल न हो सके। उन्होंने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर परीक्षार्थियों से संवाद भी किया। इसके साथ ही कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं निगरानी व्यवस्था देखी। जनपद के सभी 18 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी 18 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास धरना-प्रदर्शन, जुलूस एवं जनसभा पर रोक रही। फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रखी गईं। परीक्षा के मद्देनजर जनपद में धारा-163 प्रभावी रही, जिसका अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेटों ने कड़ाई से अनुपालन कराया।अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी 18 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। इस अवसर पर एसपी सिटी प्रीति सिंह सहित केंद्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर युवक ने फांसी लगा जान दी

**अतर्रा, बांदा।** 21 दिन पहले पड़ोसी के ब्लैकमेल किए जाने से परेशान होकर मां द्वारा आत्महत्या का कारण बने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई न होने से क्षुब्ध युवक ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से परिजनों ने सुसाइड नोट बरामद किया। थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित राजनगर निवासी सत्यम गुप्ता (22) पुत्र मिथलेश ने शनिवार की रात करीब सूने घर में दरवाजा बंद कर कमरे में लगे पंखे के हुक से साड़ी का फंदा बनाकर गले में डालकर खुदकुशी कर ली। मजदूरी करके घर लौटे पिता को मकान के दरवाजे बंद मिले। आशंका पर छोटा पुत्र शिवम घर की दीवाल फांदकर आंगन में पहुंचा। उसने बड़े भाई को फंदे पर लटकता देखा। परिजनों की मदद से सत्यम को फंदे से नीचे उतारकर सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई शिवम गुप्ता ने बताया कि आरोपी रिश्तेदार की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर मां ने 21 दिन पहले पहली अगस्त की शाम खुदकुशी कर ली थी। मृतक ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई को थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# रेडक्रॉस व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दिवंगत राजादेवी को दी श्रद्धांजलि

- शहर के एक होटल में आयोजित हुई संयुक्त श्रद्धांजलि सभा

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शोक सभा में सोसाइटी आजीवन सदस्य व पूर्व विधायक और डिस्ट्रिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष के मां के आकस्मिक निधन पर शोक सभा कर पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यापारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की।

छावनी स्थित होटल तुलसी स्वरूप में रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में शोकसभा आयोजित हुई। इस मौके पर सोसाइटी आजीवन सदस्य व पूर्व विधायक और डिस्ट्रिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डा.मनोज कुमार शिवहरे की मां राजा देवी शिवहरे के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। साथ ही भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से शोक पत्र भी शोकाकुल परिजनों को प्रदान किया गया। सोसाइटी के सचिव अमित सेठ भोलू ने पूर्व विधायक की माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। बता दें कि दिवंगत राजादेवी शिवहरे के पुत्र पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, आप्टिकल व्यवसायी अनिल शिवहरे, डिस्ट्रिक इंडस्ट्री एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा.मनोज कुमार शिवहरे और राजादेवी डिग्री कालेज के प्रबंधक डा.प्रमोद शिवहरे मौजूदा समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों में शामिल हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, व्यापार मंडल प्रदेश वरिष्ठ मंत्री मनोज जैन, रेडक्रॉस सोसाइटी सभापति संजय गुप्ता, भैरव अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, भुवनेंद्र रावत, पंकज रावत, रामबहोरी शिवहरे, राकेश गुप्ता दद्दू, रीता गुप्ता, अवधेश कपूर, दुर्गा चौरसिया, नईम नेता, लखन कुशवाहा, पन्नालाल धुरिया आदि उपस्थित रहे।

### निरंकरी समुदाय ने किया आने वाली पीढ़ियों को हरित वातावरण प्रदान करने का आह्वान



**बांदा।** 'वननेस वन' अभियान के तहत संत निरंकारी चौरिटेबिल फाउंडेशन के तत्वाधान में निरंकारी स्वयंसेवकों ने शहर के कच्चा तालाब में पौधरोपण करते हुए संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान करने का आह्वान किया। संत निरंकारी चौरिटेबिल फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को जिले में 'वननेस वन' महाअभियान के छठवें चरण का शुभारंभ हुआ। जोनल इंचार्ज कन्हैयालाल के नेतृत्व में निरंकारी सेवादल सदस्यों और अनुयायियों ने शहर के अलीगंज स्थित कच्चा तालाब में अभियान चलाते हुए पौधरोपण किया। संत निरंकारी मंडल सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि अभियान के तहत देशभर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों सहित 630 स्थानों पर पौधरोपण अभियान आयोजित हुआ। बताया कि बाबा हरदेव सिंह का दिव्य संदेश है कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है। पौधरोपण अभियान मानवीय चेतना को निर्मल व प्रकृति के प्रति उत्तरदाई बनाने का प्रेरणास्रोत है। कहा कि सतगुरू माता सुदीक्षा महराज व राजपिता रमित के इस अनूठी पहल देशव्यापी जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुकी है।

# बीआरसी लंभुआ में रसोइयों को बांटे कैशलेस चिकित्सा कार्ड

समृद्धि न्यूज़, लंभुआ (सुल्तानपुर)।

ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) लंभुआ में रविवार को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण एवं रसोइयों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सीताराम वर्मा, एसडीएम प्रीति जैन और खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। साथ ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दो लाख रुपये के सामाजिक सुरक्षा बीमा और प्रतिवर्ष



बीआरसी लंभुआ पर कैशलेश इलाज का प्रतीकात्मक चेक वितरित करते विधायक

एक हजार रुपये की यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि सरकार शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

एसडीएम प्रीति जैन ने रसोइयों से बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि मानदेय वृद्धि रसोइयों के परिश्रम का सम्मान है।

बीईओ शिवशंकर मिश्र ने कहा कि ऐसी योजनाओं से कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा।

संचालन डॉ. राम सागर गुप्ता ने किया। इस मौके पर कैलाश चंद्र दुबे, केदारनाथ दुबे, योगेश पाण्डेय, अम्बरीष पाण्डेय समेत शिक्षक, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में रसोइयां मौजूद रहीं।

# बढ़े जलस्तर के बीच गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

गोमती नदी के बढ़े जलस्तर को देखते हुए रविवार को गोमती मित्र मंडल की ओर से सीताकुण्ड धाम परिसर और नदी तट पर साप्ताहिक श्रमदान किया गया। सुबह छह से नौ बजे तक चले अभियान में नदी तट और परिसर की साफ-सफाई की गई। आगामी कांवर यात्रा के टिकरिया से सीताकुण्ड धाम पहुंचने को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। गोमती मित्रों ने बताया कि कांवर यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सीताकुण्ड धाम पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए परिसर को स्वच्छ रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण श्रद्धालुओं



सीताकुंड घाट कर स्वच्छता अभियान चलाते गोमती मित्र मंडल सदस्य

से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई। उन्हें नदी के गहरे हिस्सों में न जाने और घाट पर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।श्रमदान के दौरान गोमती मित्रों ने श्रद्धालुओं से नदी और धाम परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने का भी आह्वान किया। अभियान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, राजेश पाठक, राकेश सिंह दद्दू, सेनजीत कसौधन दाऊ, मुन्ना सोनी, अजय प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, अजीत शर्मा, रामू सोनी, प्रांजल, राज मिश्रा, आनंद वत्स और अशोक समेत अन्य गोमती मित्र मौजूद रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमला फायरिंग का आरोप, मारपीट पर हुए घायल, पुलिस जांच में जुटी

समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र मे रविवार सुबह उस समय हडकंप मच गया जब हरिहरगंज बाजार मे बैठे एक वरिष्ठ अधिवक्ता पर फायरिंग और मारपीट किये जाने का मामला सामने आया। घटना मे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और घायल अधिवक्ता को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रानीगंज भेजा गया। मामले को लेकर पुलिस जाच पडताल मे जुटी है। जानकारी के अनुसार संडौरा गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता मुख्तार अली सुबह हरिहरगंज बाजार मे बैठे हुए थे। इसी दौरान आरोप है कि बगल के गांव के रहने वाले कुछ कार से वहा पहुचे। अधिवक्ता के मुताबिक कार सवार लोगो ने उनको जान से मारने कि नियत से फायरिंग की।

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

समृद्धि न्यूज, अमावां (रायबरेली)। निवेश की रकम छह वर्ष में दोगुनी करने और अधिक लाभ का लालच देकर ग्रामीणों से करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के आदेश पर मिल एरिया पुलिस ने 15 नामजद लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मिल एरिया थाना क्षेत्र के बालापुर में एक कंपनी के माध्यम से ग्रामीणों को निवेश के लिए प्रेरित किया गया था। आरोप है कि कंपनी से जुड़े लोगों ने अलग-अलग नामों से कई कंपनियां संचालित कर निवेशकों को आकर्षक योजनाओं का झांसा दिया। छह वर्ष में रकम दोगुनी करने का लालच देकर लोगों से विभिन्न योजनाओं के नाम पर रुपये जमा कराए गए। इसके लिए निवेशकों को फर्जी दस्तावेज और बांड भी दिखाए जाने का आरोप है।

# दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे झंगाराम मजरे डोमनपुर निवासी विवाहिता शालिनी ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और आभूषण व कपड़े छीनकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर महिला थाने में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार शालिनी की शादी 25 अप्रैल 2021 को प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाना क्षेत्र के उमरी निवासी संजय कुमार दूबे के साथ हुई थी। विवाह में मायके पक्ष ने मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और नकदी समेत अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद पति व ससुराल पक्ष के लोग 1.50 लाख रुपये नकद, फ्रिज, वाशिंग मशीन और एलईडी टीवी की मांग करने लगे।आरोप है कि 29 जुलाई को दहेज की मांग को लेकर पति, सास सावित्री दूबे, जेठानी नीलम दूबे, ननद सुनीता दूबे और चचेरा देवर संदीप दूबे ने उसके साथ मारपीट की। 112 नंबर पर सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी।इसके बाद पांच अगस्त को आरोपितों ने कथित रूप से फिर मारपीट कर महिला के गहने व कपड़े छीन लिए और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पति ने भी उसे वापस रखने से इनकार कर दिया। महिला अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ मायके चली आई।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मिलकर मनाएंगे सम्मान समारोह

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की संयुक्त बैठक शनिवार को सिरवारा रोड स्थित अध्यापक भवन में जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, शिक्षक दिवस समारोह और ब्लॉकों में त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने बताया कि पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक संयुक्त रूप से शामिल होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।बैठक में 15 से 30 सितंबर के



बीच ब्लॉकों में त्रिस्तरीय चुनाव कराने पर जोर दिया गया। ब्लॉक अध्यक्षों को पांच सितंबर तक कोटा मनी और सदस्यता सूची जमा करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि सदस्यता सूची में दर्ज सदस्य ही मतदान के पात्र होंगे।जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने समारोह की तैयारियों को लेकर समितियों के गठन और जिम्मेदारियों पर चर्चा की। इस दौरान बल्दीराय की नवनिर्वाचित कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव तिवारी और मंत्री हीरालाल को सम्मानित किया गया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, राधेश्याम मौर्य, कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, श्रीपाल यादव, कृष्ण चंद्र मिश्र, फिरोज अहमद, विनोद शर्मा, अरुण सिंह, वैभव भटनागर, शिवसहाय पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नवागत एसपी ने कार्यभार किया ग्रहण



समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

शनिवार देर रात गोंडा से स्थानांतरित होकर आए आईपीएस विनीत जायसवाल ने जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।साथ जिले की एसपी रही चारु निगम की देर रात विभागीय कर्मचारियों ने विदाई की। बता दे कि जिले में एसपी का चार्ज लेने वाले आईपीएस विनीत जायसवाल 2014 बैच के अधिकारी है।जो मूलरूप से गोरखपुर जिले के निवासी है।दिसंबर 2023 से लगातार एसपी गोंडा के रूप में तैनात रहे।जिले का चार्ज ग्रहण करने के बाद अभी तक नवागत एसपी ने विभागीय मीटिंग आदि नहीं की है।काफी लंबी पारी करके जिले की कमान संभालने वाले विनीत जायसवाल से जिले वासियों को काफी उम्मीदें है।जिले वासियों को आशा है कि नवागत एसपी जिले में अपराध नियंत्रण पर ठोस कदम उठाएंगे।साथ मीडिया के लिए जो पूर्व एसपी चारु निगम द्वारा हर छोटी बड़ी घटना पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा घटनास्थल पर जांच पड़ताल के साथ बयान जारी करवाती थी उस व्यवस्था को आगे भी सुचारू रूप से चालू रखेंगे।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक पर दर्ज हुआ मुकदमा

डीह –रायबरेली। न्यायालय के आदेश पर क्षेत्र एक स्कूल में तैनात शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने एससी/एसटी में मामला दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।पूरे रुका मजरे गड़वा गांव की रहने वाली बिट्टन देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि प्राथमिक विद्यालय टेकारी दांदू में तैनात सहायक अध्यापक मनोज सिंह उसके बेटे संतोष कुमार की मोबाइल के दुकान पर आते जाते थे जिससे दोनों में नजदीकी हो गई और बेटे को पैसों की जरूरत थी लेकिन शिक्षक मनोज सिंह बेटे के मना करने के बावजूद उसके खाते में ऑन लाइन 30 हजार रुपए डाल दिए कई दिन बीतने के बाद शिक्षक द्वारा बेटे से सादे कागजों व बेटे के खाते की चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए कहा पैसों के लेनदेन में सही रहेगा जब पैसा वापस कर दोगे तो चेक व कागच वापस दे देंगे। कुछ दिन बाद बेटे ने शिक्षक को पैसे वापस कर दिए इसके बाद भी शिक्षक एक व्यक्ति के साथ बेटे की दुकान पर गया और कहा कि अपनी सड़क के किनारे वाली जमीन का बैनामा करने को कहा यह उसे पैसे वापस करने के लिए कहा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच किया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है।

### नगर में जलजमाव को लेकर डिप्टी सीएम ने जतायी कड़ी नाराजगी

प्रयागराज। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सर्किट हाउस के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ सहित अन्य बिंदुओं की गहनता से समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जाकर फसल के हुए नुकसान का सर्वे करने एवं पीड़ितो को शीघ्रता से मुआवजा दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने शहर में बरसात के कारण हुए जलजमाव के कारणों के बारे में जानकारी लिए जाने पर नगर आयुक्त के द्वारा जलजमाव के कारणों एवं जल निकासी के लिए किए गए उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही साथ आगे इस प्रकार के जल–भराव की स्थिति न हो, इसके लिए बनायी गयी कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में शहर में इस तरह के जलजमाव की स्थिति न हो, इसके लिए स्थायी समाधान हेतु फूलप्रूफ कार्ययोजना बनायी जाये।

### अलग-अलग मौत की घटनाओं से क्षेत्र मे पसरा मातम

परसदेपुर, रायबरेली। अचानक हो रही घटनाओं से थर्राया परसदेपुर क्षेत्र। नदी में डूबने, सड़क दुघर्टना व विजली करेंट से हुई मौतों से मातम पसरा हुआ है। डीह थाना क्षेत्र की परसदेपुर चौकी अंतर्गत पूरे बाकर बेग निवासी सुरजीत कुमार सरोज उम्र लगभग 20वर्ष,जानकारी के अनुसार सई नदी में 3लोगों के साथ कटिया से मछली पकड़ने गये थे। नदी में पैर फिसलने से नीचे चले जाने से मौत हो गई। दूसरी घटना चौकी क्षेत्र के ग्राम महेश पुर निवासी गोविंद यादव उम्र लगभग 25वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम अवध यादव सटरिंग कार्य मेंड़ा का पुरवा,थाना उदयपुर,जिला प्रताप गढ़ से घर वापस आया और गर्मी होने के कारण फर्राटा पंखा लगा रहा था कि उसमें करेंट उतर आयी और वह करेंट की चपेट में आकर मौत को गले लगा लिया।

### मुख्यमंत्री का रायबरेली दौरा आज, तैयारियां पूरी

रायबरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सोमवार को रायबरेली दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक–चौबंद किया गया है।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम स्थल के आसपास बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था और आने–जाने वाले लोगों की निगरानी के इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारी भी तैयारियों में जुटे रहे।

# बुधवार को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, तैयारियां पूरी

**डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध, 12 फीट से अधिक ऊंचे झंडे पर रोक**

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को शहर में मरकजी जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एदारा-ए-शरैया उत्तर प्रदेश, खिन्नी तल्ला से सुबह 8:30 बजे जुलूस रवाना होगा।एदारा-ए-शरैया के प्रबंधक मौलाना अरबी-उल-अशरफ ने बताया कि जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से खोया मंडी, कैपरगंज, घंटाघर चौराहा, रेलवे स्टेशन और डबल फाटक होते हुए जहानाबाद चौकी, कहारों का अड्डा से वापस एदारा-ए-शरैया खिन्नी तल्ला चौराहा पहुंचेगा। यहां सलातो सलाम और दुआ के बाद जुलूस का समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी हमेशा से अमन, शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक रहा है। इसमें सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। उन्होंने लोगों से एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में जुलूस में शामिल होने की अपील की।मौलाना ने स्पष्ट किया कि जुलूस में डीजे का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

साथ ही झंडे की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कमेटियों और अंजुमनों के पदाधिकारियों से इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की अपील किया है।लंगर और शीरीनी वितरित करने वालों से इस्लामी तहजीब का पालन करने की अपील की गई। कहा गया कि खाद्य सामग्री अथवा शीरीनी लोगों के हाथ में देकर वितरित की जाए, उसे सड़क पर या लोगों की ओर फेंककर न दिया जाए।

उन्होंने सभी लोगों से कानून-व्यवस्था का पालन करने और जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही कमेटियों और अंजुमनों के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जुलूस में शामिल होने के आदाब और आवश्यक दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करें, जिससे जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# सीरत कॉन्फ्रेंस में इंसानियत, अमन व सामाजिक सुधार का संदेश

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

जमात-ए-इस्लामी हिन्द, सुल्तानपुर यूनिट की ओर से रविवार को जलास मैरिज लॉन के सभागार में सीरत कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना ताहिर मदनी आजमगढ़ ने की, जबकि संचालन मौलाना रैयान कासमी ने किया।

कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने कहा कि हजरत मुहम्मद की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए रहमत, इंसानियत और समानता का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने और परिवार व समाज में शांति कायम करने के लिए सीरत-ए-तैय्यबा से मार्गदर्शन लेना जरूरी है।मौलाना शकील, मौलाना गनी, मौलाना मकबूल कासमी, मौलाना सोहेल नदवी और मौलाना सैय्यद आसिफ नकवी ने भी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, न्याय और नैतिक जीवन अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण



पर जोर दिया। अध्यक्षीय संबोधन में मौलाना ताहिर मदनी ने कहा कि सीरत की शिक्षाएं इंसान को जुल्म, निराशा और मायूसी से दूर रहने की प्रेरणा देती हैं।

उन्होंने आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति रोकने के लिए सकारात्मक सोच और धार्मिक शिक्षाओं पर अमल की आवश्यकता बताई।गुफरान अहमद ने नातिया कलाम प्रस्तुत किया। अंत में जिला अध्यक्ष डॉ. कमालउद्दीन खान और संयोजक मास्टर लईक अहमद ने अतिथियों व उपस्थित लोगों का आभार जताया। देश में अमन-चैन के लिए दुआ भी की गई।

# वृद्ध की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, गांव में मचा हड़कंप

- पालकी हार मजरे चिचौली की घटना
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

समृद्धि न्यूज, जगतपुर (रायबरेली)।

थाना क्षेत्र के पालकी हार मजरे चिचौली गांव में राम लखन (60वर्ष)पुत्र चितौ की धारदार हथियार से निर्मम हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया, वहीं घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।प्रभारी निरीक्षक जगतपुर वागीश मिश्रा ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार और क्षेत्राधिकारी डलमऊ भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिस टीम को मामले के शीघ्र खुलासे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट

समृद्धि न्यूज, डीह –रायबरेली। पुरानी रंजिश को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई व भतीजे को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया तहरीर पर मामला दर्ज।पूरे दौलत मजरे डीह निवासी पीड़ित राम सुबुल पुत्र स्व सुंदर द्वारा पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि राम अभिलाख पुत्र स्व सुंदर अपने बेटे विपेंद्र व पत्नी निर्मला के साथ मिलकर रास्ते में जा रहे उसके पुत्र राम सिंह को लाठी डंडों से काफी मारा पीटा जिससे वह मौके पर लहूलुहान होकर गिर गया जानकारी मिलने पर जब प्रार्थी वहां पहुंचा तो सभी ने उसे भी मारा जिससे काफी चोटें आई प्रार्थी द्वारा डायल 112 पर सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सी एच सी डीह ले गए जहां बेटे राम सिंह की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# मेडिकल कॉलेज में प्रसूता की मौत पर हंगामा

**डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप**

- पति ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस को दी तहरीर

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

राजकीय मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग में प्रसव के बाद एक महिला की मौत से हड़कंप मच गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मामले में मृतका के पति ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर दोषी चिकित्साकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमेठी जिले के संग्रामपुर (अम्मरपुर



धौरहरा) निवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार शाम करीब 6:30 बजे एमसीएच विंग में भर्ती कराया गया था।

परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद रात करीब 9:30 बजे तक महिला की हालत बिल्कुल सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

आरोप है कि महिला की हालत लगातार गंभीर होने के बावजूद परिजन डॉक्टरों और कर्मचारियों से गुहार लगाते रहे, लेकिन समय रहते समुचित उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया। इलाज के अभाव में स्थिति बिगड़ती चली गई और रात करीब 11:30 बजे महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।

मृतका के पति राकेश पटेल का कहना है कि यदि समय पर ध्यान दिया जाता तो जान बचाई जा सकती थी। पीड़ित पति ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार डॉक्टरों व स्टाफ पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## गैंगस्टर मो. नब्बे पर शिकंजा

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नवाबगंज थाना क्षेत्र के शातिर गिरोहबंद अभियुक्त मो. नब्बे उर्फ नईम उर्फ नजमे आलम की 15 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया। जब्त की गई संपत्तियों में उसकी मुख्य इमारत न्यू राजधानी होटल भी शामिल है। पुलिस आयुक्त न्यायालय कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। आरोपी मो. नब्बे (निवासी मुबारकपुर, थाना नवाबगंज) पर आरोप है कि उसने अपराध जगत से अवैध रूप से धन अर्जित कर अपनी पत्नी, रिश्तेदार इरम बानो और बेनामीदार रवि चौरसिया के नाम पर संपत्तियां खरीदी थीं।

# 14 साल बाद जागी उम्मीद : अंतू के मॉडल स्कूल की रिपेयरिंग शुरू, नए सत्र से पढ़ाई की जगी आस

समृद्धि न्यूज़, संडवा चंडिका-प्रतापगढ़।

नगर पंचायत अंतू में 14 वर्षों से उपेक्षित पड़े मॉडल स्कूल भवन के दिन अब बहुरने वाले हैं। बहुप्रतीक्षित मॉडल स्कूल में आखिरकार रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो गया है, जिससे अगले शैक्षिक सत्र से पठन-पाठन शुरू होने की प्रबल संभावना बन गई है। इस विद्यालय के शुरू होने से स्थानीय छात्र-छात्राओं को अब आगे की पढ़ाई के लिए प्रतापगढ़ या अमेठी नहीं जाना पड़ेगा। गौरतलब है कि बसपा सरकार के कार्यकाल में लगभग 3.02 करोड़ की लागत से बनने वाले इस भवन का जिम्मा



कार्यदायी संस्था पीसीसीएल को दिया गया था, लेकिन भारी-भरकम बजट के बावजूद काम अधूरा छोड़ दिया गया। नगर पंचायत अंतू के सभासद राजीव सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की लगातार शिकायतों के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मामले को गंभीरता से लिया। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार गड़वारा दिनेश चंद्र तिवारी ने जांच कर रिपोर्ट सौंपी, जिसके बाद शासन से पुनः धनराशि स्वीकृत कराई गई। अब कार्य शुरू होने पर सभासद राजीव सिंह ने जिलाधिकारी से मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने की मांग की है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कचहरी में जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र के प्रयासों से अधिवक्ता समाज के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए। रविवार को जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन कार्यालय में आरो कूलर, वाटर समरसेबल पंप आदि की स्थापना कराई गई। इससे अधिवक्ताओं को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। अधिवक्ता समाज ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार जताया।

इसके साथ ही डीडीसी कोर्ट के पीछे स्थित चकबंदी अधिकारी द्वितीय के न्यायालय एवं कार्यालय की स्थापना के लिए कमरा खाली कराने



की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही यहां चकबंदी अधिकारी द्वितीय का न्यायालय एवं कार्यालय संचालित होने की उम्मीद है। कलेक्ट्रेट परिसर में एनआईसी कार्यालय गेट से जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए वकील परिषद कार्यालय तक मार्ग को भी गड्ढामुक्त कराया गया है। इससे कचहरी आने-जाने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं, अधिवक्ताओं के हित में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी ने जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पुस्तकालय के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र को दिया है। धनराशि शीघ्र ही एसोसिएशन के खाते में प्राप्त होने की उम्मीद है। अधिवक्ता समाज ने इन सभी कार्यों के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कचहरी परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार होगा तथा अधिवक्ताओं और वादकारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# सम्मानित की गई हरियाली तीज प्रबंधन की टीम

▸ विधायक अर्चना पांडे ने जेनजी जोड़ने की दी जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने हरियाली तीज उत्सव की प्रबंधन टीम को सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नगर क्षेत्र के 18 से 30 वर्ष के युवाओं (जेनजी) को जोड़ने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

विगत 15 अगस्त को किसान कोल्ड स्टोरेज में आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में सात हजार से अधिक महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस भव्य आयोजन की सफलता पर बोलते हुए विधायक



अर्चना पांडे ने प्रबंधन टीम से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा अब आपकी जिम्मेदारी है कि नगर के युवाओं से संपर्क कर उनके नाम और मोबाइल नंबर एकत्र करें। दिवाली से पहले या बाद में उनकी एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। अपने घर में किसी भी कार्यक्रम की सूचना अवश्य दें। मैं यथासंभव उसमें शामिल होने का प्रयास करूंगी। उन्होंने आगे कहा कि इस उत्सव की भव्यता और दिव्यता देखने वाले सभी प्रभावित हुए। पुरुषों को एकत्र करना आसान है, लेकिन बड़ी संख्या में महिलाओं को जुटाना कठिन कार्य था। घर-घर कार्ड पहुंचाकर टीम ने इस चुनौती को आसान बना दिया। इसके लिए में हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

कार्यक्रम में गौरव अमर त्रिपाठी, संजीव चौहान और सीमा चतुर्वेदी ने भी अपने विचार रखे तथा तीज उत्सव को ऐतिहासिक बताया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, राकेश मिश्रा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, गौरव द्विवेदी सहित प्रबंधन टीम के बड़ी संख्या में महिला पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

## चकबंदी अधिकारियों पर भूमि विलुप्त करने व रिश्वत मांगने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम अकबरपुर के भूमिधर ज्ञानेन्द्र दुबे पुत्र ओनप्रकाश (निवासी मोहल्ला बस्तीराम) ने मुख्यमंत्री को शिकायत की है कि चकबंदी अधिकारी दिनेश शर्मा, लेखपाल नीरज यादव व राजस्व निरीक्षक अक्षय चौहान ने उनकी चकबंदी से बाहर की आराजी को विलुप्त कर दिया। दुबे के अनुसार गाटा संख्या 270, 282 व 300 (कुल लगभग 0.88 डिस्मल) चकबंदी प्रक्रिया से पृथक थे। 1990 में फतेहगढ़ फूस बंगला कांड में अभिलेख जल जाने के बाद खतौनी व नक्शा पुनर्निर्मित किए गए। इसमें जीटी रोड किनारे स्थित गाटा 270 का 0.51 डिस्मल रकबा घटाकर 0.31 डिस्मल का आकार पत्र 45 बना दिया गया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 50 मरीजों ने उपचार का उठाया लाभ

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिघौली में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 50 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बदलते मौसम के चलते जुकाम और बुखार के मरीज अधिक रहे। प्रभारी चिकित्सक डॉ. अभिषेक बाजपेई ने बताया कि मेले में 20 मरीज खांसी-जुकाम, 20 बुखार तथा 10 मरीज जोड़ों में दर्द और खुजली की शिकायत लेकर पहुंचे। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच के बाद मरीजों को आवश्यक उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई। डॉ. बाजपेई ने मौसम में बदलाव को देखते हुए लोगों



से साफ-सफाई रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ संक्रमण का खतरा रहता है। बाजार में खुले में बिकने वाले कटे फलों से भी बचने की सलाह दी। इस दौरान एएनएम विमला देवी, एचवी शकुंतला देवी, आशा संगिनी सुमनलता, आशा उमा देवी, आशा उमेश कुमार, कक्ष सेवक रोली, स्टाफ नर्स सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया।

# कला उत्सव में प्रतिभाओं को मिलेगा मंच



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

▸ 12 विधाओं में होगी प्रतियोगिताएं

भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से कला उत्सव 2026 के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी।

जनपद नोडल अनुज कुमार द्विवेदी अध्यापक श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ ने बताया 2047 में भारत की परिकल्पना के अनुसार छात्र एवं छात्राओं को समान भागीदारी के अवसर दिए जाएंगे। गायन, वादन, नृत्य व दृश्य कला में समूह और एकल प्रतियोगिताएं होंगी। यह जनपद स्तर पर 8 सितंबर को कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरन्द नगर कन्नौज में संपन्न कराई जाएंगी। राज्य या केंद्रीय बोर्ड से संबंधित सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूल के कक्षा 9 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी कला उत्सव में भाग ले सकते हैं।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची पांच शिकायतें

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें चार शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जबकि एक शिकायत पुलिस विभाग से जुड़ी थी। पुलिस से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

वहीं राजस्व विभाग से जुड़ी चार शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्षता के साथ समाधान कराया जाएगा।

# 10 किलो सोने की बरामदगी पर अखिलेश का सवाल

▸ दस दिखाया, सोलह गटकाया

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

दुर्घटनाग्रस्त कार से 10 किलो सोने की बरामदगी पर यहां के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है 'दस दिखाया, सोलह गटकाया, 'भाजपा' की पुलिस की माया'। उनका दावा है कि सोने के 26 बिस्किट बरामद हुए थे, लेकिन पुलिस ने सिर्फ 10 बिस्किट दिखाए और बाकी 16 गायब कर दिए।

सकरावा थाना प्रभारी भागमल सिंह के मुताबिक, पुलिस टीम शुक्रवार देर रात कांवड़ ड्यूटी से लौट रही थी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर निकवा गांव के पास रात करीब 2 बजे पुलिस की टाटा सूमो की ब्रेजा





कार से टक्कर हो गई। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने ब्रेजा सवार दो युवकों से पूछताछ की तो उनके घबराने पर शक हुआ। कार की तलाशी लेने पर काले रंग के बैग से सोने की 10 ईंटें मिलीं। तालग्राम थाने में वजन कराने पर इनका कुल वजन 10 किलो 26 ग्राम निकला। पकड़े गए युवकों की पहचान सरोज पंत (33) निवासी पालपा, नेपाल और संदीप जायसवाल (28) निवासी महराजगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जानकारी जीएसटी विभाग को दी।

जीएसटी विभाग की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें गोरखपुर के एक होटल में सोने की खेप दी जाती थी। इसके बाद वे इसे दिल्ली पहुंचाते थे। दिल्ली में सोना किसे देना है, इसकी जानकारी उन्हें पहले से नहीं होती थी। वहां पहुंचने के बाद डिलीवरी लेने वाला व्यक्ति फोन कर संपर्क करता था। आरोपियों ने 17 अगस्त को भी 3 किलो सोना दिल्ली पहुंचाने की बात भी बताई है। जांच एजेंसियां अब गोरखपुर में सोना उपलब्ध कराने वाले और दिल्ली में खेप लेने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटा रही हैं।

**नेपाल से गोरखपुर तक तस्करी के रूट की भी जांच**

पुलिस की शुरुआती पूछताछ में नेपाल से सोनौली और निचलौल के रास्ते सोना गोरखपुर पहुंचाए जाने की बात सामने आई है। आरोपियों के मुताबिक, नेपाल से सीमावर्ती इलाकों तक पगडंडियों के जरिए साइकिल से सोना लाया जाता था और फिर गोरखपुर से दिल्ली समेत दूसरे शहरों में भेजा जाता था। हालांकि, इस रूट और पूरे नेटवर्क की अभी स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कस्टम विभाग की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि बरामद सोना कहां से आया और नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**कस्टम विभाग को सौंपे गए आरोपी**

पुलिस ने देर शाम दोनों आरोपियों और बरामद सोना कस्टम विभाग को सौंप दिया। अब कस्टम विभाग सोने के स्रोत, तस्करी के नेटवर्क और दिल्ली में डिलीवरी लेने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाएगा। आरोपियों के मोबाइल फोन और पिछले मूवमेंट की भी जांच की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### यू-डायस पोर्टल की समस्याओं के समाधान की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** निजी विद्यालयों में यू-डायस पोर्टल पर आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विद्यालय संचालकों ने विधानसभा क्षेत्र की विधायक अर्चना पांडेय को पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि यू-डायस पोर्टल पर कार्य करते समय विद्यालयों को कई तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई कराने का अनुरोध किया गया है। विद्यालय संचालकों ने मांग की है कि यू-डायस पोर्टल पर कक्षा एक से आठ तक के नए विद्यार्थियों को प्रवेश के बाद जोड़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विद्यार्थियों के नाम और जन्मतिथि में त्रुटि होने पर उसमें सुधार की सुविधा भी दी जाए। विद्यार्थियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की मांग की गई है। पत्र में बिना आधार पत्र वाले बच्चों के प्रवेश की सुविधा, ऐसे विद्यार्थियों के लिए नई स्थायी शिक्षा संख्या बनाने की व्यवस्था तथा गलती से छात्र का आधार क्रमांक गलत दर्ज हो जाने पर उसे सुधारने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई है। इसके अलावा आधार पत्र अथवा जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध होने में देरी की स्थिति में शपथ पत्र के आधार पर प्रवेश लेने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया गया है।

### मुख्यमंत्री पीएम पोषण योजना से खिले रसोइयों के चेहरे

**उरई।** मुख्यमंत्री ने रविवार को पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत मिड-डे मील



रसोइयों के सम्मान समारोह में रसोइयों को रक्षाबंधन से पहले महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान कीं। इसमें 5 लाख तक कैशलेश इलाज, दुर्घटना पर 2 लाख सहायता और मानदेय को 2000 से बढ़कर 3000 रुपए कर दिया गया। घोषणा सुनते ही जिले के 3306 रसोइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर रसोइयों के लिए कैशलेश चिकित्सा कार्ड वितरण का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के हित में एक साथ चार महत्वपूर्ण सौगातों की घोषणा की गई। रसोइयों का मानदेय 2,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह किया गया है। दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख की सहायता राशि स्टेट बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक रसोइया को प्रतिवर्ष 5 लाख तक की कैशलेश चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

### जिलाधिकारी ने मानसिक मंदित आश्रय गृह का किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज कन्नौज।** आज दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान से संचालित मानसिक मंदित आश्रय एवं प्रशिक्षण गृह गुरसहायगंज का जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस संस्थान में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 33 लाख रुपये का अनुदान आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संस्थान में रह रहे मानसिक मंदित दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई एवं प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय संस्थान में कुल 50 दिव्यांगजन मौजूद थे, जिनमें 30 पुरुष और 20 महिलाएं थीं। आश्रय गृह में निवास कर रहे दिव्यांगजनों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आश्रय गृह में रहने वाले सभी दिव्यांगजनों को बेहतर आवास, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# मेडिकल कॉलेज की मेस में खाद्य सुरक्षा टीम ने परखी व्यवस्थाएं

**समृद्धि न्यूज़, तिर्वा/कन्नौज।**

▸ तेल-मसालों की गुणवत्ता व साफ-सफाई का लिया जायजा

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने मेडिकल छात्रों के मेस में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान टीम को भोजन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं मिली।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू और सर्वेश कुमार टीम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह के साथ छात्रों के मेस का निरीक्षण किया। इस दौरान भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, इस्तेमाल होने वाले तेल-मसाले, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था परखी गई।

अधिकारियों ने मेस के ड्रेनेज सिस्टम का भी जायजा लिया। कर्मचारियों को साफ-सफाई बनाए रखने और भोजन तैयार करते समय स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान खाने की गुणवत्ता संतोषजनक मिली। नवोदय विद्यालय में बच्चों के प्रदर्शन के बाद डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें जिले में लगातार निरीक्षण कर रही हैं।

# रसोइया बहनों को सरकार का उपहार मानदेय में वृद्धि के साथ कैशलेस उपचार

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को लेकर रविवार को तहसील सभागार छिबरामऊ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण तथा दुर्घटना की स्थिति में परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की शुरुआत की। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान रसोइया बहनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा



कि रसोइयों का समर्पण और सेवाभाव विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार गरीब की थाली से छीन रही मिठास : अम्बुज शुक्ला

▸ चीनी रु.70 किलो के पार

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

जिले में चीनी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से आम जनमानस त्रस्त है। स्थानीय बाजार में चीनी का खुदरा भाव रु.70 प्रति किलो के आसपास पहुंच गया है। इस पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की थाली से मिठास छीन रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण चीनी के दामों में आग लगी है। जो चीनी पिछले साल रु. 46 में मिलती थी, आज रु.70 में मिल रही




है। त्योहारी सीजन में कालाबाजारियों को खुली छूट दी जा रही है। शुक्ला ने कहा कि कन्नौज का आम आदमी, किसान और मध्यमवर्गीय परिवार पहले से ही महंगाई से जूझ रहा है, ऊपर से चीनी के दाम रु.20 किलो तक बढ़ गए हैं। केंद्र सरकार खुद मान रही है कि औसत रिटेल रेट रु.55.70 हो गया है, जबकि जमीनी हकीकत में बाजार में रु.70 बिक रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर चीनी के दाम नियंत्रित नहीं किए गए तो युवा कांग्रेस जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगी।

# जलाभिषेक के साथ होगा श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

सावन मास के पवित्र महीने में अंतिम सोमवार 24 अगस्त को आज प्रातः जलाभिषेक के साथ श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ होगा।

यह जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि देवाधिदेव महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ 'जगदात्मा महेशु पुरारी, जगत जनक सबके हितकारी' संपुट के साथ शुभारंभ होगा मंगलवार 25



अगस्त को शिव महायज्ञ के साथ पाठ का विराम होगा। उसके बाद भगवान शंकर जी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। पंडित बनारसी दास शास्त्री ने नगर के श्रद्धालुओं से अखंड पाठ में आधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

## मेडिकल कॉलेज में किशोर की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**समृद्धि न्यूज़, तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के डम्मरपुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार दो किशोरों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय निष्कर्ष की तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई।

दूसरे किशोर का उपचार जारी है। रामपुर शादी गांव निवासी सतेंद्र सिंह पाल का पुत्र निष्कर्ष साथी के साथ साइकिल से तिर्वा आ रहा था। डम्मरपुर के पास पीछे से आए वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी।

चालक वाहन समेत फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने निष्कर्ष को मृत घोषित कर दिया।

# मूसलाधार बारिश से काजी महल में घरों में घुसा पानी

▸ गली बनी तालाब

**समृद्धि न्यूज़, समधन।**

पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने जहां लोगों को उमस भरी चिपचिपाती गर्मी से राहत दी है, वहीं जलनिकासी की व्यवस्था न होने से नगर के कई मोहल्लों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रविवार दोपहर करीब दो घंटे तक लगातार हुई तेज बारिश के बाद समधन नगर के मोहल्ला काजी महल में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते बारिश का पानी लोगों के घरों के अंदर तक पहुंच गया।

मोहल्ला निवासी बसीम अंसारी और कमर अंसारी के घरों में पानी घुस जाने से घर में रखा सामान भीग



गया। वहीं पूरी गली में पानी भरने से गली तालाब में तब्दील हो गई। जलभराव इतना अधिक था कि लोगों को घरों से बाहर निकलने तक में परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों को काफी देर तक पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान हर बार जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से समस्या और गंभीर हो जाती है। मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर गली का निर्माण और पानी की निकासी की व्यवस्था कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि मोहल्ले में जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराकर गली का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

# आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की मांग को लेकर गांधी चबूतरा पर अनशन

▸ राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**

राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के तत्वाधान में रविवार को गांधी चबूतरा पर आरक्षण हटाओ आंदोलन के तहत अनशन का आयोजन किया गया।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित अनशन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार से जातिगत आरक्षण की व्यापक समीक्षा कर चरणबद्ध समाप्ति की मांग उठाई गई। अनशन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलनकारियों ने कहा




कि वर्तमान में लागू आरक्षण व्यवस्था के साथ-साथ यूजीसी के वर्ष 2026 के नए नियमों व विनियमों की भी समीक्षा की जानी चाहिए।

जिन प्रावधानों को पक्षपातपूर्ण अथवा भेदभावपूर्ण माना जा रहा है, उन्हें वापस लेकर सभी वर्गों के हित में पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा एससी/एसटी अधिनियम के कथित दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रभावी सुधार किए जाने की भी मांग की गई। आंदोलनकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी जाति, समुदाय या वर्ग का विरोध करना नहीं है, बल्कि समान नागरिक अधिकार, योग्यता आधारित अवसर, सामाजिक समरसता तथा कानून का समान व निष्पक्ष अनुपालन सुनिश्चित कराना है। उनकी प्रमुख मांगों में जातिगत आरक्षण की समीक्षा कर आर्थिक व वास्तविक सामाजिक पिछड़ेपन को आधार बनाकर समान अवसर की व्यवस्था विकसित करना, शिक्षा व रोजगार में जाति के बजाय आर्थिक स्थिति, पारिवारिक परिस्थितियों और प्रतिभा को आधार बनाना, एससी/एसटी एक्ट में फंसाए गए वास्तविक पीड़ितों को त्वरित न्याय और झूठे मामलों में निर्दोषों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। आंदोलनकारियों ने सरकार से मांगों पर गंभीरता से विचार करने, उच्चस्तरीय समिति गठित करने और प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाने की मांग की।

# 301 कांवड़ के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**गर्मी के चलते कई कांवड़िए हुए अचेत**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

रविवार को हिंदू महासभा एवं जय भोले बाबा कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम से रेलवे रोड स्थित पांडेश्वर नाथ मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। आयोजन समिति ने इस बार 251 कांवड़ का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन शिवभक्तों के उत्साह को देखते हुए मौके पर तत्काल 50 कांवड़ की अतिरिक्त व्यवस्था कराई गई। इसके बाद कुल 301 कांवड़ का पूजन कर यात्रा को रवाना किया गया।


कांवड़ यात्रा निकालते भक्तगण

दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ब्रह्मचारी ईश्वर दास महाराज, शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख मधुराम महाराज, जय भोले बाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, पंडित आचार्य सर्वेश शुक्ला तथा हिंदू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत कांवड़ों का पूजन कराया। यह दूसरी बार है जब निर्धारित लक्ष्य से अधिक कांवड़ श्रद्धालुओं द्वारा उठाई गई। कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हुई। यात्रा के मार्ग में पुलिस बल की कमी के चलते जाम लगने लगा। हिंदू महासभा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने माइक के माध्यम से कादरी गेट थाना प्रभारी, कपिल चौधरी तथा पांचाल घाट चौकी इंचार्ज हरिकेश से पुलिस व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल के साथ नहीं चलने पर यात्रा रोकने की चेतावनी दी। पांचाल घाट चौकी इंचार्ज हरिकेश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यात्रा के साथ पुलिस व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज ने श्रद्धालुओं को समझाकर शांत कराया, जिसके बाद यात्रा आगे बढ़ी। कांवड़ यात्रा पांचाल घाट से अमेठी कोना, खानपुर, चांदपुर, कादरी गेट, लालगेट, घुमना बाजार, नेहरू रोड, चौक और रेलवे रोड होते हुए पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। यहां कांवड़ियों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं जला अभिषेक के बाद पांडेश्वर नाथ मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया है। रविवार को भीषण गर्मी के कारण यात्रा के दौरान कई कांवड़ियों की तबीयत बिगड़ गई और कुछ श्रद्धालु बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों और साथ चल रहे सदस्यों ने तत्काल उनकी मदद करते हुए उपचार उपलब्ध कराया। इस मौके पर सौरभ मिश्रा, क्रांति पाठक, जुगनू मिश्रा, आशीष मिश्रा, ननकी शुक्ला, पिंकू वर्मा, विजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक बाजपेई, दीपक शर्मा, सचिन शर्मा, सुबोध सिंह, डॉ0 राघवेंद्र अग्निहोत्री, शैलेंद्र राठौर, बॉबी दुबे, आदित्य दीक्षित, नारायण दत्त द्विवेदी, राजीव चतुर्वेदी, सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सिरौली में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

तहसील सदर के विकासखंड मोहम्मदाबाद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिरौली में विकास कार्यों को गति देते हुए नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत बनाए गए इस बहुउद्देशीय भवन का उद्घाटन अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर किया। गाँव में उत्सव जैसा माहौल रहा और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के इस प्रयास की सभी ने सराहना की। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को खाद्यान्न वितरण और जन-सुविधाओं का लाभ एक ही छत के नीचे सुगमता से मिल सकेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शीतला देवी, प्रधान प्रतिनिति सर्वेश सिंह, पूर्व प्रधान सत्येंद्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अनिल कुमार यादव, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक मिश्रा, कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी


फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक

# बजरिया में बिजली के पोल में उतरे करंट से दो गायों की दर्दनाक मौत

**आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया इलाके में रविवार को बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई। सड़क किनारे लगे एक विद्युत पोल में करंट उतरने से दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने मृत गायों को सड़क पर रखकर करीब एक घंटे तक जोरदार हंगामा और प्रदर्शन किया। बजरिया निवासी एक युवक अपनी गायों को सड़क से लेकर गुजर रहा था। इसी दौरान गायें एक बिजली के खंभे की चपेट में आ गईं, जिसमें पहले से करंट दौड़ रहा था। अपनी गायों को तड़पता देख युवक ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, जिससे उसे भी करंट का हल्का झटका लगा, लेकिन गायों को बचाया नहीं जा सका। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने शवों को


स्थानीय लोगों से वार्ता करती पुलिस

बीच सड़क पर रखकर यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत निगम के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों और प्रांत अध्यक्ष सनी गुप्ता ने बताया कि घटना के तुरंत बाद छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों तक को कॉल की गई, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। एक स्थानीय युवक ने रोष जताते हुए कहा कि जिस तरह बिजली विभाग छापे मारता है, उसी तरह खंभों में दौड़ रहे लीकेज करंट की भी जांच होनी चाहिए। अगर कोई बच्चा इसकी चपेट में आता तो बड़ा हादसा हो सकता था। जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपकर संबंधित अवर अभियंता को सस्पेंड करने और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नगर संयोजक साहिल मिश्रा, निहाल, दीपक और सागर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए शहर कोतवाली पुलिस और बिजली विभाग के एसडीओ मनीष तत्काल मौके पर पहुंचे। शहर कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि करंट की चपेट में आने से दो गायों की मौत हुई थी और लोगों ने जाम लगाने का प्रयास किया था। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और गायों के शवों को वहां से हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवा दिया है।

# मुख्यमंत्री ने रसोइयों के 1000 रुपये की वृद्धि, योजना का हुआ शुभारंभ

**सांसद ने 15 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा के कार्ड किये प्रदान**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रविवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री रसोइया सम्मान समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण फतेहगढ़ स्थित जे0जे0आर0 पैलेस सहित जनपद की प्रत्येक विधानसभा में किया गया। मुख्यमंत्री ने रसोइयों को दो बड़ी सौगातें देते हुए उनके मानदेय में 1000 रुपये की वृद्धि की घोषणा की और मुख्यमंत्री रसोइया कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने का निर्णय लिया। कल्याणकारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत प्रदेश के बेसिक एवं


रसोइया को सम्मानित करते सांसद आदि

माध्यमिक विद्यालयों अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित सहित में कार्यरत रसोइया और उनके आश्रित परिवार लाभान्वित होंगे। जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 4080 से अधिक रसोइयों के परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। योजना के तहत प्रति लाभार्थी अनुमानित 3000 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। योजना का क्रियान्वयन साचीज के माध्यम से किया जाएगा। इसके तहत सरकारी और साचीज से सम्बद्ध निजी अस्पतालों में अस्पताल में भर्ती होने पर मुफ्त इलाज मिलेगा। कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग और जटिल सर्जरी सहित लगभग 1900 से अधिक उपचार पैकेजों को इसमें शामिल किया गया है। फतेहगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत और जिला पंचायत प्रशासक मोनिका यादव ने 15 रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा सुविधा के कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ सहित भारी संख्या में रसोइया, शिक्षक और लाभार्थी मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### सदस्य कृषक समृद्धि आयोग आज जनपद में रहेंगे भ्रमण पर

**फर्रुखाबाद।** 24 अगस्त को जनपद में सदस्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कृषक समृद्धि आयोग उ0प्र0 शासन कुलजीत सिंह अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। सदस्य संबंधित अधिकारियों एवं कृषक प्रतिनिधियों के साथ कृषि एवं कृषकों से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वाह्न 11:30 बजे कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सर्किट हाऊस सभागार में विभागीय योजनाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। किसानों के लिए खाद, बीज एवं पंजीकृत खाद की दुकानों, गौशालाओं एवं जार्जपुर बंजारा फार्म का निरीक्षण किया जाएगा। अपराह्न 03 बजे सर्किट हाऊस सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित होगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों से संबंधित योजनाओं, कृषि व्यवस्थाओं तथा विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### एक हफ्ते से खराब पड़ी डीपी, बरमाइन के ग्रामीण परेशान

**ककरबई (झांसी)।** थाना ककरबई क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरमाइन में माता मंदिर के पास टूटी प्रजापति के बाड़े के समीप रखी विद्युत डीपी करीब एक हफ्ते से खराब पड़ी है। इसके चलते आसपास के उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि इस डीपी से जुड़े अधिकांश विद्युत कनेक्शन हनुमान जी मंदिर के पास के क्षेत्र में हैं। डीपी खराब होने से इस क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति प्रभावित है।समाजसेवी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि डीपी खराब होने के बाद उन्होंने लगातार चार दिनों तक संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन कर समस्या से अवगत कराया। लगातार फोन करने के बाद एक बार लाइनमैन मौके पर जांच करने पहुंचा और उसने डीपी खराब होने की बात बताई। इसके बाद भी डीपी को ठीक कराने या बदलने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई।ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक हफ्ते से बिजली की समस्या बनी हुई है। उमस भरी गर्मी और बरसात के मौसम में बिजली न होने से परेशानी और बढ़ गई है। रात के समय अंधेरा रहने के कारण जहरीले कीड़े-मकौड़ों का डर बना रहता है,जिससे छोटे बच्चों को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं।समाजसेवी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि पावर हाउस ककरबई और गुरसरांय के संबंधित कर्मचारियों को भी कई बार जानकारी दी जा चुकी है,लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर नई डीपी लगाकर विद्युत आपूर्ति सुचारु कराई जाए,ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गया गाजरघास जागरूकता सप्ताह

**बांदा।** अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना के तहत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित जागरूकता सप्ताह में विद्यार्थियों, शिक्षकों व शोधार्थियों को गाजर घास के दुष्प्रभावों, पहचान, प्रबंधन एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही छात्र-छात्राओं को गाजरघास संबंधी जागरूकता फिल्म दिखाई गई। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना अंतर्गत जागरूकता सप्ताह आयोजित हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व शोधार्थियों को गाजर घास के दुष्प्रभावों, पहचान, प्रबंधन और नियंत्रण के प्रति जागरूक करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (जबलपुर) द्वारा तैयार की गई जागरूकता फिल्म दिखाई गई। कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो.जीएस पंवार ने कहा कि गाजरघास (पार्थेनियम घास) को कांग्रेस घास भी कहते हैं। इसके बीज लंबे समय तक मिट्टी में जीवित रहते हैं। कार्यक्रम समन्वयक डा.दिनेश साह व कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डा.गुरुशरण पंवार ने गाजरघास के प्रभाव व प्रबंधन पर चर्चा की।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन

**मोबाइल को बताया खतरनाक नशा: मिथलेश अग्रवाल**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सर्च लाईट भवन बीबीगंज में रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने आध्यात्मिकता, नशा मुक्ति और समाज में बढ़ती कुरीतियों पर अपने विचार रखे। विधायक सुशील शाक्य, डा0 मिथलेश अग्रवाल, साध्वी सुलभा भारती, बी0के0 मंजु बहन और भ्राता सुरेश गोयल मंचासीन रहे। संचालन कुमारी राधिका मेहरोत्रा ने किया तथा कुमारी अनायरा वर्मा ने सुंदर भाव नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। बी0के0


बालिका को सम्मानित करते विधायक व अन्य

नीलम, पूनम, भावना, श्यामा, मिथलेश एवं अनीता बहन ने सभी अतिथियों का तिलक, पुष्पमाला और पट्टे द्वारा भव्य स्वागत किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी में विषय-विकारों से मुक्त होने के लिए ज्ञान का इंजेक्शन, पवित्रता की औषधि एवं योग द्वारा निरोग जीने की कला व शिक्षा दी जाती है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज महिलाओं को सशक्त, समाज को चरित्रवान एवं आध्यात्मिक बनाने वाली सर्वोच्च संस्था है। मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि मोबाइल भी एक खतरनाक नशा है। इसके कारण परिवारों में तनाव, हिंसा और दूरियां बढ़ रही हैं, जिससे लोगों का वृद्धाश्रमों की ओर जाना बढ़ रहा है। साध्वी सुलभा भारती ने कहा कि कई मठ-मंदिरों में जाने के बावजूद, इस विश्व विद्यालय में परमात्मा के रंग में रंग कर जीने का उन्हें एक अनूठा अनुभव मिला। केन्द्र संचालिका बी0के0 मंजु बहन ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार धूप लगने से खाद्य पदार्थों के कीटाणु दूर हो जाते हैं, उसी प्रकार परमात्मा के साथ रहने से समस्त प्रकार के रोग, विकार, चिंता और भय स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने संस्था द्वारा चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्त भारत महाअभियान के बारे में जानकारी दी।

निरंतर प्रयासों से विश्वभर में 2 करोड़ से अधिक लोगों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया है, जो कि भारत सरकार को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम सहयोग है।

# दिव्यांग से 14 लाख की जमीन हड़पने का आरोप

**मारपीट कर दी धमकी**

**पीड़ित पुलिस के लगा रहा है चक्कर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र से धोखाधड़ी और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। नगला खानसिंह निवासी एक दिव्यांग ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने उसकी 14 लाख रुपये की जमीन का छल-कपट से बैनामा करा लिया और रकम मांगने पर घर में घुसकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। एसपी से शिकायत करने के बाद भी दबंगों पर कोई कार्यवाही


जानकारी देता पीड़ित

नहीं की गई। पीड़ित ने बताया कि दो बार विधायक व दो बार एक भाजपा के वरिष्ठ नेता के पास भी अपनी फरियाद कर चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### 3 वर्षीय मासूम से चाचा ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात एक तीन वर्षीय मासूम के साथ उसके चाचा द्वारा दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब आठ बजे बालिका अपने घर की छत पर खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसे अकेला पाकर उसके चाचा ने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद मासूम रोते हुए अपनी मां के पास पहुंची और आपबीती सुनाई। परिजनों ने जब बालिका की स्थिति को गंभीर पाया, तो वे तुरंत उसे लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने तुरंत उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलते ही मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बालिका को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बच्ची की मां ने चाचा के खिलाफ दुष्कर्म की थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दविश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया, साथ में दो किशोरों को भी पूछताछ के लिए थाने ले आए। फोरेंसिक टीम ने युवक व किशोरों से सैंपल एकत्रित किए। थाना पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है।

# छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन व जीवनरक्षक के कौशल

**एनडीआरएफ ने चलाया जागरूकता अभियान**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ गाजियाबाद के कमांडेंट सुदेश कुमार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के समन्वय से जनपद में प्री-मानसून तैनाती पर कार्यरत एनडीआरएफ की टीम द्वारा लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पंडित दुर्गा प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।


छात्रों को जागरुक करती एनडीआरएफ टीम

कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीआरएफ के टीम कमांडर सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव ने किया। एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, अग्निकांड और आकाशीय बिजली के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। भूकंप के समय सुरक्षित रहने के लिए ड्रॉप, कवर एवं होल्ड तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। छात्रों व शिक्षकों को सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट और प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी गई। गले में भोजन या कोई वस्तु फंस जाने की स्थिति में बचाव के तरीके बताए गए। घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और स्ट्रेचर के सही उपयोग का लाइव डेमो दिया गया। टीम ने बताया कि आपदा से पहले, आपदा के दौरान और आपदा के बाद किन-किन विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और टीम भावना के साथ काम करने के तरीके भी सीखे। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण से बच्चों में आपदा के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। टीम कमांडर रमाकांत यादव ने सभी से अपील की कि आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और सजगता से काम लें। सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव उन्होंने विश्वास जताया कि ये प्रशिक्षित और जागरूक छात्र भविष्य में स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चित्रकूट गांव में घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**सड़क किनारे पन्नी तानकर रहने को मजबूर ग्रामीण**

**समृद्धि न्यूज, अमृतपुर।**

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते अमृतपुर क्षेत्र के चित्रकूट गांव में बाढ़ का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। घरों में पानी भर जाने के कारण ग्रामीण सड़क किनारे पन्नी तानकर रहने को मजबूर हैं। बाढ़ की स्थिति ने ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष बाढ़ का पानी पहले की अपेक्षा अधिक आया है। पानी घरों में घुस जाने से रहने और घरेलू सामान को सुरक्षित रखने की समस्या


सड़क पर पन्नी तानकर रहते ग्रामीण

खड़ी हो गई है। कई परिवारों ने मजबूरी में सड़क किनारे पन्नी तानकर अस्थायी ठिकाना बना लिया है और वहीं दिन-रात गुजार रहे हैं। ग्रामीण महिला विमला और उनकी बेटी रामबेटी ने बताया कि इस बार बाढ़ का पानी काफी अधिक है। पानी घरों के अंदर तक पहुंच गया है, जिसके चलते परिवार को सड़क पर पन्नी तानकर रहना पड़ रहा है। घर में रहने की स्थिति नहीं बची है। बाढ़ के कारण खाने-पीने के सामान और घरेलू जरूरतों को लेकर भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ की मार से ग्रामीणों के साथ उनके रिश्तेदार भी परेशान हैं। गांव में शादी के बाद पहली बार त्योहार पर मायके आई बेटी जब अपने घर और आसपास बाढ़ का पानी देखती है तो वह भी परेशान हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे पन्नी के नीचे रहना उनकी मजबूरी बन गई है। बारिश और बाढ़ के बीच खुले में रहने से छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने, आवश्यक खाद्य सामग्री और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बाढ़ शरणालय भी बनाए गए हैं, ताकि घरों में पानी भरने की स्थिति में ग्रामीण सुरक्षित स्थान पर रह सकें।

हालांकि चित्रकूट गांव के कई ग्रामीण शरणालयों में जाने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि घर छोड़कर जाने पर घरेलू सामान, अनाज और अन्य जरूरी सामान की सुरक्षा की चिंता बनी रहेगी।

# मृतक बृजनंदन लाल जाटव के परिजनों को अखिलेश यादव ने भेजी आर्थिक सहायता

**सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, परिजनों को सौंपी चेक**

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**

ग्राम बराबिकू निवासी साधारण किसान बृजनंदन लाल जाटव की दुखद मृत्यु के मामले में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और न्याय की लड़ाई में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार खेत में सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बनाए जा रहे दबाव के कारण बृजनंदन लाल जाटव मानसिक रूप से बेहद परेशान थे। घटना के दौरान लेखपाल द्वारा रिश्वत से संबंधित 70 हजार लिखी एक पर्ची उनकी जेब में डाली गई, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और मौके पर ही उनका निधन हो गया था।

समाजवादी पार्टी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

कायमगंज विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और बृजनंदन लाल जाटव की पत्नी गीता देवी, पुत्र आर्यन जाटव, युग जाटव और बेटी कशिश और प्रतीक्षा को पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा 50 हजार रुपये की चेक सहायता के रुप में भेजी जो सौंपी।

सर्वेश अंबेडकर ने पूरे प्रकरण की जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी। घटना पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत किसान को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पीड़ित परिवार की सहायता के लिए 50,000 की आर्थिक सहायता भेजी।

जिसे वह स्वयं परिवार के बीच लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर लोकतांत्रिक संघर्ष में साथ खड़ी रहेगी।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी सहित बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान परीक्षा में 4200 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से 4 विभिन्न केंद्रों पर सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 4204 छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति और पुरस्कार पाने के लिए पूरे उत्साह और मेहनत के साथ भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर केंद्र पर सीनियर वर्ग में 1236 व जूनियर वर्ग में 1030, कमालगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 359 व जूनियर वर्ग में 287, राजपुर में एसआरआरएस पब्लिक इण्टर कॉलेज में सीनियर वर्ग में 324 व जूनियर वर्ग में 274 व शाहजहांपुर भरगांवा में अवंतीबाई इंटर कॉलेज केंद्र पर सीनियर वर्ग में 391 में जूनियर वर्ग में 303 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा दो वर्गों में आयोजित हुई जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 9 प्रातः 9 से 10 बजे तक तथा सीनियर वर्ग कक्षा 10 से पारस्नातक तक प्रातः 11 से 12 तक हुई। छात्रों ने छात्रवृत्ति व पुरस्कार पाने के लिए खूब मेहनत की। परीक्षा में समसामयिक, राजनीति, खेलकूद, तार्किक योग्यता, भूगोल, इतिहास, गणित आदि के प्रश्नों को शामिल किया गया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही है। संस्थान द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया जाता है। परीक्षा का परिणाम सीनियर वर्ग छात्रों का 25 अगस्त, छात्राओं का 31 अगस्त एवं जूनियर वर्ग का 2 सितम्बर को एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की शाखाओं पर घोषित होगा। प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से प्रवेश लेने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ ही पुरस्कार भी प्रदान किया जायेगा। 50 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विजयी छात्रों को मेगा पुरस्कार के रूप में साईकिल, प्रथम पुरस्कार के रूप में मिक्सी, द्वितीय पुरस्कार के रूप में इलेक्ट्रिक केटल, सांत्वना पुरस्कार के रूप में दीवाल घडी प्रदान की जाएगी।


परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी

### अधिष्ठिता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का हुआ पूजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट निकट दुर्वासा ऋषि आश्रम गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन, गंगा दीपदान कार्यक्रम का 642वां आयोजन श्रावण मास समापन रविवार पर समिति के समिति के अधिष्ठिता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ के पावन सानिध्य व समिति की अधिष्ठात्रि भगवती गंगा के पवित्र गोद में समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत, से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की।

# नगला पंजाबा में सामूहिक यज्ञ, वैदिक सत्संग का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**


हवन में आहुतियां डालते लोग

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे श्रावणी वेद प्रचार महोत्सव के अंतर्गत याकूतगंज क्षेत्र के ग्राम नगला पंजाबा में सामूहिक यज्ञ एवं वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता करते हुए यज्ञ में श्रद्धापूर्वक आहुतियां प्रदान कीं। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि वेद केवल पूजा-पद्धति का ज्ञान नहीं देते, बल्कि मनुष्य को संगठन, एकता, सद्भाव और कर्तव्य का संदेश देते हैं। जिस प्रकार परिवार में आपसी संगठन और प्रेम के अभाव में परिवार बिखर जाता है। उन्होंने कहा कि वेद सामाजिक एकता का स्पष्ट संदेश देते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वेदों के ज्ञान से जुड़ना चाहिए और वैदिक विचारों को अपने जीवन एवं परिवार में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज अनेक युवा नशे और मादक पदार्थों की गिरफ्त में आ रहे हैं। यदि आने वाली पीढ़ी को इस संकट से बचाना है तो घर-घर वैदिक सत्संग, यज्ञ और संस्कारों का वातावरण तैयार करना होगा। बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार, अनुशासन और जीवन-मूल्यों की शिक्षा भी देना आवश्यक है।

कार्यक्रम में आचार्य रामप्रकाश आर्य, देवेंद्र प्रकाश आर्य, अजीत आर्य, सुबोध, धर्मपाल, अजित, रामप्रकाश, संदीप, हीरालाल, रामतीर्थ, सतेंद्र, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

### 20 सितम्बर को होगी सर सैयद अहमद स्कालरशिप की प्रतियोगिता परीक्षा



**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ की डॉ0 अनवर अहमद खान की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित बैठक में सर सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप प्रतियोगिता 20 सितम्बर को 10 बजे से कराए जाने का निर्णय लिया गया। सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि एसोसायटी के द्वारा हर साल सर सैयद अहमद स्कालरशिप की प्रतियोगिता परीक्षा कराई जाती है। जिसमें करीब 50 से अधिक मुस्लिम छात्र-छात्राओं छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल शील्ड व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया जाता है। इस साल भी सोसायटी के द्वारा सर सैयद अहमद स्कालरशिप की प्रतियोगिता परीक्षा 20 सितम्बर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक फतेहगढ़ के इस्लामिया जुनियर हाईस्कूल हाथीखाना, हाजी अख्तर हुसैन रहमानी कालेज, जफरुल इस्लाम पब्लिक स्कूल जरारी कमालगंज, रफीकुल उलूम स्कूल मोहम्मदाबाद, सुल्तान आलम खान मेमोरियल पब्लिक स्कूल कायमगंज जिले के इन पांच परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी पर फूटा गुस्सा

**सीएमओ की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद शाखा की बैठक मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण में अधिकारियों द्वारा बरती जा रही घोर लापरवाही और उनके उदासीन रवैये पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान चिकित्सा प्रतिपूर्ति मेडिकल बिल पास करने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनावश्यक रूप से अड़ंगेबाजी करने पर कड़ी आलोचना की गई। इसके साथ ही संगठन ने निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से तय किया कि आगामी 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर 75 वर्ष से अधिक आयु के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता मनीष चंद्र दीक्षित ने की व संचालन विनोद कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश निराला, प्रभूदयाल, राजीव कुमार बाजपेयी व राजीव सक्सेना, राममोहन भल्ला, नन्दकिशोर शर्मा, विनोद कुमार उपाध्याय, राजेश वैश्य, शिवकांत कुशवाहा, ब्रह्मदेव मिश्रा, उमाशंकर राठौर, नवाब सिंह यादव आदि शामिल रहे।


संबोधित करते प्रभुदयाल

### प्रभागीय निदेशक ने स्वच्छता अभियान में लिया भाग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में डीएम के निर्देशन में सावन माह के चलते गंगा घाट पांचाल घाट पर गंगा योद्धाओं के द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार ने घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं दुकानदारों एवं अन्य लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वह अपने स्तर से गंगा को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग करें। जिस तरह से गंगा में स्नान करने से हम स्वयं को स्वच्छ करते हैं, उसी तरह से गंगा तट को स्वच्छ रखने से हम गंगाजल को स्वच्छ रखेंगे। निहारिका पटेल ने युवाओं के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाकर घाट पर फैली गंदगी, कूड़ा करकट, प्लास्टिक, पॉलिथीन कपड़े इत्यादि को साफ करके कूड़े का निस्तारण किया गया।

# संत रविदास जयंती पर निकली कलश यात्रा



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम के क्रम में रविवार को अतरौली क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा गांव से कलश यात्रा निकाली गई। भरावन ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने कलश लेकर यात्रा में सहभागिता की और जंगलीशिव महादेव मंदिर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। भाजपा द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा के माध्यम से उनके विचारों और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### भिटौरा के लिए विशाल कांवर यात्रा रवाना



**फतेहपुर।** नवयुवक कांवरिया संघ के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विशाल कांवर यात्रा भृगु धाम भिटौरा के लिए रवाना हुई। इस दौरान रथ में विराजमान भगवान शंकर व नंदी जी की पूजा अर्चन करने के बाद ढोल ताशे की धुन पर व डीजे की धुन पर नाचते गाते कांवरिया रवाना हुए। यह यात्रा पिछले 22 वर्षों से लगातार सावन के अंतिम सोमवार पर रविवार को भृगुधाम भिटौरा के लिए रवाना होती है और अगले दिन यानी कि सोमवार को गंगाजल लेकर सभी कांवरिया ताम्बेश्वर मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हैं। इस अवसर पर अरुणा त्रिपाठी, सविता अवस्थी, आयुष अवस्थी, वीरेंद्र मिश्रा, करुणेश, धर्मपाल, पवन, निक्की चौरसिया, राजा माली, संदीप केसरवानी, रवि, महेंद्र केसरवानी, छोटू चौरसिया, शालिनी वाजपेई, चेतन बाजपेई, अंकित मिश्रा, राहुल मिश्रा, सरवन कुमार, मिलन, गुन्नू, बबलू तिवारी, पुत्तीलाल हलवाई, शिवम सहित बड़ी संख्या में लोग कांवरिया लेकर यात्रा में शामिल हुए।

### भाकियू टिकैत गुट के असोथर ब्लॉक अध्यक्ष बने दीपू मिश्रा बने



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में नहर कॉलोनी में संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने भाग लिया। वही बैठक में असोथर ब्लाक अध्यक्ष के पद पर दीपू मिश्रा पुत्र जगतपाल मिश्रा निवासी असोथर का मनोनयन किया गया। इस दौरान उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया तो वही मलवां ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मोहित सिंह चंदेल की ताजपोसी की गई। इस अवसर पर किसान हित में कार्य करने की अपील भी की गई। वहीं असोथर ब्लाक अध्यक्ष दीपू मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरीके से उन पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने विश्वास किया है वह उस पर पूरा खरा उतरने का काम करेंगे और उनकी कोशिश होगी कि वह असोथर ब्लाक के तमाम किसानों की समस्याओं को हल करने का भी काम करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिसमें अशोक उत्तम, रामसहाय पटेल, सुरेन्द्र सिंह,नागेन्द्र सिंह, यूसुफतबरेज़ वारसी, मुन्ना शेख सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाबा बागेश्वर की निकली भव्य शोभायात्रा



**फतेहपुर।** कसौंधन वैश्य सेवा समिति, द्वारा बाबा बागेश्वर की शोभा यात्रा पटेल नगर चौराहा से निकाली गई। ततपश्चात रुद्राभिषेक कार्यक्रम रामा श्याम मैरिज हाल,में सम्पन्न हुआ।पूजन कार्यक्रम मे कसौंधन वैश्य समाज फ्तेहपुर के सभी लोगो ने सपरिवार बाबा बागेश्वर का पूजन अर्चन किया। पूजन के पश्चात अपनें समाज् के बुजुर्गो का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् हाईस्कूल व इंटर मीडिएट परीक्षा के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। समाज के अध्यक्ष अजय कुमार( सद्दाम) व जिला महामंत्री रमाशंकर कसौंधन ने कहा कि कसौंधन वैश्य समाज को एकजुट कर निर्बल असहाय लोंगो को मदद की जाएगी और समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया जाएगा। अन्त में बच्चों की सांस्क्रतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में रामकिशोर, राम नारायण, प्रेमचन्द्र, रामबाबू, राहुल, अशोक, बिल्लू, रामभवन, रुद्र शंकर, आर्यन, महेश कसौंधन आदि उपस्थित रहे।

### संगीत महासंग्राम के ऑडिशन में दिखा सिंगिंग डांसिंग का हुनर

**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।** इंडियन इवेंट सॉल्यूशन्स के बैनर तले जिले की सबसे पुरानी सांस्कृतिक प्रतियोगिता संगीत महासंग्राम के सीजन 9 का पहला ऑडिशन कॉलेज रोड स्थित सोल ऑफ डांस एकेडमी में हुआ। मुख्य संरक्षक समाजसेविका निम्मी अरोड़ा, संस्थापक डॉ मनीष सिंह सेंगर, डांसिंग जज़ मॉडल दीक्षा श्रीवास्तव, इवेंट डायरेक्टर राहुल कश्यप, एकेडमी संचालिका कामना तोलानी आदि ने गणपति महाराज और माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया। संस्थापक डॉ मनीष सेंगर ने बताया संगीत महासंग्राम का पहला सीजन 2005 में हुआ था जिसमे उन्नाव के लाडले अंतरराष्ट्रीय गायक विशाल मिश्रा जूनियर ग्रुप के विजेता बने थे और सीनियर ग्रुप की विजेता वोमेनिया बैंड की डायरेक्टर स्वाती सिंह बनी थी।

# भारतीय महाविद्यालय में दिलायी गई नशा मुक्ति की शपथ

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाई गई तथा सीमित नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने नशा को जहर की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि यह देखकर आश्चर्य होता है की नशा के दुष्परिणाम चारों तरफ दृष्टिगत है, इसके बावजूद भी लोग नशा करते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 आलोक बिहारी लाल ने नशा को समाज एवं कुल को बर्बाद करने वाला कारक बताया। उन्होंने कहा की नशा न केवल व्यक्ति के लिए घातक है वर्णन इसके दुष्परिणाम परिवार समाज व आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ता है।

वरिष्ठ शिक्षक डॉ0 विवेक सिंह ने कहा की अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम न नशा करेंगे और न ही किसी को नशे की लत में आने देंगे। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण शिक्षक नीरज कुमार द्विवेदी के द्वारा आयोजित किया गया तथा रैली में प्रतिभाग करने वालों में डॉ0 धनंजय कुशवाहा, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 समीर कुमार गुप्ता, डॉ0 प्रेम शंकर पांडे, डॉ0 रमाशंकर, डॉ0 मधुप कुमार, विवेक शुक्ला, बलराम सिंह, सर्जेश कुमार, प्रतिभा तथा छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए।



शपथ लेते शिक्षक

### परम संत कृपाल सिंह महाराज का 52वां बरसी श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित



**समृद्धि न्यूज़, बांगरमऊ (उन्नाव)।** सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा राजिंदर आश्रम, गंजमुरादाबाद में परम संत कृपाल सिंह महाराज का 52 वां बरसी भंडारा अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने हिस्सा लिया और गुरु महाराज के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। मुख्य सत्संग कर्ता गुलशन भल्ला (लखनऊ) ने संतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा संत इस संसार को राह दिखाने और जीवों को आध्यात्मिक उत्थान प्रदान करने के लिए आते हैं। उनके उपदेशों पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। इस अवसर पर रामबालक, राजेंद्र प्रसाद, जगजीवन, लक्ष्मी गुप्ता, सरला देवी, किरण देवी, शिव शंकर, मदनलाल, प्रमोद और देवी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

सत्संग समाप्ति के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भव्य लंगर प्रसाद का वितरण किया गया द्य जिसमें भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में गोपाल रस्तोगी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सेवादारों, आगंतुकों और भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजयोग केंद्र में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व समारोह



**समृद्धि न्यूज़, बांगरमऊ (उन्नाव)।**

नगर के ब्लाक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र में आज रविवार को रक्षाबंधन का पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने सभी जिज्ञासुओं को पांच विकारों से मुक्ति पाने की शपथ दिलाई। केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार इन पांच विकारों के वशीभूत होकर आज का समाज अपार दुःख में डूबा हुआ है। इन्हीं विकारों के कारण समाज में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है।उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार केवल भाई बहन तक ही सीमित नहीं है। बल्कि सभी मनुष्य मात्र को स्वयं की बुराइयों से रक्षा करने की जरूरत है। तभी हम एक भय मुक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। बुराइयों से अपनी रक्षा स्वयं करें तो समाज में किसी तरह के विवाद नहीं हो सकते। उन्होंने रक्षाबंधन पर्व का मर्म भी बताया। कहा कि सर्वप्रथम पांचों विकारों के बंधन से स्वयं की रक्षा करना है और आत्मा व परमात्मा का ज्ञान प्राप्त कर सर्वसमाज को विकारों के बंधन से मुक्त कराना है। तभी भारत में सतयुग का आगमन संभव है। उन्होंने सभी जिज्ञासुओं की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे एक-एक अवगुण का त्याग करने की प्रतिज्ञा ली। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रंजीत कुमार ने कहा कि सभी भाई-बहनों को परमात्मा का सच्चा ज्ञान प्राप्त कर स्वराज्य अधिकारी बनना है। स्वराज्य अधिकारी का अर्थ अपनी ज्ञानेंद्रियों पर विजय प्राप्त कर उन्हें आदि सनातन देवी-देवता धर्म के श्रेष्ठ मत की ओर अग्रसर करना है।

# देश के कल्याण के लिए भाजपा जरूरी: अशोक अग्रवाल

**बाबा कुबेरनाथ पहुंचे एमएलसी का जोरदार स्वागत**

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

भरावन के भुलभुला स्थित बाबा कुबेरनाथ धाम में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा में रविवार को सम्मिलित होने पहुंचे एमएलसी अशोक अग्रवाल का नारियाखेड़ा बॉर्डर पर समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। नारियाखेड़ा बॉर्डर पर किसान नेता बीरप्रकाश सिंह बीरू व रोहित सिंह ने एमएलसी अशोक अग्रवाल को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद प्रधान रामशंकर यादव, गुनीराम चौरसिया, गंगा प्रजापति, वीरपाल यादव, गोल्डी पांडे, राजेश यादव, अनुराग निगम, विक्रम बाजपेई ने माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। यहां से भुलभुला के कुबेरनाथ पहुंच कर शिव महापुराण कथा का श्रवण किया। इसके बाद मंडल महामंत्री दीपक भदौरिया के आवास पर आयोजित संगठन के कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि देश और समाज के कल्याण के लिए भाजपा जरूरी है। मोदी और योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश ने दिन दूने रात चौगुने तरक्की की है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर, मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान, दीपक भदौरिया, राजू पांडे, सुनील तिवारी, राममोहन गोस्वामी, हरिहर सिंह, दीपक गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विधायक अलका अर्कवंशी ने महीठा में सड़क का किया भूमिपूजन

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**



पिछले 80 साल के दर्द की दवा मिली तो महिठा के बाशिंदों की बांछे खिल उठी। महिलाओं ने अपनी विधायक को गले से लगा लिया। मौका महीठा में सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम का था। सण्डीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी रविवार को भरावन ब्लॉक की ग्राम पंचायत महीठा के कल्याणखेड़ा से रायपुर सड़क का भूमिपूजन करने पहुंची थीं। भरावन के कल्यानखेड़ा महीठा में 80 साल से जर्जर मार्ग का दुख झेल रहे थे। पीढियां बीत गई लेकिन सड़क की आशा पूरी नही हो सकी थी। सण्डीला विधायक के प्रयासों से सड़क का सपना साकार हुआ। 67 लाख 45 हजार की लागत से नई सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसी का भूमि पूजन करने पहुंची विधायक को गांव की महिलाओं ने गले से लगा लिया। करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग से तीन जिलों को जोड़ने वाले क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। विधिवत भूमिपूजन के बाद विधायक ने कहा कि वह स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें इस महत्वपूर्ण मार्ग के शुभारंभ का अवसर मिला। कहा कि 50 गांवों के हजारों लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लालता प्रसाद अर्कवंशी, ओमप्रकाश अर्कवंशी, अवर अभियंता सुनील कुमार, ओमप्रकाश रावत, दिनेश रावत, प्रधान ठाकुर प्रसाद, आयुष अर्कवंशी, सर्वेश तिवारी, सुनील पांडे सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरण कैंप संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोग्य दर्पण के तत्वावधान में रविवार, 23 अगस्त 2026 को सरसौल ब्लाक अंतर्गत खुजऊपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण कैंप का सफल आयोजन किया गया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार वर्मा जी, डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, कानपुर ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला! उन्होंने ग्रामीणों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करने की अपील की।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।**

डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वरूप नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब पांच वर्षो से फरार चल रहे 65 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त प्रदीप शर्मा, निवासी गाजियाबाद बताया जा रहा है। डीसीपी सेंट्रल के अनुसार आरोपी ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार होकर अंडरग्राउंड हो गया था। आखिरकार स्वरूप नगर थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई को थाना स्वरूप नगर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद, उप निरीक्षक संकित तोगड़, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सिंह, शैलेंद्र सिंह, तुषार अवस्थी, महिला उप निरीक्षक किरन, हेड कांस्टेबल विपिन सिंह चौहान एवं चालक एसआई बलबीर सिंह की टीम ने अंजाम दिया।



### कानपुर में बारावफात जुलूस की तैयारियों का अपर पुलिस आयुक्त किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, कानपुर।** आगामी बारावफात पर्व के अवसर पर प्रस्तावित जुलूस को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा ने रामलीला मैदान, कोतवाली एवं बेकनगंज क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

### सूचना

मेरे पति स्व0 रमाकांत मिश्रा की बीमा पॉलिसी चल रही है। जिसकी संख्या 265194131 है। पुष्पा मिश्रा उर्फ नीलम मिश्रा पत्नी स्वर्गीय रमाकांत मिश्रा दोनों ही मेरे नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**पुष्पा मिश्रा उर्फनीलम मिश्रा पत्नी स्वर्गीय रमाकांत मिश्रा निवासी ग्राम बसेली पोस्ट उखरा, जिला फर्रुखाबाद**

# तस्करी की 2.91 लाख रुपये कीमत की मालकिस्ट बिस्किट बरामद

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध एवं अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशानुसार एवं रवीन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी निचलौल के निकट पर्यवेक्षण में थाना ठूठीबारी पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है।आज मनीष कुमार तिवारी मय हमराह हे.कां. धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवं कां. गौरव पासवान द्वारा एसएसबी रोड, भंसवलिया के पास संदिग्ध



व्यक्ति/वस्तु/वाहन की चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन संख्या UP56T4359 को रोककर चेक किया गया।इस दौरान वाहन से 8 गत्तों में कुल 480 पीस मालकिस्ट बिस्किट बरामद हुआ। जिनकी अनुमानित कीमत 2,91,600 रुपया (दो लाख इक्यानबे हजार छह सौ रुपये) है। मौके से वाहन चालक अखिलेश जायसवाल उर्फ सनेही पुत्र उमेश जायसवाल, निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द, थाना ठूठीबारी, जनपद महराजगंज, उम्र करीब 26 वर्ष को हिरासत पुलिस में लिया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में धारा 113 कस्टम अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बारिश न होने से धान की फसल पर झुलसा रोग का प्रकोप

**महाराजगंज।** अधिकांश धान की फसल रेणे की अवस्था में है। ऐसे में तेज धूप का प्रकोप जारी है और बारिश नदारद है।जिसके चलते जनपद के बड़े भूभाग की फसल पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। तमाम किसान निजी साधनों से डीजल फूंक कर खेतों में पानी भरने का कार्य कर रहे हैं इन सब के बीच बीपी 5204 तथा एच एम 1020 जैसी प्रचलित प्रजातियों में झुलसा रोग का प्रकोप तेजी से फैलने लगा है। किसान झुलसा रोग से निजात पाने के लिए दवा का छिड़काव करने में जुटे है। उल्लेखनीय है कि जनपद में कुछ दिनों के अंतराल पर खंडित बारिश की स्थिति है। कही कही हल्की बारिश हो रही है।जिन क्षेत्रों में कुछ बारिश हुई है वहां कुछ राहत है। लेकिन बड़े भूभाग में बारिश न होने के चलते धान की फसल प्रभावित हो रही है। किसान सुबह से शाम तक पंपसेट के द्वारा खेतों में पानी भरने में लगे हैं। वहीं जिन किसानों के धान में झुलसा रोग लग गया है। वे दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। किसानों के अनुसार तेज धूप और गर्मी के बीच बारिश न होने के कारण धान की फसल पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

# सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों व पत्रकारों का सम्मान

- साक्षी ट्रेडर्स के तत्वावधान में अम्बुजा सीमेंट डीलर अजय राय ने भेंट किए उपहार

**भांवरकोल।** क्षेत्र के कुंडेसर गांव में साक्षी ट्रेडर्स की ओर से सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों एवं पत्रकारों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अम्बुजा सीमेंट के डीलर अजय राय ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सद्भावना व्यक्त करते हुए उपस्थित सामाजिक लोगों एवं पत्रकारों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अजय राय ने कहा कि समाज के निर्माण में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकार जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाकर समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का सम्मान करना उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक



छोटा-सा प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द एवं आत्मीयता का माहौल रहा। सम्मान प्राप्त करने वाले लोगों ने साक्षी ट्रेडर्स एवं अजय राय के इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पत्रकार बृज नारायण पाठक, डॉ. अशोक उपाध्याय, ब्रह्मानंद पांडेय, जयशंकर राय, बरमेश्वर राय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डोहरिया कला के शहीदों को श्रद्धांजलि, विधायक प्रदीप शुक्ला ने किया नमन

- गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ ध्वजारोहण
- 20 लाख रुपये की लागत से तिरंगा स्तंभ का शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़, सहजनवां गोरखपुर।**

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 23 अगस्त 1942 को डोहरिया कला में हुए ऐतिहासिक जनआंदोलन और शहादत की स्मृति में रविवार को शहीद स्मारक परिसर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने अमर शहीदों को नमन करते हुए शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर के साथ ध्वजारोहण किया गया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और अमर शहीदों की जयकार से गूंज उठा।

समारोह में वक्ताओं ने डोहरिया कला के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान से प्रेरित होकर क्षेत्र की जनता अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन में कूद पड़ी थी। 23 अगस्त को डोहरिया कला में आयोजित विशाल जनसभा में करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लेकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ आजादी का उद्घोष किया था।

आंदोलन को दबाने के लिए तत्कालीन ब्रिटिश पुलिस ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला दीं। गोलीकांड में नौ लोग शहीद हुए, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल और अपंग हुए। इसके बाद अंग्रेजी हुकूमत ने डोहरिया कला सहित



डुमरी, पाली, मधवापुर और आसपास के गांवों में दमनात्मक कार्रवाई की। डोहरिया कला को आग के हवाले कर दिया गया, लेकिन स्वतंत्रता की लौ बुझी नहीं और क्षेत्रवासियों का संघर्ष जारी रहा।

**शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा: प्रदीप शुक्ला–** श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि डोहरिया कला की धरती वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा अपने भीतर समेटे हुए है। यहां के अमर शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

20 लाख की लागत से बनेगा भव्य तिरंगा स्तंभ । शहीदों की स्मृति को स्थायी और भव्य स्वरूप देने के लिए विधायक प्रदीप शुक्ला ने 20 लाख रुपये की लागत से तिरंगा स्तंभ बनाए जाने की घोषणा की। समारोह के दौरान तिरंगा स्तंभ का शिलान्यास भी किया गया। इस पहल का उपस्थित लोगों ने स्वागत करते हुए विधायक का आभार जताया। इस अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन की वीरगाथा को लोकगीत के माध्यम से भी याद किया गया–

चाहे करु केतनो उपाई,  
भल-भल मजवा उड़वले एहि देसवा में।  
अब जइहें कोठियां बिकाई,  
लड़इया नाहीं जितबो ये फिरंगियां।

**शहादत की विरासत को संजोना जरूरी: उपजिलाधिकारी:** पजिलाधिकारी नमन मेहता ने कहा कि डोहरिया कला की शहादत केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए पूर्वांचल की जनता के अदम्य साहस, त्याग और संघर्ष का प्रतीक है। ऐसे ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करना और नई पीढ़ी को इनके गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# झपट्टामारी गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार, 7 मोबाइल बरामद

**कुशीनगर।** जनपद के कसया पुलिस ने झपट्टामारी की घटना का खुलासा कर 7 अदद मोबाइल बरामद करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध के चलाए जाए रहे अभियान के क्रम में 23 अगस्त को कसया पुलिस टीम ने स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुअसं 517/2026 का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों अभिषेक कुमार पुत्र बृजा मुखिया, चुम्मन कुमार पुत्र भरत बिन्द निवासी सिसवा मंगलपुर थाना श्रीनगर जिला पश्चिमी चम्पारण बेतिया बिहार को गिरफ्तार किया तथा अभियुक्तों के कब्जे झपट्टामारी किये गये 7 अदद मोबाइल अलग अलग कम्पनियों के बरामद किया। उल्लेखनीय है कि बीते 15 अगस्त को एक महिला बाजार करने आई थी और मोबाइल पर बात करते हुए जा रही थी। तभी पीछे से पल्सर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस टीम ने अभियुक्तों के निशानदेही पर 7 अदद मोबाइल झपटेमारी के अलग-अलग कम्पनी के, अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (पल्सर) बरामद किया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ मुअसं. 517/2026 धारा 304(2), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष इत्यानन्द पाण्डेय, उनि रुद्र प्रताप सिंह, कां. चन्द्रेश यादव, कां.विजेन्द्र यादव, रि.का. अरुण गिरी शामिल रहे।

# गैंगस्टर मो. नब्बे पर शिकंजा 15 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नवाबगंज थाना क्षेत्र के शातिर गिरोहबंद अभियुक्त मो. नब्बे उर्फ नईम उर्फ नजमे आलम की 15 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया। जब्त की गई संपत्तियों में उसकी मुख्य इमारत न्यू राजधानी होटल भी शामिल है। पुलिस आयुक्त न्यायालय कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। आरोपी मो. नब्बे (निवासी मुबारकपुर, थाना नवाबगंज) पर आरोप है कि उसने अपराध जगत से अवैध रूप से धन अर्जित कर अपनी पत्नी, रिश्तेदार इरम बानो और बेनामीदार रवि चौरसिया के नाम पर संपत्तियां खरीदी थीं। उपमुख्यमंत्री ने शहर में बरसात के कारण हुए जलजमाव के कारणों के बारे में जानकारी लिए जाने पर नगर आयुक्त के द्वारा जलजमाव के कारणों एवं जल निकासी के लिए किए गए उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही साथ आगे इस प्रकार के जल-भराव की स्थिति न हो, इसके लिए बनायी गयी कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में शहर में इस तरह के जलजमाव की स्थिति न हो, इसके लिए स्थायी समाधान हेतु फूलप्रूफ कार्ययोजना बनायी जाये। बैठक में गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई के द्वारा किए गए कार्यों के सम्बंध में लोगो के द्वारा शिकायत किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री ने गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों का पुनः स्थलीय निरीक्षण करते हुए जो कमियां हो, उनको ठीक कराते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये।

## नगर में जलजमाव को लेकर डिप्टी सीएम ने जतायी कड़ी नाराजगी

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सर्किट हाउस के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ सहित अन्य बिंदुओं की

- फुलप्रूफ योजना बनाने के निर्देश
- बाढ़ एवं जलजमाव को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

गहनता से समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जाकर फसल के हुए नुकसान का सर्वे करने एवं पीड़ितो को शीघ्रता से मुआवजा दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ग्राम समिति की बैठक में ग्रामीण समस्याओं के समाधान का लिया गया संकल्प

**समृद्धि न्यूज, घघसरा, गोरखपुर।**

पाली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सुरदही में ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रास्ते, मेड़, नाली, पानी के बहाव तथा बच्चों के आपसी विवाद जैसी समस्याओं पर चर्चा कर उनके शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया जाएगा।

ग्राम समिति की ओर से जारी सूचना में कहा गया कि छोटे-छोटे विवादों को लेकर पुलिस अथवा अन्य विभागों तक मामला पहुंचने से ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार दोनों पक्षों को थाने बुलाए जाने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाता और विवाद और अधिक जटिल हो जाता है।



ग्रामीणों ने कहा कि गांव की समस्याओं का समाधान आपसी सहमति, संवाद और भाईचारे के माध्यम से किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर विवादों को गांव स्तर पर शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में अभिभावकों की सहमति से गांव के कुछ गणमान्य व्यक्तियों का चयन किया जाएगा, जो विवादों में मध्यस्थता कर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास करेंगे। ग्राम समिति द्वारा ग्रामीणों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी फिरोज खान ने कहा कि गांव की एकता और भाईचारा सबसे महत्वपूर्ण है। छोटे विवादों को आपसी बातचीत से सुलझाने का प्रयास होना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर ऋषि कपूर, मंटू कुमार, राजवंत, सूरज कुमार, भगवान दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिरनो पुलिस ने नाजायज तमंचा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गाज़ीपुर।** जनपद के थाना बिरनो पुलिस द्वारा 1 नाजायज 315का तमंचा व एक.0315 बोर जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ.नि. सुनील कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मीरपुर नहर पुलिया के पास से अभियुक्त प्रांशु कुमार पुत्र अखिलेश कुमार को एक अदद नाजायज .0315 बोर तमंचा व एक अदद .0315 बोर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना बिरनों पर मुअसं 176/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# अपहरण एवं दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा गंभीर प्रवृत्ति के अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मेंथाना भिटौली पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि थाना भिटौली पर दिनांक 22 अगस्त2026 को मु.अ.सं. 175/2026 धारा 137(2)/65 (1)/87/351(3) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग में



वांछित अभियुक्त बादल द्वारा थाना क्षेत्र भिटौली के ग्राम बलुआ में अपनी बुआ के घर रह रही नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जाने के संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना भिटौली पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त को दिनांक 23.8.2026 को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# हंसराज मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के बाद प्रसूता की मौत

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

कसया नगर स्थित हंसराज मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के बाद एक प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। महिला के पति ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने, हालत बिगड़ने के बाद भी समय से रेफर नहीं करने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित पति ने कसया थाने में लिखित तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बलिया जिले के धनपालिया गांव निवासी प्रमोद यादव की पत्नी अन्नू यादव (28) गर्भवती थीं। प्रमोद यादव वर्तमान में कुशीनगर पर्यटन थाने में सिपाही के पद पर तैनात बताए गए हैं। तहरीर के मुताबिक, अन्नू यादव का इलाज कसया स्थित हंसराज मेमोरियल हॉस्पिटल में चिकित्सक डॉ. पिंकी सिंह की देखरेख में चल रहा था। पति प्रमोद यादव ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 22 अगस्त की शाम करीब तीन बजे पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर वह उन्हें लेकर हंसराज मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचे थे। अस्पताल में भर्ती करने के बाद चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया। शाम करीब 4:30 बजे प्रसव के बाद बच्ची का जन्म हुआ। तहरीर में बताया गया है कि प्रसव के बाद रात करीब आठ बजे तक अन्नू यादव की हालत सामान्य थी। इसके बाद इंजेक्शन और दवाएं दिए जाने के बाद उनकी तबीयत अचानक खराब होने लगी। पति का आरोप है कि पत्नी की हालत लगातार बिगड़ने की जानकारी देने के बाद भी अस्पताल में

- पति ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- कसया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

मौजूद चिकित्सकों ने समय रहते उन्हें किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर नहीं किया। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार पत्नी को रेफर करने का अनुरोध किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि रात करीब 11 बजे डॉ. पिंकी सिंह के पति डॉ. विवेक सिंह अस्पताल पहुंचे। पति का आरोप है कि रेफर करने की बात कहने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, रात करीब 1ः30 बजे अस्पताल में ही अन्नू यादव की मौत हो गई। इसके बाद जब वह पत्नी को अस्पताल से बाहर ले जाने लगे तो आरोप है कि उन्हें मुख्य गेट पर रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एंबुलेंस चालक को बाहर कर दिया गया और एंबुलेंस का जीपीएस भी बंद करा दिया गया। प्रमोद यादव ने तहरीर में बताया कि उन्होंने अस्पताल से पत्नी के इलाज की हिस्ट्री और बीटीएच रिपोर्ट मांगी, लेकिन उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने गाली-गलौज करने, नौकरी से बर्खास्त कराने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं।पति के मुताबिक, पत्नी की हालत गंभीर होने पर वह अपने भाई और एंबुलेंस चालक की मदद से किसी तरह अस्पताल का गेट खुलवाकर उन्हें लेकर दूसरे अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी और सरकारी एंबुलेंस से पत्नी को गोरखपुर एम्स की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रमोद यादव ने आरोप लगाया कि पत्नी की मौत के बाद नवजात बच्ची को भी अस्पताल में लावारिस अवस्था में छोड़ दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर कसया थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी कसया इत्यानंद पांडेय का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान मिले तथ्यों, चिकित्सकीय अभिलेखों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बाराचवर का किया स्थलीय निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बाराचवर का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की स्थिति को देखते हुए वृहद मरम्मत हेतु निदेशालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। छात्राओं ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित वार्डन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्राओं को समय से मेनू के



अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय में कुल नामांकित छात्राओं के सापेक्ष 53 छात्राएं उपस्थित मिलीं। विद्यालय में खराब पंखों को तत्काल रिपेयर कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान छात्राओं के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए एसडीएम मुहम्मदाबाद को क्षेत्र पंचायत अथवा ग्राम पंचायत के माध्यम से विद्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट बनवाने के निर्देश दिए। छात्राओं द्वारा खो-खो कोर्ट बनवाने का अनुरोध किए जाने पर सहमति प्रदान की। जिलाधिकारी ने छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं की आंखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही डीबीटी का भुगतान शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, बेहतर आवासीय सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं तथा खेलकूद की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं को चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गाजीपुर में कल लगेगा रोजगार मेला

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिला सेवायोजन अधिकारी ने सूचित किया है कि ''उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन'' के अधीन जनपद गाजीपुर के अधिक से अधिक रोजगार तलाशने वाले युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से दिनांक 25 अगस्त, 2026 को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर(कैम्पस) में आयोजित किया जायेगा। इस मेला में देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों- हिन्डालको, सुब्रोस, एवं ग्लोबल आटो टेक, ग्लोबल एल्यूमिनियम, आदि में विभिन्न पदों पर वेतन सीमा रु. 15000.00 से 23999.00 तक प्रतिमाह (CTC) पर निःशुल्क भर्ती किया जायेगा। इसमें, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेला में 18 से 30 वर्ष तक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। नियोजक/कम्पनियों द्वारा अपने रिक्तियों सम्बन्धी समस्त विवरण विभागीय वेबसाइट रोजगार संगम पोर्टल-https://rojgaarsangam.up.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करा कर इच्छुक कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार अपना आवेदन कर, उक्त मेला में प्रातः 10.00 बजे समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों/छाया प्रति के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। विस्तृत जानकारी हेतु हेल्प लाइन नं.- 155330 या जिला सेवायोजन कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते है।